रजिस्ट्री सं. डी.---(डी एन)---73

REGISTERED NO. D---(DN)---73

24 MAR 1982

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 8] नई दिल्ली, शनिवार फरवरी 20, 1982 (फाल्गुन 1, 1903)

No 8] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 20, 1982 (PHALGUNA 1, 1903)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	195
भाग I—खंड 2—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	227
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	3
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गयी सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	201
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खंड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खंड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खंड 3 (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी में प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खंड 3 या खंड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खंड 1—उच्चतम न्यायालय, महालेखा परीक्षक संघ लोक सेवा आयोग, रेलवे प्रशासनों, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	2051
भाग III—खंड 2—पैटेन्ट कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं और नोटिस	63
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन अथवा द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं	77
भाग III—खंड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गयी अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	683
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा विज्ञापन और नोटिस	45
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दिखाने वाला अनुपूरक	*

*पृष्ठ संख्या प्राप्त नहीं हुई

1—461GI/81

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence ..	195
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Apprpointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)	227
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Resolutions and non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	3
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	201
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A.—Authoritative text in the Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3.—SUB-SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories) ..	*
PART II—SECTION 3(iii).—Authoritative texts in Hindi (other than such texts published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules and Statutory Orders (including bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by General Authorities (other than Administrations of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence ..	*
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Supreme Court, Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administrations, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	2051
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	63
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	77
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	683
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	45
PART V—Supplement showing statistics of Birth and Deaths etc. both in English and Hindi ..	*

*Folio Nos. not received

भाग I—खण्ड 1
PART I—SECTION 1
(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं
[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जनवरी 1982

सं. 10-प्रेज/82—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को उनकी असाधारण कर्त्तव्यपरायणता अथवा साहस के कार्यों के लिये "सेना मैडल"/"आर्मी मैडल" प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं :—

मेजर ओंकार नाथ दूबे (आई सी 13059)
राजपूत।

मेजर ओंकार नाथ दूबे, राजस्थान के बाड़मेर जिले में बालोतरा में जुलाई, 1979 में बाढ़ राहत कार्यों के लिए नियुक्त सैनिकों के प्रभारी अधिकारी थे। नगर का सब ओर से सम्पर्क टूटा हुआ था और उसके चारों ओर गांव जलमग्न थे और वहां पर मकान तथा झोंपड़ियां ढह गई थीं। नगर के लोगों का विश्वास बनाए रखने के लिए मेजर दूबे ने साहस और कुशलता के साथ तत्काल राहत और बचाव कार्यों की व्यवस्था की। इन्होंने बड़े कारगर ढंग से वाणिज्य पदार्थों के वितरण की व्यवस्था करके व्यापारियों की पूरी-पूरी सहायता की।

इसी दौरान इन्हें पता लगा कि बाढ़ ग्रस्त लूनी नदी के पार एक मंदिर की छत पर बैठे लगभग 20 व्यक्ति घिरे हुए थे। मंदिर 4-1/2 मीटर पानी में डूबा हुआ था। मेजर दूबे एक नौका लेकर दो जवानों के साथ बाढ़ में फंसे हुए व्यक्तियों के बचाव के लिए चल पड़े। रास्ते में इनकी नौका तेज धार में बह गई। बिना घबराए ये नदी में कूद पड़े और नौका को धार से निकालने में सफल हुए और उसे मंदिर तक ले गए और वहां फंसे हुए व्यक्तियों को निकाल लाए।

इस कार्रवाई में मेजर ओंकार नाथ दूबे ने साहस नेतृत्व और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

मेजर हरदयाल सिंह गिल (आई सी 18040)
महार।

4 अप्रैल, 1979 की श्रीनगर में भारत और पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षण दल के मुख्यालय पर नारे लगाते हुए एक अनियंत्रित भीड़ ने हमला कर दिया था। इस संगठन में भारतीय सैन्य सम्पर्क अधिकारी मेजर हरदयाल सिंह गिल, मुख्यालय की इमारत की सुरक्षा के सर्वकार्य भारी अधिकारी थे। स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए, इन्होंने इमारत की सुरक्षा के लिए एक स्वतन्त्र परिवहन पलटन के कार्मिकों तथा अपने अधीन गार्ड्स को संगठित किया। जब स्थिति और गम्भीर हो गई तो भीड़ को नियंत्रण में लाने के लिए इन्होंने अपने जवानों को आत्म रक्षा में गोली चलाने का आदेश दिया ताकि भीड़ इन जवानों और वाहनों तथा इमारत को आगे नुकसान न पहुंचा सके। ये अपने दल को प्रेरित करते हुए एक कोने से दूसरे कोने तक आते-जाते रहे और कुमक पहुंचने तक पांच घंटे से अधिक समय तक भीड़ को रोके रहे।

इस कार्रवाई में मेजर हरदयाल सिंह गिल ने दृढ़ निश्चय साहस और उच्च कोटि के नेतृत्व का प्रदर्शन किया।

मेजर त्रिलोक सिंह रावत (आई सी 14642)
सिख।

मेजर त्रिलोक सिंह रावत, नागालैंड के पोचरी क्षेत्र में दूर-दूर फैली सीमा चौकियों के कमांडर रहे हैं। इन चौकियों के कमांडर के रूप में इन्हें सीमा के आर-पार गैर-कानूनी घुसपैठ रोकने और उस क्षेत्र के निवासियों को सभी सम्भव सहयोग और सहायता देने का काम सौंपा गया था।

मेजर रावत ने उस क्षेत्र में बहुत सुनियोजित ढंग से अपने सैनिक तैनात किए और बार-बार चौकियों का दौरा किया जिससे सीमा पर पूरी नाके बन्दी की स्थिति हो गई। इन्होंने कई सार्वजनिक कार्यक्रमों का आयोजन किया और स्थानीय लोगों के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध स्थापित किए। एक घटना में, उनकी तत्काल कार्रवाई से एक गांव के काफी बड़े भाग को आग से नष्ट होने से बचा लिया गया। इससे स्थानीय लोगों में सुरक्षा सेनाओं के प्रति सद्भावना बढ़ी।

इस प्रकार मेजर त्रिलोक सिंह रावत ने पहल शक्ति और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

मेजर अक्कनतु मथाई मैथ्यू (वी 157)
रिमांउन्ट एण्ड वैटेरिनरी कोर।

मेजर अक्कनतु मथाई मैथ्यू ने अति दुर्गम तथा ऊंचे-ऊंचे भू-भागों में से घोड़ों पर सवार होकर श्रीनगर से लेह तक 434 किलोमीटर लम्बे क्षेत्र को पार करने के एक साहसिक तथा जोखिम-पूर्ण अभियान की योजना बनाई और उस पर चल पड़े। उनके नेतृत्व में एक अभियान दल को जिसमें तीन अफसर और तीन अन्य रैंक थे, पहली सितम्बर, 1978 को श्रीनगर से विदा किया गया।

इस अभियान दल को पग-पग पर अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। 3 सितम्बर, 1978 को जोजीला क्षेत्र में शिलाखण्ड गिरने से घोड़े तथा उनके सवार बहुत अधिक भयभीत हो गए थे। निर्जन ढलानों पर जाने वाले ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों पर बने रास्तों से भी दल को काफी असुविधाएं हुईं। रास्ते में मेजर मैथ्यू को पेशाब में खून आने के खतरनाक लक्षण दिखाई देने लगे। अपनी बीमारी को प्रकट किए बिना ये अपने अभियान दल के इसी रोग से पीड़ित दो अन्य सदस्यों की देख-भाल करते रहे और अपने दल के साथियों को शारीरिक कष्टों को झेलने में प्रेरित करते रहे। इस तरह भारी कठिनाइयों का साहस के साथ मुकाबला करते हुए मेजर मैथ्यू ने अपने दल का नेतृत्व किया और 8 सितम्बर, 1978 को यह दल लेह पहुंच कर अपने मिशन में सफल हो गया।

इस प्रकार मेजर अक्कनतू मथाई मैथ्यू ने पहल शक्ति, दृढ़ निश्चय, सूझ बूझ शक्ति और असाधारण कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

मेजर अनिल भोला (आई सी 18796)

8 गोरखा राइफल्स।

11 फरवरी, 1978 को यह पता लगा कि विरोधियों का एक सशस्त्र गिरोह जो पड़ोसी देश में चला गया था, मिजोरम में घुसने का प्रयत्न कर रहा था। उस गिरोह को रोकने का कार्य मेजर अनिल भोला को सौंपा गया।

मेजर अनिल भोला ने अपनी कम्पनी को संगठित किया और अपने मिशन पर चल दिए। अपने पास उपलब्ध राशन पर गुजारा करते हुए विरोधियों की खोज में ये और इनके जवानों ने 500 किलोमीटर से अधिक लम्बे दुर्गम जंगलों और चट्टानों से भरे भू-भागों को पैदल पार किया। इस खोज कार्य में जो मार्च तक जारी रहा, इन्होंने घोर कठिनाईयां झेलीं। मेजर भोला के प्रेरक नेतृत्व से खोज के कार्य का संचालन दृढ़ता से संभव हुआ जिससे विरोधियों को भागते रहने पर मजबूर होना पड़ा और जिसके परिणामस्वरूप गिरोह के नेता को पकड़ लिया गया।

इस कार्रवाई में मेजर अनिल भोला ने नेतृत्व, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

कैप्टन सुरेश चन्द्र मोहन (आई सी 28636)

सेना सेवा कोर।

19 फरवरी, 1979 को उत्तरी सैक्टर में सेना सेवा कोर बटालियन की एक यूनिट के पास से बह रहे एक चौड़े नाले के बीच इंजीनियर रेजीमेंट के दो अन्य रैंक फंस गये। कैप्टन सुरेश चन्द्र मोहन को संकटग्रस्त व्यक्तियों के बचाव के कार्य को संगठित करने के लिए नियुक्ति किया गया।

कैप्टन सुरेश चन्द्र मोहन ने नाले के दूसरी तरफ रस्सी फेंकवाई और फंसे हुए उन जवानों की ओर बढ़े। आगे बढ़ते-बढ़ते एक बार वे खुद पानी की क्षुब्ध धार की चपेट में आ गए और उसके विरुद्ध कड़ा संघर्ष करके गहरे पानी में बहने से बच सके। अन्त में वे असहाय व्यक्तियों के पास पहुंचे और रस्सी की सहायता से उन्हें एक एक करके बाहर निकाल लाए।

इस प्रकार कैप्टन सुरेश चन्द्र मोहन ने साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

कैप्टन हरीश चन्द्र श्रीवास्तव (आई सी 29656)

आर्मी आर्डनेंस कोर।

ट्रांसपोर्ट नगर, कानपुर में 11 मई, 1979 को आग लग गई। आग बुझाने के लिए सेना की सहायता मांगने पर सैंट्रल आर्डनेंस डिपो के फायर मास्टर को अपने जवानों और आग बुझाने के उपकरणों को लेकर सिविल फायर ब्रिगेड की सहायता करने के लिए घटना स्थल पर जाने का आदेश दिया। घटनास्थल पर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि जिस शेड में कीमती सामान रखा हुआ था वह लगभग पूरी तरह आग से घिर गया था और सिविल फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में सफलता नहीं मिल रही थी।

कैप्टन हरीश चन्द्र श्रीवास्तव ने सिविल पुलिस और फायर ब्रिगेड के कार्मिकों से उस क्षेत्र की घेराबन्दी करवा कर आग बुझाने के कार्य को अपने हाथ में लिया और अपने जवानों को कार्रवाई करने का आदेश दिया। अपने जवानों को आग से जल रहे शेड के निकट जाने में हिचकते देख कर वे स्वयं आग बुझाने की एक गाड़ी की सीढ़ी पर चढ़ कर संलग्न शेड की दीवार पर चढ़ गए। इससे उनके जवानों को प्रेरणा मिली और उन्होंने बिना डरे आग बुझाने का कार्य आरम्भ कर दिया। आग पर नियंत्रण पाने के लिए चार घंटे लगातार प्रयास करना पड़ा और उसे पूरी तरह से बुझाने के लिए तीन घंटे और लगे।

इस कार्रवाई में कैप्टन हरीश चन्द्र श्रीवास्तव ने साहस, व्यावसायिक कुशलता और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

कैप्टन पदुबिदरी लक्ष्मीनारायण (एम. एस. 9986)
सेना चिकित्सा कोर।

कैप्टन पदुबिदरी लक्ष्मीनारायण को चम्पावत क्षेत्र में सक्रिय इन्फैन्टरी बटालियन के साथ सम्बद्ध किया गया था। इस क्षेत्र में चट्टानों से भरे भू-भाग थे और जंगल तथा छोटे-छोटे कई नदी नाले थे।

6 मार्च, 1979 को जब यूनिट एक पगडण्डी से गुजर रही थी, एक जवान फिसलकर खड्ड में जा गिरा। कैप्टन लक्ष्मीनारायण फिसलने वाली ढलान से तत्काल नीचे उतरे और बेहोश जवान को बाहर निकालने के कार्य का उन्होंने स्वयं संचालन किया। इसमें कुछ ही आगे दो अन्य सिपाही भी फिसल कर खड्ड में जा गिरे थे। वे दोनों एक चट्टान की तलहटी पर बेहोश पड़े थे। कैप्टन लक्ष्मीनारायण रस्सी की सहायता से खड़ी ढलान पर फिर उतरे और मूर्च्छित जवानों का प्रथमोपचार किया तथा उन्हें गर्म रखने के लिए काफी सुश्रूषा की और उनमें से एक को चेतनावस्था में लाने में सफल हो गए। बाद में, जब जवान उस सिपाही को उठा कर ला रहे थे तो रास्ते में पांच घंटों तक चलने के दौरान मुंह से मुंह लगा कर उसे श्वास देते रहे और उसे भी चेतनावस्था में लाने में सफल हो गए।

इस प्रकार कैप्टन दुबिदरी लक्ष्मीनारायण ने व्यावसायिक कुशलता, साहस तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

कैप्टन सुरेन्द्र सिंह ढाका (आई सी 28423)
आर्मी आर्डनेंस कोर।

17 फरवरी, 1978 को, सेना में सर्दी के मौसम में संक्रियात्मक कार्यों के लिए जिस स्थान पर एक स्काउट कम्पनी स्थित की गई थी वहां भारी हिमस्खलन हुआ जिससे बैरक दबकर टूट गए। इन बैरकों में तोपखाना, छोटे हथियार, गोला-बारूद तथा विस्फोटक रखे हुए थे। गोला-बारूद बर्फ और इमारत के मलबे के नीचे दब गया।

मोबाइल अम्यूनीशन रिपेयर सैक्शन के कमान अफसर कैप्टन सुरेन्द्र सिंह ढाका उस क्षेत्र में मलबे के नीचे दबे गोला बारूद को निकालने के लिए 4 अप्रैल, 1978 को दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। हालांकि उन्हें निर्देश दिए गए थे कि वे वहां खुदाई न करें, परन्तु खतरा होने के बावजूद उन्होंने खुदाई कार्य करवाने का जोखिम उठाया। बर्फ खोदने का काम खुद शुरू करके उन्होंने अपने जवानों को प्रेरित किया तथा दो माह के कठोर परिश्रम के बाद लगभग सारा गोला बारूद पुनः प्राप्त करने में सफल हो गए।

इस कार्रवाई में कैप्टन सुरेन्द्र सिंह ढाका ने नेतृत्व, साहस तथा असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

कैप्टन लाखा सिंह (आई सी 28748)
पैरा।

कैप्टन लाखा सिंह मई/जून, 1978 में किन्नर कैलाश पर जाने वाले पैराशूट पर्वतारोहण अभियान दल के उप नेता थे। अप्रैल, 1978 के दूसरे सप्ताह में गहरी बर्फ में दो दिन तक जूझते हुए उन्होंने प्रस्तावित आधार शिविर स्थल तक के मार्ग

का सर्वेक्षण किया। बाद में जब उन्हें अग्रिम दल को उस स्थल तक ले जाने का काम सौंपा गया तो उन्होंने बड़ी दृढ़ता से उसका मार्गदर्शन किया और आधार शिविर स्थापित करने में सफल हुए। फिर उन्होंने स्वेच्छा से अन्य साथियों के साथ अत्याधिक दरारों वाले हिमखण्डो से प्रस्तावित अग्रिम आधार शिविर तक के मार्ग का पता लगाया। इसके बाद उन्होंने अलग से एक रस्सा डाला और उसके सहारे चोटी तक का मार्ग बना दिया। अग्रिम आधार शिविर पर तेज बर्फीली हवा और कड़ाके की सर्दी के बावजूद वे प्रायः रात को उठ कर टैंट से बाहर आ जाते और टैंटों पर जमी हुई बर्फ को हटा देते। 13 जून, 1978 को कैप्टन लाखा सिंह अपने आदमियों को चोटी पर ले गए और चुनौती देने वाली किन्नर-कैलाश चोटी पर पहुंचने वाले व्यक्तियों में से एक थे।

इस प्रकार कैप्टन लाखा सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

कैप्टन जगदेव सिंह यादव (आई सी 31029)
गोरखा राइफल्स्।

11 अगस्त, 1978 की शाम को सिन्धु नदी में अचानक बाढ़ आ गई, जिससे कियारी (लद्द) के उस अधिकांश निचले इलाके में बाढ़ का पानी फैल गया जहां सेना कि टुकड़ियां स्थित थीं। कैप्टन जगदेव सिंह को 20 जवानों के साथ एक इन्फैन्ट्री बटालियन के कार्मिकों और सरकारी सामान को बचाने का काम सौंपा गया। इससे पहले कि नदी का पानी कोई क्षति पहुंचाता तुरन्त किये गये दृढ़ प्रयत्नों से वे सभी व्यक्तियों और सामान को बचाने में सफल हुए।

12 अगस्त, 1978 को तेजी से बहते हुए बाढ़ के पानी के कारण बांध और नदी के ऊपर बने पुल के पुश्तों में दरार पड़ गई थी और उसके बह जाने का खतरा हो गया था। कैप्टन यादव ने तुरन्त अपने जवानों को संगठित किया और पहाड़ी से पत्थर लाकर दरारें भर दीं।

अगले दिन कैप्टन यादव को मालूम हुआ कि नदी पर बने पुल के बह जाने का खतरा पैदा हो गया। उन्होंने थोड़े ही समय में जिन तटबन्धों के बहने का खतरा था, उनके सामने पत्थर की एक दीवार तैयार कर दी जिससे पुल पर पानी का दबाव कम हो गया। उसी समय नदी के पानी ने कियारी लेह सड़क को काटना शुरू कर दिया जो वहां के निकटवर्ती क्षेत्रों और वहां स्थित सैनिकों के लिए अति महत्वपूर्ण सड़क थी। कैप्टन यादव और उनके जवानों ने दिन भर काम करने से थकने के बावजूद सड़क पर बनी दरार को बन्द कर दिया। उसी दिन वापस आते समय उन्होंने सड़क पर दो जगह भूस्खलन देखे जिनसे सड़क पर यातायात रुक गया था। कैप्टन यादव ने अपने आदमियों को प्रेरित किया और सड़क पर पड़े मलबे को हटाकर उसे साफ कर दिया।

इस प्रकार कैप्टन जगदेव सिंह यादव ने नेतृत्व, दृढ़ निश्चय और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

कैप्टन कर्ण सिंह यादव (एस एस 26884)
कुमाऊं।

कैप्टन कर्ण सिंह यादव अमृतसर सीमा पर चौकी की कमान कर रहे थे। इनकी गश्ती दल को सीमा-रेखा पर अपना अधिकार जमाने और आगे बढ़ रहे दूसरे गश्ती दल को विरोधी की गोलियों से बचाने का काम सौंपा गया था।

14 अक्तूबर, 1978 को सीमा-रेखा की दूसरी ओर से अचानक दूसरे गश्ती दल पर गोलियों की बौछार होने लगी। दूसरे गश्ती दल की सहायता करने के लिए कैप्टन यादव ने अपने जवानों को विरोधी के खिलाफ जवाबी कार्रवाई करने का निर्देश दिए। जब इनके जवान भारी और कारगर गोलाबारी कर रहे थे तो उन्होंने देखा कि विरोधी उनकी टुकड़ी को घेरने की कोशिश कर रहा था। कैप्टन यादव तुरन्त आगे बढ़े और विरोधी पर लाइट मशीनगन से तेज गोला-बारी करने लगे और तब तक इसे जारी रखा जब तक उनके सैनिक सुरक्षित स्थान पर नहीं आ गए।

इस प्रकार कैप्टन कर्ण सिंह यादव ने साहस, दृढ़ निश्चय और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

जे. सी. 48039 सूबेदार चण्डी प्रसाद धूलिया
2 गढ़वाल राइफल्स्।

एक इन्फैन्ट्री बटालियन में सूबेदार चण्डी प्रसाद धूलिया उत्तरी सैक्टर के अग्रिम क्षेत्र में एक प्लाटून की कमान कर रहे थे। 27 जून, 1978 को सूचना प्राप्त हुई कि एक पाकिस्तानी ने नियंत्रण रेखा पार कर ली थी और स्थानीय लोगों से सेना के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करने की कोशिश कर रहा था। सूबेदार धूलिया अपने पांच अन्य साथियों के साथ तुरन्त घुसपैठिये की खोज में चल पड़े और रात के अंधेरे में दुर्गम मार्ग को तय करने के बाद एक गांव में उसका पता लगा लिया। एक घर में घुसपैठिए को अचानक दबोच कर वे अकेले ही उससे भिड़ गए हालांकि वह हथियारों से पूरी तरह लैस था। बाद में पता चला कि गिरफ्तार घुसपैठिया एक अनुभवी जासूस था।

इस कार्रवाई में सूबेदार चण्डी प्रसाद धूलिया ने साहस, तत्परता और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

जे. सी. 64646 सूबेदार भाग सिंह
सिख लाइट इन्फैन्ट्री।

झरोदा कलां के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल केन्द्र पर उस केन्द्र के आन्दोलनकारी कार्मिकों ने कब्जा कर लिया था और पता चला था कि उन्होंने केन्द्र के हथियारों को आपस में बांट लिया था ताकि यदि उन्हें वहां से निकालने की कोशिश की जाए तो वे उसका मुकाबला कर सकें। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ग्रुप केन्द्र, झरोदा कलां, के शस्त्रागार से उठाए गए हथियारों और गोला बारूद को वापस लेने का काम एक इन्फैन्ट्री बटालियन को सौंपा गया।

सूबेदार भाग सिंह उस कम्पनी में थे जिसे शस्त्रागार की चार दीवारी घेर कर और तारों को काट कर उस पर कब्जा करने का काम सौंपा गया था। जैसे ही इनकी प्लाटून शस्त्रागार के नजदीक पहुंची तो भवन की छत के ऊपर पोजीशन लिए हुए हथियार बंद केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के आन्दोलनकारियों ने इन पर गोली चलानी शुरू कर दी। यह देखते हुए कि आन्दोलनकारियों की ओर से गोलियां चलने की वजह से इनकी प्लाटून आगे बढ़ नहीं पा रही है सूबेदार भाग सिंह उस क्षेत्र में आन्दोलनकारियों की गोलियों की परवाह न करते हुए भवन के बीच में स्थित सीढ़ियों की ओर भागते हुए बढ़े, सिढ़ियां चढ़े और छत के ऊपर आन्दोलनकारियों पर धावा बोल दिया और उन्हें तुरन्त निरस्त्र कर दिया।

इस कार्रवाई में सूबेदार भाग सिंह ने अनुकरणीय साहस, प्रेरणात्मक नेतृत्व और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

एन वाई ए (13719109) नायब सूबेदार धनीराम
जाक राइफल्स्।

नायब सूबेदार धनीराम को तीन अन्य रैंकों के साथ उत्तरी क्षेत्र में नियंत्रण रेखा और उसके आस पास के अग्रिम क्षेत्रों की गश्त लगाने का काम सौंपा गया था। सूबेदार धनी राम ने अपनी सामान्य गश्त लगाने की ड्यूटी के साथ साथ स्वयं ही उस क्षेत्र के

स्थानीय लोगों से विदेशी एजेंटों अथवा इस क्षेत्र के निवासियों को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का पता लगाना भी शुरू कर दिया। इन जांचों के दौरान इन्हें इस बात का संकेत मिला कि एक व्यक्ति कुछ दिन पहले अधिकृत कश्मीर चला गया है और वह 30 अप्रैल/1 मई, 1979 की रात को वापस लौटेगा।

नायब सूबेदार धनीराम ने इस बारे में अपने कम्पनी कमांडर को सूचित किया और उनकी अनुमति मिलने पर वे उस व्यक्ति के लौटने के सम्भावित मार्ग पर किसी उपयुक्त स्थान की टोह लेने चले गए। जैसे ही संदिग्ध व्यक्ति दिखायी दिया इन्होंने उसे ललकारा और आदेश दिया कि यदि उसके पास कोई हथियार हो तो उसे छोड़ दे। समर्पण करने के बजाय उस क्षेत्र की स्थलीय रूप-रेखा की पूरी-पूरी जानकारी का लाभ उठा कर बच निकलने के प्रयास में वह व्यक्ति भाग पड़ा। नायब सूबेदार धनीराम की गोली चलाने की चेतावनी भी उसको भागने से नहीं रोक पाई। नायब सूबेदार धनीराम और इनके तीनों जवान इससे विचलित नहीं हुए और सारी रात पीछा करने के बाद ये उसको अगली सुबह पकड़ने में सफल हो गए।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार धनीराम ने कौशल, दृढ़ निश्चय और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

जे. सी, 83873 नायब सूबेदार गुरचरन सिंह सिधु आर्टिलरी।

नायब सूबेदार गुरचरन सिंह सिधु ने काम्बेट कन्ट्रोल कैबिन के वरिष्ठ संचालक का प्रशिक्षण सोवियत संघ में प्राप्त किया था। हाल ही में इन्होंने अत्यन्त कठोर परिश्रम किया तथा इस उपस्कर के प्रचालन में सराहनीय दक्षता प्राप्त कर ली। कार्मिदल के वरिष्ठ सदस्य के रूप में इन्होंने न केवल स्वयं इस जटिल उपस्कर के चलान में दक्षता प्राप्त की है अपितु अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी इस कार्य में दक्षता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया है तथा उनका उचित मार्गदर्शन भी किया है।

इस प्रकार नायब सूबेदार गुरचरन सिंह सिंधु ने दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया है।

जे. सी. 78410 नायब सूबेदार दिनकर मास्के इंजीनियर्स।

नायब सूबेदार दिनकर मास्के को लकमा के सुगर सैक्टर में बहुत ऊंचाई पर स्थित एक चौकी में पानी के लिए पाइप लाइन बिछाने के काम का प्रभारी अफसर बनाया गया था। यह चौकी एक ऐसे क्षेत्र में स्थित थी जहां पर भूमि तथा चट्टानों का स्खलन बहुत तेजी से होता था और लगातार रुक-रुक कर वर्षा होती थी और बर्फ भी पड़ती रहती थी। पानी की पाइप लाइन बिछाने का काम हो रहा था लेकिन जो पाइप लाइन पहले बिछा दी गई थी वह अभी जमीन के ऊपर ही थी और बर्फ से ढक गई थी। नायब सूबेदार मास्के के नेतृत्व में एक दल और तीन सैपर बर्फ साफ करने और खाई खोद कर पाइप लाइन दबाने के काम के लिए निकले ताकि उसे खराब होने से बचाया जा सके।

पहली सितम्बर, 1979 को जिस समय नायब सूबेदार मास्के बर्फ से ढकी पाइप लाइन को साफ करने में व्यस्त थे तो इन्हें एक चीख सुनाई दी और इन्होंने देखा कि एक अन्य रैंक नीचे खड्ड में गिर गया था। ये तुरन्त एक रस्से की सहायता से उस खड्ड में उतर कर घटनास्थल पर पहुंचे और एक घण्टे तक कठिन प्रयास करने के बाद उस अन्य रैंक को सुरक्षित स्थान पर निकालने में सफल हुए। इस हिम्मत तोड़ने वाली घटना के बावजूद इन्होंने अपने जवानों को फिर से काम पर जुट जाने के लिए प्रेरित किया और काम को पूरा कर दिखाया।

इस कार्रवाई में नायब सूबेदार दिनकर मास्के ने नेतृत्व, दृढ़ निश्चय तथा उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2644312 हवलदार सज्जन सिंह ग्रेनिडियर्स।

इन्फैन्ट्री बटालियन के हवलदार सज्जनसिंह को विरोधियों के एक गिरोह को पकड़ने के लिए एक गश्ती टुकड़ी का नेतृत्व करने के लिए कहा गया। लगातार तीन दिन और तीन रात ऊबड़-खाबड़ और दुर्गम भू-भागों को पार करने के बाद एक गांव के समीप इन्होंने घात लगाई। जहां ये लोग घात लगाए हुए बैठे थे वहां तीन विरोधी आ गए। विरोधी अवाक् रह गए और उन्होंने जंगल की ओर भागने की कोशिश की। लेकिन हवलदार सज्जनसिंह अपने एक साथी के साथ उन पर झपट पड़े और उन तीनों सशस्त्र विरोधियों को पकड़ लिया जो अपने गिरोह के लिए खाने पीने का सामान और दवाईयां ले जा रहे थे।

इस कार्रवाई में हवलदार सज्जनसिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

13604046 हवलदार दयाचंद पैरा।

इन्फैन्ट्री बटालियन के हवलदार दयाचंद मई-जून, 1978 के दौरान आयोजित सुगर क्षेत्र के किन्नर-कैलाश पैराशूट पर्वतारोहण अभियान दल के एक सदस्य थे। एक अनुभवी पर्वतारोही होने के कारण ये उच्च चोटियों पर युद्ध सम्बन्धी स्कूल में प्रशिक्षक रह चुके हैं। अभियान के दौरान ये हमेशा सबसे आगे रहते थे। अग्रिम दल के साथ रहकर इन्होंने शिविर नम्बर एक तक और उससे आगे मार्ग बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ये एक शिविर से दूसरे शिविर तक भारी सामान उठाकर ले गए। तनाव और विकट परिस्थितियों में भी शांत चित्त रहकर इन्होंने दूसरी बार चोटी पर चढ़ने वाले अपने साथियों को कठिन ढलानों पर मौके पर प्रशिक्षण दिया। यद्यपि 13 जून को किन्नर-कैलाश शिखर से केवल 200 फुट नीचे से वापस लौट आए थे फिर भी ये अपनी ही इच्छा से द्वितीय पर्वतारोहण दल का नेतृत्व करने को तैयार हो गए। 18 जून, 1978 को हवलदार दयाचंद तथा उनके साथ रस्सी ले जाने वाले दूसरे साथियों को कैंप नम्बर एक को बंद करने और उत्तरी रिज के साथ-साथ बंधी रस्सियों को जितनी दूर तक सम्भव हो, खोलने का काम सौंपा गया। मार्ग अत्यधिक खतरनाक होने के कारण यह काम बहुत जोखिमपूर्ण था। लेकिन हवलदार दयाचंद ने अपने साथियों की सहायता से लगभग 75% बंधी हुई रस्सियों को खोलने का कार्य सफलतापूर्वक कर दिया।

इस प्रकार हवलदार दयाचंद ने साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

13719454 लांस हवलदार मोहम्मद अब्दुल्ला बट्ट जाट राइफल्स।

इन्फैन्ट्री बटालियन के लांस हवलदार मोहम्मद अब्दुल्ला बट्ट भारत-बर्मा सीमा पर मिजोरम के दक्षिण में एक गश्ती टुकड़ी की कमान कर रहे थे। 16 नवम्बर, 1978 को इस गश्ती टुकड़ी पर विरोधियों ने अचानक हमला कर दिया। विरोधियों के छोटे हथियारों की भारी गोला-बारी के बीच सुरक्षा की परवाह किए बिना वे अपने जवानों समेत विरोधियों का सामना करते हुए आगे बढ़े और काफी संख्या में विरोधियों को हताहत करने के बाद उन्हें पीछे खदेड़ने में सफल हुए।

इस कार्रवाई में लांस हवलदार मोहम्मद अब्दुल्ला बट्ट ने साहस, नेतृत्व और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

4151384 लांस हवलदार जीत सिंह
कुमाऊं।

इन्फैन्ट्री बटालियन के लांस हवलदार जीत सिंह उस विशेष रूप से रस्सी हुई एक नाव के इन्चार्ज थे जिसे जम्मू और कश्मीर पालनवाला के पास मनवर तवी नदी की दूसरी ओर स्थित अग्रिम चौकियों पर जवानों और सामान को पहुंचाने के लिए उपयोग में आया जाता था।

लांस हवलदार चंदर सिंह नदी में स्थित एक टापू पर गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे थे। 19 फरवरी, 1979 की रात को नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में भारी वर्षा होने के कारण नदी के पानी का स्तर बढ़ने की सम्भावना थी इसलिए दल को वापिस आने के आदेश दिए गए। जब गश्ती दल नाव पर अपने अड्डे पर वापस आ रहा था तो नाव बीच धार में फंस गई। लांस हवलदार जीत सिंह के नाव को निकालने के सभी प्रयास विफल हो गए। गश्ती के सदस्यों के जीवन विकट संकट में थे। ऐसी परिस्थिति में भी शांत और अविचलित रह कर और नाव को सुरक्षित किनारे पर ले जाने का दृढ़ निश्चय कर लांस हवलदार जीत सिंह ने अपने जवानों को ठीक तरह से बैठने के लिए आदेश दिया जिससे नाव का संतुलन न बिगड़े। लेकिन तभी नाव के लंगर की रस्सी पानी के तेज बहाव से टूट गई और नाव जल के तेज प्रवाह के साथ नीचे की ओर चक्कर लगाते हुए बहने लगी। बहने की परवाह न कर इन्होंने नाव को बालू की पट्टी की ओर ले जाने का दृढ़ प्रयास किया। इतने में बालू की पट्टी भी बह गई और नाव नदी की धारा में सीधे नीचे की ओर तेजी से तब तक बहती रही जब तक कि वह पाकिस्तानी क्षेत्र में मारेला हैडवर्क्स के समीप ठहरे पानी में नहीं पहुंच गई। सैन्य दल नाव से मारेला के पास तट पर उतर गया।

इस सारे संकट के दौरान लांस हवलदार जीत सिंह ने नाव को तैरता हुआ रखने के लिए निर्णय लेने में साहस, दृढ़ता और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

4150754 लांस हवलदार चन्दर सिंह
कुमाऊं।

लांस हवलदार चन्दर सिंह उस गश्ती दल के कमांडर थे जिसे नियंत्रण रेखा के दूसरी ओर से संभावित घुसपैठ को रोकथाम करने के लिए भेजा गया था।

19/20 फरवरी, 1979 की रात को जब भारी वर्षा हो रही थी और मनवर तवी नदी में पानी का स्तर बड़ी तेजी से बढ़ रहा था उस समय गश्ती दल अपना काम कर रहा था। स्थिति को भांपते हुए इस गश्ती दल को वापस आने का आदेश दिए गए। परन्तु लौटने का रास्ता नदी की मुख्य जल धारा में से था जहां पर सैनिकों को नदी के आर-पार ले जाने के लिए विशेष रूप से एक नौका रस्सी हुई थी। इस नौका का इन्चार्ज लांस हवलदार जीत सिंह था। नौका गश्ती दल को लेकर जैसे ही आधे रास्ते में पहुंची, नदी का उफनता हुआ पानी नौका को बहाकर ले गया और इस प्रकार नौका में सवार सभी व्यक्तियों की जानें खतरे में पड़ गईं। अन्त में नौका के इन्चार्ज द्वारा बनाई गई योजना से नौका बचा ली गई लेकिन इस कार्रवाई के दौरान यह नौका बहती-बहती मारेला हैडवर्क्स के समीप पाकिस्तानी क्षेत्र में पहुंच गई।

यहां पर नदी की गहराई और पानी का प्रवाह तेज होने के कारण नदी को पार करने का प्रयास छोड़ देना पड़ा। अभी भी अन्धेरा था और लोग हवलदार चन्दर सिंह ने इस अन्धेरे की आड़ लेकर नदी के पश्चिमी किनारे के साथ-साथ चुपके-चुपके चलते रहने का निर्णय लिया तथा अपने साथियों को चेतावनी दे दी कि यदि पाकिस्तानी सैनिकों का सामना करना पड़ जाए तो वे अपने शस्त्रों के साथ तैयार रहें। सुबह होने तक वे पाकिस्तानी क्षेत्र में थे। इन्होंने अपने साथियों को आदेश दिया कि वे बिखर-कर और सारा दिन सरकण्डों के बीच लेट कर छिपे रहें। इन्होंने अगली रात को नदी पार कर अपने देश में आने की योजना बनाई और सैनिकों को लेकर आगे बढ़े और अपनी सीमा की चौकी के समीप एक स्थान पर पहुंच गए। अन्त में हमारे जवानों ने नदी के दूसरी ओर इन्हें देखकर पहचान लिया। बाद में पाकिस्तानी चौकी के कमांडर के साथ बात-चीत करके यह दल पुनः अपनी सीमा में आ गया।

इस कार्रवाई में लांस हवलदार चन्दर सिंह ने साहस, दृढ़ निश्चय और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2555295 नायक बीम्मी कादिरवेलू
मद्रास।

18 अगस्त, 1978 को नायक बीम्मी कादिरवेलू को उत्तरी क्षेत्र में एक सुरंग बिछे क्षेत्र में और सुरंग बिछाने और ट्रिप तारें लगाने का काम सौंपा गया था। अपनी जान की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए ये सुरंग क्षेत्र में गए और सौंपे गए कार्य को पूरा किया। लेकिन सुरंग क्षेत्र से लौटते हुए ये एक सुरंग से टकरा गए और इससे इनका दाहिना पैर ही उड़ गया जिससे ये स्थायी रूप से निश्क्त हो गए।

इस प्रकार नायक बीम्मी कादिरवेलू ने साहस और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

7767166 नायक धरमबीर सिंह चौहान
मिलिटरी पुलिस कोर।

24 नवम्बर, 1978 को, मध्य प्रदेश सब एरिया मुख्यालय, भोपाल, से सम्बद्ध प्रोवो यूनिट के नायक धरमबीर सिंह चौहान को राज भवन से वल्लभ भवन जाने वाले रक्षा मंत्री के मोटर-दस्ते के साथ सुरक्षा दस्ते का इन्चार्ज नियुक्त किया गया था। मोटरों का यह दस्ता जब एक चौराहे पर पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार से एक वाहन आ रहा था और वह पाइंटमैन की चेतावनी के बावजूद उसी सड़क की ओर मुड़ गया जिस ओर से रक्षा मंत्री की मोटरों का दस्ता आ रहा था। वाहन का ड्राइवर नियंत्रण खो चुका था जिससे रक्षा मंत्री की मोटर से टक्कर होने का खतरा पैदा हो गया था।

स्थिति समझते ही नायक धर्मबीर ने अपनी मोटर साइकिल को उस वाहन की ओर बढ़ाया ताकि रक्षा मंत्री की कार से टकराने से पहले ही उसे रोका जा सके। इस कार्य में ये खुद घायल हो गए किन्तु परिणामस्वरूप मोटरों का दस्ता रुक गया और इस प्रकार रक्षा मंत्री की कार दुर्घटनाग्रस्त होने से बचा ली गई।

इस कार्रवाई में नायक धर्मबीर सिंह चौहान ने दूरदर्शिता, साहस और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

13900007 नायक सच्चिदानन्द यादव
आर्मी मैडिकल कोर।

3 नवम्बर, 1978 को लेह में सूचना मिली कि एक गांव के समीप एक हैलिकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था और हैलि-काप्टर के पायलट गंभीर रूप से घायल पड़े थे और उन्हें तत्काल वहां से निकालने की जरूरत थी। घायलों को प्राथमिक चिकित्सा देने और उन्हें समीप के हस्पताल में पहुंचाने के लिए चिकित्सा

अधिकारी के साथ नायक सच्चिदानन्द यादव, एक नर्सिंग असिस्टेंट और मेडिकल बटालियन के एक सदस्य को तुरन्त दुर्घटना स्थल पर भेजा गया।

कथित दुर्घटना स्थल पर पहुंचने पर इस दल ने देखा कि हेलिकाप्टर सिंधु नदी के दूसरी ओर दुर्घटनाग्रस्त हुआ पड़ा था। दल के पास नदी पार करने के लिए न तो कोई शीघ्र उपलब्ध साधन थे और न ही पास में कोई पुल था। पायलटों की जाने बचाने के प्रयास में नायक सच्चिदानन्द यादव ने अपनी जान की परवाह किए बिना नदी को तैर कर पार किया और लगभग 10 किलोमीटर नंगे पैर चलकर दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। वहां पहुंच कर उन्होंने देखा कि जले हुए हेलिकाप्टर के पायलटों की मृत्यु हो चुकी थी। जब तक घायलों को वहां से ले जाने के लिए बचाव कार्य पर तैनात हेलिकाप्टर नीचे उतरा तब तक नायक सच्चिदानन्द यादव ने जले हुए हेलिकाप्टर में से मृत पायलटों के शवों को बाहर निकाल लिया था। केवल इन्हीं के दृढ़ प्रयासों के कारण मृत पायलटों के शवों को वहां से लाना सम्भव हो सका।

इस कार्रवाई में नायक सच्चिदानन्द यादव ने साहस, दृढ़ निश्चय और उच्च कोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

1565668 लांस नायक दर्शन सिंह
इंजीनियर्स।

लांस नायक दर्शन सिंह फील्ड कम्पनी के साथ काम कर रहे थे जिसे भारत-तिब्बत सीमा के साथ-साथ दूर दूर तक बनी शुग्गर सैक्टर चौकियों में पानी की सप्लाई करने का काम सौंपा हुआ था। ये चौकियां बहुत ऊंचाई पर स्थित हैं और बहुत खराब मौसम वाले स्थानों पर बनी हुई हैं जहां भूस्खलन का खतरा प्रायः बना रहता है।

एक सितम्बर, 1978 को भारी हिमपात और रास्ते में जगह-जगह पहाड़ टूटने के कारण पानी की सप्लाई कट गई। पानी की सप्लाई को दोबारा चालू करने के लिए लांस नायक दर्शन सिंह और तीन अन्य रैंकों को तैनात किया गया। पानी की लाइन तक पहुंचने के लिए भू-खंडों को हटाते समय एक शिलाखण्ड के खिसकने के कारण इनका एक साथी खड्ड में गिर गया। लांस नायक दर्शन सिंह गिरते हुए अपने साथी की ओर लपके और उसे पकड़ लिया और एक दूसरे अन्य रैंक द्वारा लटकाये गये रस्से की सहायता से अपने साथी की रक्षा की।

इस कार्रवाई में लांस नायक दर्शन सिंह ने तत्परता और उच्च कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2667518 ग्रेनेडियर राम सिंह
ग्रेनेडियर्स।

3 मार्च, 1978 को पड़ोसी देश से मिजोरम में प्रवेश करने का यत्न करते हुए विरोधियों के एक गिरोह को पकड़ने के लिए भेजे गए गश्ती दल के साथ इन्फैन्ट्री बटालियन के ग्रेनेडियर राम सिंह भी थे। 30 किलोमीटर जोखिम भरे भ्रान्त भू-भाग की बहुत बोड़े समय में पार करने के बाद गश्ती दल नेता ने घात लगाने का निश्चय किया। तीन विरोधी घात के पास में आ गए। ग्रेनेडियर राम सिंह अपने जीवन की रक्षा की जरा भी परवाह न करते हुए सशस्त्र विरोधियों पर टूट पड़े और उनमें से एक को शीघ्र ही दबोच लिया। इसी समय अन्य दो विरोधियों ने बचने की चेष्टा में जंगल की ओर भागना आरम्भ कर दिया। प्रतिक्रिया में ग्रेनेडियर राम सिंह ने तुरन्त भागते हुए विरोधियों का पीछा किया और उनमें से एक को दबोचने में सफल हो गए।

इस कार्रवाई में ग्रेनेडियर राम सिंह ने साहस, सूझबूझ तथा असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

2456361 सिपाही जैसी राम (मरणोपरान्त)
पंजाब।

4 अगस्त, 1978 को सिपाही जैसी राम को डाक संचयन दल की गाड़ी से ले जाने के लिए तैनात किया गया था। इस दल के गाड़ी से उतरने के बाद, सिपाही जैसी राम ने इण्डिपेंडेंट इन्फैन्ट्री ब्रिगेड ग्रुप के गाड़ी पार्क में अपनी गाड़ी खड़ी कर दी। यह गाड़ी पार्क सुरु नदी पर बने पुल के साथ स्थित है और उसी स्थान पर ब्रिगेड मुख्यालय के दक्षिण में स्थित पहाड़ियों से एक नाला आकर सुरु नदी में मिलता है।

वर्षा के कारण इस नाले में बाढ़ आ गई थी और इसका जल स्तर निरन्तर बढ़ता जा रहा था। सिपाही जैसी राम ने पानी से उमड़ते हुए नाले में अचानक एक धारा-प्रवाह को आते हुए देखा जिससे उनके वाहन के बह जाने की शंका थी। अपने जीवन की रक्षा की परवाह किए बिना उन्होंने वाहन को सुरक्षित स्थान पर ले जाने का निर्णय लिया। वे वाहन को प्रवाह की विपरीत दिशा में चला रहे थे और जल प्रवाह उसे नाले और सुरु नदी के संगम की ओर अकेल रहा था। उन्होंने गाड़ी को बचाने की अपनी कोशिशें तब तक जारी रखीं जब तक कि एक तेज धार ने गाड़ी को उलटकर सुरु नदी में नहीं फेंक दिया। बाद में सिपाही जैसी राम अपनी गाड़ी के अन्दर मृत पाए गए।

इस कार्रवाई में सिपाही जैसी राम ने साहस, दृढ़ निश्चय और असाधारण कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

संख्या ।।-प्रेज/82—राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्ति को उसकी असाधारण कर्त्तव्यपरायणता अथवा साहस के कार्यों के लिए "सेना मैडल"/"आर्मी मैडल" का बार प्रदान करने का सहर्ष अनुमोदन करते हैं:—

13604263 नायक आनन्द राव चव्हाण, एस. एम.
2 पैरा।

4 अप्रैल, 1979 को एक हिंसक भीड़ ने भारत और पाकिस्तान के लिए संयुक्त राष्ट्र सैनिक प्रेक्षक दल के श्रीनगर स्थित मुख्यालय की इमारत पर हमला कर दिया। इमारत की सुरक्षा के लिए एक इन्फैन्ट्री बटालियन तैनात की हुई थी। भीड़ ने इमारत के सदर दरवाजे को जबरदस्ती खोल दिया और गार्ड रूम तथा ड्यूटी पर तैनात संतरी पर हमला कर दिया। गार्ड ड्यूटी के सैकण्ड इन कमान नायक आनन्द राव चव्हाण ने यह देखा कि क्रुद्ध भीड़ ने संतरी को अपना निशाना बना लिया था और उसकी जान खतरे में थी तो वे तत्काल उसकी सहायता के लिए बढ़े। अपनी जान की जरा भी परवाह किए बिना नीचे गिरे हुए संतरी को नायक चव्हाण ने अपने शरीर से ढक कर उसकी रक्षा की। ऐसा करने में यद्यपि उनके चेहरे और नाक पर चोटें आ गईं थीं फिर भी उस क्रुद्ध भीड़ द्वारा उस संतरी को और चोटें पहुंचाने से उसकी रक्षा की।

इस कार्रवाई में नायक आनन्द राव चव्हाण ने साहस, दृढ़ निश्चय और असाधारण कोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

सु. नीलकण्ठन
राष्ट्रपति का उप सचिव

योजना मंत्रालय

सांख्यिकी विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 11 जनवरी 1982

सं० एम० 11013(1)-81-समन्वय—भारत सरकार मूल्य एवं निर्वाह सांख्यिकी विषयक निम्नलिखित सदस्यों की तकनीकी सलाहकार समिति का दिनांक 1 फरवरी, 1982 से पुनर्गठन करती है :—

1. महानिदेशक, केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन, सांख्यिकी विभाग, नई दिल्ली । — अध्यक्ष
2. सलाहकार, रोजगार, श्रम एवं जनशक्ति योजना, योजना आयोग, नई दिल्ली । — सदस्य
3. आर्थिक एवं सांख्यिकीय सलाहकार, कृषि एवं सिंचाई मंत्रालय, नई दिल्ली । — सदस्य
4. मुख्य आर्थिक सलाहकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग, नई दिल्ली । — सदस्य
5. आर्थिक सलाहकार, उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली । — सदस्य
6. आर्थिक सलाहकार, योजना आयोग, नई दिल्ली । — सदस्य
7. सदस्य सचिव, कृषि मूल्य आयोग, कृषि विभाग, कृषि एवं सिंचाई, मंत्रालय, नई दिल्ली । — सदस्य
8. निदेशक, क्षेत्र संकार्य प्रभाग, रा० प्र० सर्वे० संगठन, सांख्यिकी विभाग, नई दिल्ली । — सदस्य
9. निदेशक, सर्वेक्षण अभिकल्प एवं अनुसंधान प्रभाग, रा० प्र० सर्वे० संगठन, कलकत्ता — सदस्य
10. निदेशक, श्रम ब्यूरो, श्रम मंत्रालय, शिमला । — सदस्य
11. सांख्यिकीय सलाहकार, रिजर्व बैंक आफ इंडिया बम्बई । — सदस्य
12. निदेशक, अनुप्रयुक्त अर्थ एवं सांख्यिकी ब्यूरो, पश्चिम बंगाल सरकार, कलकत्ता । — सदस्य
13. निदेशक, अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय, मध्य प्रदेश शासन, भोपाल । — सदस्य
14. निदेशक, सांख्यिकी एवं मूल्यांकन निदेशालय, जम्मू व काश्मीर सरकार, श्रीनगर । — सदस्य
15. संयुक्त निदेशक, केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन, सांख्यिकी विभाग, नई दिल्ली । — सदस्य

2. राज्य सरकारों के प्रतिनिधि 1 फरवरी, 1982 से 2 वर्ष की अवधि के लिए समिति में कार्य करेंगे ।

3 पुनर्गठित समिति के कार्य निम्नलिखित होंगे ।

(क) केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों अथवा संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों द्वारा पारिवारिक बजट संबंधी पूछताछ के लिए प्रस्तावों की समीक्षा ।

(ख) उपभोक्ता मूल्य तथा तुलनात्मक महंगाई संबंधी सूचकांक तैयार करने के लिए केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों अथवा संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों द्वारा, तैयार की गई स्कीमों की समीक्षा, और अखिल भारतीय तथा राज्य स्तर के सूचकांकों से संबंधित समस्याओं को सम्मिलित करते हुए इनसे संबंधित विशेष समस्याओं की समीक्षा ।

(ग) संकल्पनाओं, परिभाषाओं, कीमत संग्रह संबंधी प्रणालियों में सुधार तथा मानकीकरण और उपभोक्ता मूल्य तथा तुलनात्मक महंगाई संबंधी सूचकांकों का संकलन ।

(घ) थोक कीमतों, फुटकर कीमतों और उत्पादन कर्ता संबंधी कीमतों तथा अन्य मूल्य सूचकांकों को तैयार करने के लिए केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकारों, अथवा संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों द्वारा तैयार की गई स्कीमों की समीक्षा और अखिल भारतीय एवं राज्य स्तर सूचकांकों संबंधी समस्याओं को सम्मिलित करते हुए उनसे संबंधित विशेष समस्याओं की समीक्षा।

(ङ) संकल्पनाओं, परिभाषाओं, मूल्य संग्रह की प्रणालियों में सुधार तथा मानकीकरण और थोक, फुटकर उत्पादन कर्ता एवं अन्य मूल्य संबंधी सूचकांकों का संकलन जिसमें प्रत्येक प्रकार के सूचकांकों के लिए समुचित भारसलोन प्रणालियां सम्मिलित हैं ।

(च) मूल्य सांख्यिकी के संग्रहण, संकलन और प्रसार की समेकित प्रणाली को तर्कसंगत बनाने और विकसित करने के विचार से संगठनात्मक व्यवस्था तथा मूल्य संग्रह संबंधी तंत्र की समीक्षा।

4. समिति को सचिवालयीय सहायता, केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन, सांख्यिकी विभाग द्वारा प्रदान की जायेगी ।

सत्यपाल शर्मा, अवर सचिव

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्रालय

कम्पनी कार्य विभाग

(कम्पनी विधि बोर्ड)

नई दिल्ली दिनांक ------------

आदेश

सं० 27(26)-82-सी०एल०-2—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209 क की उपधारा (1) के खण्ड (II) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा कम्पनी कार्य विभाग में कथित धारा 209 क के उद्देश्यों के लिये श्री बी० चन्द्रमौली वर्मे, सहायक निरीक्षण अधिकारी को प्राधिकृत करती है ।

के० आर० ए० एन० अय्यर, अवर सचिव

वाणिज्य मंत्रालय

(वाणिज्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 13 जनवरी 1982

संकल्प

सं० 3 एम०-44180/ई पी० (एम०पी)--इस मंत्रालय के संकल्प सं० 3 एम०-44180-ई० पी० (एम० पी०) दिनांक 30 अप्रैल, 1981 के क्रम में श्री एस० पी० जाखनवाल, संयुक्त सचिव (ए० एण्ड टी०), कृषि मंत्रालय को श्री ए० ज० एस० सोढी, संयुक्त सचिव (टी० डी०), कृषि मंत्रालय के स्थान पर, वाणिज्य मंत्रालय के अन्तर्गत गठित समुद्री उत्पाद संबंधी कृत्रिक दल के सदस्य के रूप में नामित किया जाता है।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति भारत सरकार के मंत्रालयों/विभागों और सभी समुद्र तटवर्ती राज्य सरकारों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को भेजी जाये।

एस० गोपालन, संयुक्त सचिव

संचार मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 8 जनवरी 1982

सं० टी० 11017/15/80सी०ओ०एन०एफ०--यत: भारत संयुक्त राष्ट्र संघ की विशिष्ट एजेन्सी, अन्तर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ, जिनेवा का सदस्य है।

यत: अब जिनेवा में 1979 में हुए अन्तर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ के विश्व प्रशासनिक रेडियो सम्मेलन में लिए अन्तिम निर्णय के माध्यम से रेडियो आवृत्ति स्पेक्ट्रम तथा कक्षा में स्थापित पृथ्वी की गति के समतुल्य उपग्रहों के प्रयोग के लिए एक करार हुआ था।

अत: अब यह सर्वसाधारण को सूचना के लिए है कि भारत सरकार ने विश्व प्रशासनिक रेडियो सम्मेलन, जिनेवा, 1979 के अन्तिम निर्णयों में उल्लिखित रेडियो विनियम जिनेवा 1979 को संस्वीकृति दे दी है जो 1 जनवरी, 1982 से प्रभावी होंगे।

के० वरदाराजन, उप तेलार सलाहकार

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 1982

सं० क्यू० -16012(3) 179-डब्ल्यू ई०--श्रम मंत्रालय की अधिसूचना संख्या क्यू० 16012(3) 179-डब्ल्यू०ई० दिनांक 8/15 मई, 1981 जिसमें आम जनता की सूचना के लिए पुनर्गठित केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड का गठन अधिसूचित किया गया था, शिक्षा मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और महाराष्ट्र, केरल, हरियाणा तथा उड़ीसा की सरकारों को प्रतिनिधित्व दिया गया था। वित्त मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और महाराष्ट्र तथा केरल सरकार के प्रतिनिधियों के नाम अधिसूचना संख्या क्य 16012(3) 179-डब्ल्यू ई० दिनांक 27 अगस्त, 1981 में अधिसूचित किए गए थे।

अत: यह आम जनता की सूचना के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्ति हरियाणा तथा उड़ीसा सरकार का का केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड में प्रतिनिधित्व करेंगे :

1. श्री एच० एल० गुगनानी, श्रम आयुक्त तथा सचिव, हरियाणा सरकार, श्रम तथा रोजगार विभाग, चंडीगढ़-160001।
2. श्री मांगे गोवर्धन, सचिव, उड़ीसा सरकार, श्रम तथा रोजगार विभाग, उड़ीसा सचिवालय, भुवनेश्वर, जिला पुरी, उड़ीसा।

एच० एस० राजू, उप सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 2 फरवरी 1982

सं० यू० 13019/10/81-ए० एन० एल०--भारत सरकार, गृह मंत्रालय की तारीख 4 अक्तूबर, 1972 की, समय-समय पर यथा संशोधित, अधिसूचना सं० 26/12/72-ए० एस० एल० का अतिक्रमण करते हुए राष्ट्रपति, एक सलाहकार समिति का गठन करते हैं जो नीचे पैरा 5 में निर्दिष्ट मामलों के बारे में संघ राज्य क्षेत्र अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के प्रशासन में गृह मंत्री से संबंध रहेगी।

2 इस सलाहकार समिति में निम्नलिखित सदस्य होंगे, अर्थात :-

(क) लोक सभा में संघ राज्य क्षेत्र अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह का फिलहाल प्रतिनिधित्व करने वाला व्यक्ति,

(ख) संघ राज्य क्षेत्र अंडेमान तथा निकोबार द्वीपसमूह का मुख्य आयुक्त,

(ग) अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह (प्रशासन) विनियम, 1979 के अधीन नियुक्त सभी परिषद,

(घ) म्युनिसीपल बोर्ड, पोर्ट ब्लेयर का सीनियर वाइसचेयरमैन उतने समय तक जबकि उक्त बोर्ड के चेयरमैन का चुनाव हो जाये और उसके बाद वह चेयरमैन,

(ङ) संघ राज्य क्षेत्र अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह की प्रदेश परिषद के दो सदस्य-एक अंडमान ग्रुप से तथा दूसरा निकोबार ग्रुप से जिनका चुनाव उक्त परिषद के सदस्यों द्वारा अपने सदस्यों में से ही किया जाता है

(च) द्वीपसमूह के दोनों ग्रुपों में से एक-एक महिला सदस्य, जिसे भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा नामित किया जाता है, यदि किसी ग्रुप से कोई महिला सलाहकार समिति की सदस्य नहीं बनती तो पूर्वोक्त उपबंधों में किसी एक के अधीन, उस ग्रुप से एक महिला सदस्य और

(छ) संघ राज्य क्षेत्र अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह के लिए प्रदेश परिषद में ग्रेट निकोबार द्वीपसमूह का फिलहाल प्रतिनिधित्व करने वाला सदस्य।

3. ऊपर पैरा 2 के खण्ड (ख) और (च) में उल्लिखित सदस्यों का कार्यकाल सामान्यतया अप्रैल की पहली तारीख से या उनके चुनाव नामित किये जाने की तारीख से इनमें, से जो भी बाद में हो अगले वर्ष की 31 मार्च तक रहेगा। ऊपर पैरा 2 के खण्ड (ङ) के अधीन सदस्यों का चुनाव हाथ उठाकर किया जाएगा।

4. सलाहकार समिति की बैठकों की अध्यक्षता गृह मंत्री करेंगे या उनकी अनुपस्थिति में गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री करेंगे।

5. निम्नलिखित के बारे में सलाहकार समिति से परामर्श किया जाएगा :--

(i) संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासन से संबंधित राज्य क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले नीति विषयक सामान्य प्रश्न,

(ii) राज्य सूची में शामिल विषयों के बारे में क्षेत्र से सम्बन्धित सभी विधायी प्रस्ताव,

(iii) संघ के वार्षिक वित्तीय विवरण से संबंधित ऐसे मामले जिनका संबंध उक्त क्षेत्र से हो और अन्य ऐसे वित्तीय मामले जो राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित नियमों में उल्लिखित हों, और

(iv) अन्य कोई मामला जिसके बारे में गृह मंत्री के विचारानुसार समिति से परामर्श करना आवश्यक अथवा वांछनीय हो।

6. सलाहकार समिति की बैठक छ: माह में कम-से कम एक बार अवश्य होगी।

7. सलाहकार समिति के सदस्यों के प्रश्न पूछने-विषयक अधिकार राज्य विधान सभा के सदस्यों के अधिकारों और सीमाओं के अनुरूप होंगे, किन्तु शर्त यह है कि गृह मंत्री अथवा बैठक की अध्यक्षता करने वाला मंत्री जिन विवेकाधीन, सार्वजनिक हित में कोई सूचना प्रदान करने अथवा किसी विषय पर चर्चा की अनुमति देने से इंकार कर सकेगा ।

8. सलाहकार समिति के सदस्यों को कोई वेतन नहीं दिया जाएगा किन्तु भारत सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में समय-समय पर जारी किये गए सामान्य अथवा विशेष आदेशों के अनुसार उन्हें समिति की बैठकों के बारे में यात्रा करने पर यात्राओं/ठहरने के लिये यात्रा-भत्ता तथा दैनिक भत्ता प्राप्त करने का अधिकार होगा ।

9 सलाहकार समिति का कार्य संचालन समय-समय पर समिति के परामर्श से गृह मंत्री द्वारा बनाये जाने वाले नियमों से विनियमित होगा ।

आर० सी० ए० जैन, उप सचिव

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

नई दिल्ली-110001, दिनांक फरवरी 1982

नियम

सं. 10/7/81-के. से.-।।—कर्मचारी चयन आयोग, (गृह मंत्रालय) कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग, नई दिल्ली द्वारा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के ग्रेड ''घ'' में अस्थायी रिक्तियों को भरने के लिए वर्ष 1982, के दौरान प्रत्येक दो महीने में एक बार एक महीने के द्वितीय शनिवार तथा रविवार और यदि आवश्यक हुआ तो उसके बाद पड़ने वाली छुट्टी/रविवार को ली जाने वाली प्रतियोगता परीक्षा के लिए नियम जन साधारण को सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं।

2. केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा के परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या का निर्धारण सरकार द्वारा समय-समय पर किया जाएगा और कर्मचारी चयन आयोग को इसकी सूचना आयोग द्वारा परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए जाने से पहले दे दी जायेगी। प्रत्येक परीक्षा के लिए रिक्तियों की संख्या लगभग 50 होगी भारत सरकार द्वारा यथा निर्धारित रिक्तियों के सम्बन्ध में भूतपूर्व सैनिकों अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों तथा शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण किए जायेंगे।

(1) भूतपूर्व सैनिक से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसने संघ की सशस्त्र सेनाओं में, जिनके अन्तर्गत भूतपूर्व भारतीय रियासतों की सशस्त्र सेनाएं भी शामिल हैं, किन्तु जिनके अन्तर्गत आसाम राइफल्स, सेना सुरक्षा कोर जनरल रिजर्व इंजीनियरी बल, लोक सहायक सेना और प्रादेशिक सेना नहीं आते, शपथ ग्रहण के पश्चात् कम से कम छह मास की निरन्तर अवधि तक किसी रैंक में (चाहे योद्धा के रूप में या गैर-योद्धा के रूप में) सेवा की है, और

(क) जिसे उसके अपने अनुरोध पर या कदाचार अथवा अदक्षता के कारण पदच्युति या बर्खास्तगी के कारण के अलावा अन्य किसी रूप में निर्मुक्त कर दिया गया है, अथवा ऐसी निर्मुक्ति तक के लिए रिजर्व को स्थानान्तरित कर दिया गया है, या

(ख) जिसे यथा पूर्वोक्त निर्मुक्त या रिजर्व को स्थानान्तरित किये जाने के लिए हकदार बनने के लिए अपेक्षित सेवा की अवधि पूरी करने के लिए अधिक से अधिक छह मास सेवा करनी है; या

(ग) जिसे संघ की सशस्त्र सेनाओं में पांच वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के पश्चात् उसके अपने ही अनुरोध पर निर्मुक्त कर दिया गया है।

(2) शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति से ऐसे शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्ति (शरीर के निचले अंग) अभिप्रेत हैं जिन्हें शारिरिक दोष हो अथवा अंग-विकृति हो जिससे कार्य करने में हड्डी, पेशियों तथा जोड़ों में सामान्य रूप से बाधा पैदा होती हो और जो व्यक्ति आंशिक रूप से बहरे हों।

परीक्षा में बैठने वाले शारीरिक रूप से विकलांगों तथा अन्य वर्ग के व्यक्तियों को सहायक लेने की अनुमत नहीं दी जायेगी।

(3) संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जन जाति), आदेश, 1950 संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश 1951, संविधान (अनुसूचित जन जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951 (अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति) (सूचियां) (संशोधन) आदेश, 1956 बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960 पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 और अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति (संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा यथा (संशोधित) संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1959 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जन जाति आदेश (संशोधन) अधिनियम 1976 द्वारा यथा संशोधित, संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962 संविधान (दादरा और नागर हवेली) अनुसूचित जन जाति आदेश 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित जन जाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोआ, दमन और दीव) अनुसूचित जन जाति आदेश 1968 तथा संविधान (नागालैण्ड) अनुसूचित जन जातियां आदेश, 1970, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976, संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति आदेश 1978 तथा संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1978

3. कर्मचारी चयन आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट-। में निर्धारित ढंग से ली जाएगी। प्रवेश के प्रयोजन के लिए उन्हें अपने आवेदन पत्र परिशिष्ट-।। में दिए गए प्रपत्र के अनुसार सादे कागज पर भेजने होंगे। इन आवेदन पत्रों को सम्बन्धित मंत्रालय/विभाग/कार्यालय द्वारा संवीक्षा के बाद परीक्षा लिए जाने वाले महीने के पूर्ववर्ती महीने की अधिक से अधिक 1 तारीख तक कर्मचारी चयन आयोग को अग्रेषित कर दिया जाएगा।

4. नियमित रूप से नियुक्त केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा का कोई भी स्थायी या अस्थायी अवर श्रेणी/उच्च श्रेणी लिपिक इस परीक्षा में बैठने तथा उन रिक्तियों के लिए प्रतियोगिता करने का पात्र होगा।

4(1) सेवाकाल : उसने ''निर्णायक तारीख'' को (जैसा कि केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा समूह ''घ'' (प्रतियोगिता परीक्षा (विनियम, 1969 के विनियम 2(क) में परिभाषित है) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड अथवा उच्च श्रेणी ग्रेड में कम से कम 2 वर्ष की अनुमन्दित और लगातार सेवा पूर्ण कर ली हो।

टिप्पणी--2 केन्द्रीय सचिवालय सेवा को अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड या उच्च श्रेणी के वे अधिकारी जो सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति से निःसंवर्ग पदों में प्रतिनियुक्ति पर हैं, यदि अन्यथा

पात्र हो तो इस परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। यह शर्त उस अधिकारी पर भी लागू होती है जो स्थानान्तरण पर किसी निः संवर्ग पद पर या किसी अन्य सेवा में नियुक्त किया गया है और यदि उस अधिकारी का केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड या उच्च श्रेणी ग्रेड में फिलहाल कोई पूर्व ग्रहणाधिकार चलता आ रहा हो।

टिप्पणी--3 अवर श्रेणी या उच्च श्रेणी ग्रेड में नियमित रूप में नियुक्त अधिकारी का अर्थ उस अधिकारी से है जो केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा नियम 1962 के आरम्भ में केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के किसी संवर्ग में आबंटन हो या उसके पश्चात् उस सेवा की अवर श्रेणी ग्रेड या उच्च ग्रेड में दीर्घ कालीन आधार पर जैसी भी स्थिति हो, निर्धारित कार्य पद्धति के अनुसार नियुक्त हों।

(2) आयु : इस परीक्षा के लिए किसी उम्मीदवार की आयु "निर्णायक तारीख" को (जैसा कि केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा समूह "घ" (प्रतियोगिता परीक्षा) विनियम, 1969 के नियम 2 (ख) में परिभाषित है) 50 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(3) उन भूतपूर्व सैनिकों के मामलों में जिन्होंने संघ की सशस्त्र सेना में कम से कम छः महीने की निरन्तर सेवा की हो सशस्त्र सेना उनकी कुल सेवा में तीन वर्ष की वृद्धि तक ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जाएगी। इस आयु छूट के अधीन परीक्षा में प्रवेश पाने वाले उम्मीदवार भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित अथवा अनारक्षित सभी रिक्तियों के लिए प्रतियोगी होने के हकदार होंगे।

टिप्पणी : उपरोक्त नियम 3 के प्रयोजन के लिए किसी भूतपूर्व कर्मचारी की सशस्त्र सेना में आवाहन पर सेवा ("काल आफ सर्विस") की अवधि भी सशस्त्र सेना में की गई सेवा के रूप में समझी जाएगी।

5. ऊपर बताई गई अधिकतम आयु सीमा में निम्नलिखित मामलों में ओर ढील दी जा सकेगी :—

(1) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष तक।

(2) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्व पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत के प्रवजन किया हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(3) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का सदभाविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रवजन किया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक।

(4) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से सद्भाव पूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रवजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति का हो और श्रीलंका से सद्भाव पूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रवजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक।

(6) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया उगांडा या तंजानिया संयुक्त गणराज्य से प्रवजन किया हो या जांबिया, मालावी, जेरे और इथीपिया से प्रत्यावर्तित हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(7) यदि उम्मीदवार वर्गों से सद्भाव पूर्वक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रवजन किया हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(8) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो और वर्गों से सद्भाव पूर्वक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो तथा उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रवजन किया हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक।

(9) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से मुक्त किये गये रक्षा कार्मिकों को अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(10) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए ऐसे रक्षा कार्मिकों के लिए जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति के हों, तो अधिक से अधिक 8 वर्ष तक।

(11) 1971 के भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाही में विकलांग होने के परिणामस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए सीमा-सुरक्षा बल के रक्षा कार्मिकों के लिए अधिक से अधिक 3 वर्ष तक।

(12) 1971 के भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान फौजी कार्यवाही में विकलांग होने के परिणामस्वरूप सेवा से निर्मुक्त सीमा सुरक्षा बल के उन रक्षा कार्मिकों के लिए जो अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जन जाति के हों, अधिक से अधिक 8 वर्ष तक।

(13) यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित मूलतः/भारतीय व्यक्ति (जिसके पास भारतीय परिपत्र हों) और ऐसा उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपातकाल का प्रमाण-पत्र है, और जो वियतनाम से जुलाई, 1965 से पहले भारत नहीं आया है, तो उसके लिए अधिक से अधिक 3 वर्ष;

(14) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का है तथा भारत मूलक का वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति (भारतीय पारपत्र धारी) है तथा साथ ही वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी आपातकाल प्रमाण पत्र रखने वाला ऐसा उम्मीदवार है जो वियतनाम में जुलाई, 1965 के बाद आया है तो अधिकतम आठ वर्ष तक, और

(15) यदि उम्मीदवार शारीरिक रूप से विकलांग हो अर्थात् जिसका कोई अंग विकृत है और वह आंशिक रूप से बहरा है तो अधिक से अधिक 10 वर्ष।

ऊपर की गई व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयु सीमा में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकती है।

6. परीक्षा में असफल होने वाला उम्मीदवार अगली परीक्षा में बैठने का पात्र नहीं होगा, परन्तु उससे अगली या उसके बाद की ही परीक्षा में बैठने का पात्र होगा।

7. ऐसे किसी उम्मीदवार को परीक्षा में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा जिसके पास आयोग द्वारा दिया गया प्रवेश पत्र न हो।

8. सामान्य उम्मीदवारों को रु. 8-00 (केवल रु. आठ) तथा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति के उम्मीदवारों को रु. 2-00 (केवल रु. दो) की निर्धारित फीस पोस्टल आर्डरों या बैंक ड्राफ्टों के द्वारा देनी होगी। भूतपूर्व सैनिकों द्वारा कोई फीस नहीं दी जानी है।

9. अपनी उम्मीदवारी के लिए किसी भी साधन द्वारा समर्थन प्राप्त करने के प्रयास किए जाने से प्रवेश के लिए उसे अनर्हक किया जा सकेगा।

10. यदि किसी उम्मीदवार को आयोग द्वारा निम्नलिखित बातों के लिए दोषी घोषित कर दिया जाता है या कर दिया गया हो कि उसने :—

(1) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए प्राप्त किया है, अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति के छद्म रूप में कार्य साधन कराया है, अथवा

(4) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये हैं जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(5) गलत या झूठे वक्तव्य दिया है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(6) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(7) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो, या

(8) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखी हों जो अश्लील भाषा में या अभद्र आशय की हों, या

(9) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो, या

(10) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो,

(11) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया हो, तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे :—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से, जिसका वह उम्मीदवार है, बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे स्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिये,

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, और

(ग) उपयुक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

11. परीक्षा के बाद उम्मीदवारों को आयोग द्वारा एक सूची में प्रत्येक उम्मीदवार को अन्तिम रूप से दिए गए कुल अंकों के आधार पर योग्यता क्रम के अनुसार रखा जाएगा और इसी क्रम में उतने उम्मीदवारों को, जितनों का आयोग द्वारा उत्तीर्ण समझा जाएगा केन्द्रीय सचिवालय आशुलिपिक सेवा ग्रेड "घ" के पदों में परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली अनारक्षित रिक्तियों की संख्या तक नियुक्ति के लिए सिफारिश की जाएगी।

लेकिन यह भी शर्त है कि यदि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आरक्षित रिक्तियों की संख्या न भरी गई हो तो कर्मचारी चयन आयोग द्वारा निर्धारित सामान्य स्तर के अनुसार उस सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए उपर्युक्त घोषित कर देने पर उसे सेवा/पद में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के सदस्यों के लिए आरक्षित स्थानों पर नियुक्ति की जाने के लिए परीक्षा में उसके योग्यता क्रम के स्थान पर ध्यान किए बिना ही उसकी सिफारिश कर दी जाएगी। आयोग द्वारा जिन भूतपूर्व सैनिकों को परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्ति के लिए उपर्युक्त समझा जायेगा वे उनके लिए आरक्षित रिक्तियों में नियुक्त होने के पात्र होंगे चाहे इस परीक्षा के योग्यता क्रम में उनका कोई भी स्थान हो।

परन्तु यह भी कि यदि सामान्य स्तर से अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जन जातियों से सम्बन्धित भूतपूर्व सैनिकों के

लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवार नहीं भरे जा सकते हों, तो आरक्षित कोटे में कमी को पूरा करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट दे कर, चाहे परीक्षा के योग्यता क्रम में उनका कोई भी स्थान हो, सेवा में चयन करने के लिए उनकी सिफारिश की जाए बशर्ते कि ये उम्मीदवार इन सेवाओं में चयन के लिए उपयुक्त हों।

परन्तु यह भी कि यदि अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का कोई भूतपूर्व सैनिक चुन लिया जाता है तो उसके चयन की गणना आरक्षण के ऐसे सम्पूर्ण कोटा के प्रति की जाएगी, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के लिए उपबन्धित किया जाए।

टिप्पणी:——उम्मीदवारों को यह भी स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि यह प्रतियोगिता परीक्षा है न कि अर्हक। परीक्षा के लिए परिणामों के आधार पर सेवा के ग्रेड "घ" में नियुक्त किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या निश्चित करने के लिए सरकार पूर्णतया सक्षम है। अतः किसी भी उम्मीदवार का इस परीक्षा में अपने निष्पादन के आधार पर, एक अधिकार के तौर पर, ग्रेड "घ" आशुलिपिक के पद पर नियुक्ति के लिए कोई दावा नहीं होगा।

12. अलग-अलग उम्मीदवारों के परीक्षा-परिणामों की सूचना के स्वरूप तथा प्रकार के बारे में आयोग द्वारा अपने विवेकानुसार निर्णय किया जाएगा और आयोग उसके साथ परीक्षा-फल के बारे में कोई पत्राचार नहीं करेगा।

13. परीक्षा में सफलता मात्र से ही चयन का तब तक कोई अधिकार नहीं मिलता जब तक कि सरकार द्वारा यथावश्यक जांच पड़ताल न हो जाये कि उम्मीदवार सेवा में अपने चरित्र की दृष्टि से चयन के लिए सब प्रकार से उपयुक्त है।

वह उम्मीदवार जो परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने के पश्चात् अथवा उसमें बैठने के पश्चात् अपने पद से त्याग पत्र दे देता है अथवा सेवा को अन्यथा छोड़ देता है अथवा उसके साथ विच्छेद कर लेता है, उसके विभाग द्वारा उसकी नौकरी समाप्त कर दी जाती है अथवा जो उम्मीदवार, "स्थानान्तरण" पर किसी संवर्ग बाह्य पद अथवा किसी दूसरी सेवा में नियुक्ति किया जाता है और केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में उसका पूर्ण ग्रहणाधिकार नहीं होता है उस परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

किन्तु यह उस उम्मीदवार पर लागू नहीं होता जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी निःसंवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया गया है।

एच. जी. मंडल, अवर सचिव

परिशिष्ट-I

उम्मीदवारों को अंग्रेजी में या हिन्दी में 10 मिनट की एक श्रुतलेख की परीक्षा 80 शब्द प्रति मिनट की गति से देनी होगी। जो उम्मीदवार अंग्रेजी परीक्षा देने का विकल्प करेंगे उन्हें 65 मिनट में लिप्यन्तर करना होगा और जो उम्मीदवार हिन्दी में परीक्षा देने का विकल्प करेंगे उन्हें क्रमशः 75 मिनट में लिप्यन्तर करना होगा। आशुलिपिक परीक्षा के लिए अधिकतम अंक 300 होंगे।

टिप्पणी:——जो उम्मीदवार आशुलिपिक परीक्षा हिन्दी में देने का विकल्प लेंगे उन्हें अपनी नियुक्ति के बाद अंग्रेजी आशुलिपि और जो उम्मीदवार आशुलिपि की परीक्षा अंग्रेजी में देने का विकल्प लेंगे उन्हें हिन्दी आशुलिपि सीखनी होगी।

2. उम्मीदवारों को अपने आशुलिपि के नोटों का टाइपराइटर पर लिप्यान्तरण करना होगा और इस प्रयोजन के लिए उन्हें अपने साथ अपने टाइपराइटर लाने होंगे।

परिशिष्ट-II

प्रपत्र

कर्मचारी चयन आयोग

ग्रेड "घ" आशुलिपिक प्रतियोगिता परीक्षा

अन्तिम तारीख——परीक्षा के महीने में पहले के महीने का 10 तारीख

यहां उम्मीदवार के पासपोर्ट साइज के फोटो की हस्ताक्षरित प्रति चिपकाई जाए। दूसरी हस्ताक्षरित फोटो की प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जानी चाहिए।

(1) पोस्टल आर्डर्स/बैंक ड्राफ्ट का विवरण और मूल्य

(2) उम्मीदवार का नाम श्री/श्रीमती/कुमारी (साफ अक्षरों में)

(3) सही जन्म तिथि (ईस्वी सन् में)

(4) जिस कार्यालय में कार्य कर रहे हों उसका नाम तथा पता

(5) क्या आप :

(1) अनुसूचित जाति . . . . . .

(2) अनुसूचित जनजाति . . . . . .

(3) भूतपूर्व सैनिक . . . . . .

(4) शारीरिक रूप से विकलांग है?
तो उत्तर हां अथवा नहीं में दें।

(6) (1) पिता का नाम

(2) पति का नाम
(महिला उम्मीदवार के मामले में)

(7) जिस भाषा (हिन्दी अथवा अंग्रेजी) में आप आशुलिपि परीक्षा देना चाहते हों, उसका नाम लिखें।

(8) क्या आप पिछली परीक्षा में बैठे थे; यदि हां तो अपना रोल नं. तथा परीक्षा का महीना लिखें।

(9) क्या आप केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड/उच्च श्रेणी ग्रेड के स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थायी अधिकारी हैं? और क्या आपने उस वर्ष की पहली जनवरी को जिसमें परीक्षा होनी है संगत ग्रेड में न्यूनतम दो वर्ष की अनुमोदित लगातार सेवा कर ली है।

(10) यदि आप सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति पर हैं अथवा संवर्ग बाह्य पद पर स्थानान्तरण के आधार पर हैं तो क्या आप पूर्व पद पर अपना धारणाधिकार (लियन) रखेंगे।

. . . . . .

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

उस कार्यालय के विभागाध्यक्ष द्वारा भरा जाने के लिए जिसमें उम्मीदवार सेवा कर रहा है।

प्रमाणित किया जाता है कि :—

(1) आवेदन पत्र के कालमों में उम्मीदवार द्वारा की गई प्रविष्टियों को उसके सेवा रिकार्डों से जांच कर ली गई और वे सही हैं।

(2) उसके आवेदन पत्र की जांच कर ली गई है और प्रमाणित किया जाता है कि वह नियमों में निर्धारित सभी शर्तों को पूरा करता है तथा वह परीक्षा में बैठने के लिए सभी तरह से पात्र है।

हस्ताक्षर

नाम

पदनाम

विभाग/कार्यालय

संख्या . . . . . .

तारीख . . . . . .

टिप्पणी :—जो उम्मीदवार एक बार फेल हो जाता है वह केवल अगले तीनों महीनों के बाद की परीक्षा में बैठ सकता है अर्थात् जो उम्मीदवार अप्रैल में ली जाने वाली परीक्षा में फेल हो जाए तो वह अगस्त अथवा उसके बाद होने वाली परीक्षा 2 में बैठ सकता है।

रेल मंत्रालय

(रेलवे बोर्ड)

नई दिल्ली, 20 फरवरी, 1982

नियमावली

सं. 81/इं. (जी.आर.) 1/2/65—निम्नलिखित सेवाओं/पदों में रिक्तियां भरने के लिए 1982 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली सम्मिलित प्रतियोगिता परीक्षा—इंजीनियरी सेवा परीक्षा की नियमावली मंत्रालयों/विभागों की सहमति से सर्वसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है:—

वर्ग 1-सिविल इंजीनियरी

ग्रुप क सेवाएं/पद

(1) इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा

(2) भारतीय रेल भंडार सेवा (सिविल इंजीनियरी पद)

(3) केन्द्रीय इंजीनियरी पद

(4) सैनिक इंजीनियर सेवा (भवन तथा सड़क संवर्ग)

(5) केन्द्रीय जल इंजीनियरी सेवा (सिविल इंजीनियरी पद)

(6) केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क)

(7) सहायक इंजीनियर (सिविल), डाक-तार सिविल इंजीनियरी स्कंध।

(8) सहायक कार्यकारी इंजीनियर (सिविल) सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा।

(9) भारतीय आयुध कारखाना सेवा (इंजीनियरी शाखा) सिविल इंजीनियरी पद ।

ग्रुप ख सेवाएं/पद

(10) सहायक इंजीनियर (सिविल), डाक-तार सिविल इंजीनियरी स्कंध।

(11) सहायक इंजीनियर (सिविल), सिविल निर्माण-स्कंध, आकाशवाणी।

वर्ग 2—यांत्रिक इंजीनियरी

ग्रुप क सेवाएं/पद

(1) यांत्रिक इंजीनियरी की भारतीय रेल सेवा।

(2) भारतीय रेल भंडार सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)

(3) केन्द्रीय जल इंजीनियरी सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)

(4) केन्द्रीय शक्ति इंजीनियरी सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

(5) भारतीय आयुध कारखाना सेवा (इंजीनियरी शाखा) (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

(6) भारतीय नौ सेना आयुध सेवा, (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

(7) यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ), भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण।

(8) ड्रिलिंग इंजीनियर कनिष्ठ भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण ।

(9) सहायक प्रबन्धक (कारखाना) (डाक-तार दूर-संचार कारखाना संगठन) ।

(10) सहायक कार्यकारी इंजीनियर (यांत्रिक तथा वैद्युत) (यांत्रिक इंजीनियरी पद)—सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा।

(11) कर्मशाला अधिकारी (यांत्रिक), ई.एम.ई. कोर, रक्षा मंत्रालय।

(12) केन्द्रीय वैद्युत तथा यांत्रिक इंजीनियरी सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

13) सहायक विकास अधिकारी (इंजीनियरी) का पद तकनीकी विकास महानिदेशालय (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

(14) भारतीय आपूर्ति सेवा (यांत्रिक इंजीनियरी पद)।

ग्रुप ख सेवाएं/पद

(15) सहायक यांत्रिक इंजीनियर, भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण।

वर्ग 3—वैद्युत इंजीनियरी

ग्रुप क सेवाएं/पद

(1) वैद्युत इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा।

(2) भारतीय रेल भंडार सेवा (वैद्युत इंजीनियरी पद)।

(3) केन्द्रीय वैद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी सेवा (वैद्युत) इंजीनियरी पद)।

(4) भारतीय आयुध कारखाना सेवा (इंजीनियरी शाखा) (वैद्युत इंजीनियरी पद)।

(5) भारतीय नौसेना आयुध सेवा (वैद्युत इंजीनियरी पद)।

(6) केन्द्रीय शक्ति इंजीनियरी सेवा (वैद्युत इंजीनियरी पद)।

(7) सहायक कार्यकारी इंजीनियर (वैद्युत) (डाक-तार सिविल इंजीनियरी स्कंध)।

(8) कर्मशाला अधिकारी (वैद्युत), ई.एम.ई. कोर, रक्षा मंत्रालय।

(9) सहायक विकास अधिकारी (इंजीनियरी) का पद, तकनीकी विकास महानिदेशालय (वैद्युत इंजीनियरी पद)।

(10) भारतीय आपूर्ति सेवा (वैद्युत इंजीनियरी) ।

ग्रुप ख सेवाएं/पद

(11) सहायक इंजीनियरी (वैद्युत) (डाक-तार इंजीनियरी स्कंध)।

(12) सहायक इंजीनियरी (वैद्युत), सिविल निर्माण स्कंध, आकाशवाणी।

(13) कर्मशाला अधिकारी (वैद्युत), ई.एम.ई. कोर, रक्षा मंत्रालय।

वर्ग 4—इलैक्ट्रानिकी और दूर-संचार इंजीनियरी

ग्रुप क सेवाएं/पद

(1) सिगनल इंजीनियरों की भारतीय रेल सेवा।

(2) भारतीय रेल भंडार सेवा (दूर संचार) (इलैक्ट्रानिकी इंजीनियरी पद)।

(3) भारतीय दूर संचार सेवा।

(4) इंजीनियर वायरलैस आयोजन और समन्वय स्कंध/अनुश्रवण संगठन।

(5) उप प्रभारी इंजीनियर, समुद्रपार संचार सेवा।

(6) सहायक स्टेशन इंजीनियर, आकाशवाणी।

(7) तकनीकी अधिकारी, सिविल विमानन विभाग।

(8) संचार अधिकारी, सिविल विमानन विभाग।

(9) भारतीय आयुद्ध कारखाना सेवा (इंजीनियरी शाखा) (इलैक्ट्रानिकी इंजीनियरी पद)।

(10) भारतीय नौ सेना आयुध सेवा (इलैक्ट्रानिकी इंजीनियरी पद)।

(11) केन्द्रीय शक्ति इंजीनियरी सेवा (दूर संचार इंजीनियरी पद)।

(12) सहायक विकास अधिकारी (इंजीनियरी) का पद, तकनीकी विकास महानिदेशालय (इलैक्ट्रानिकी तथा दूर संचार इंजीनियरी पद)।

ग्रुप ख सेवाएं/पद

(13) सहायक इंजीनियरी, आकाशवाणी।

(14) सहायक इंजीनियर, समुद्रपार संचार सेवा।

(15) तकनीकी सहायक (ग्रुप ख, अराजपत्रित), समुद्रपार संचार सेवा।

(16) कर्मशाला अधिकारी (इलैक्ट्रानिकी), ई. एम. ई. कोर, रक्षा मंत्रालय ।

1. परीक्षा संघ लोक सेवा आयोग द्वारा इन नियमों के परिशिष्ट 1 में निर्धारित रीति से ली जाएगी।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग निश्चित करेगा।

2. उम्मीदवार उपर्युक्त सेवाओं/पदों के वर्ग में से किसी एक या अधिक के लिए प्रतियोगी हो सकता है। उसे अपने आवेदन पत्र में उन सेवाओं/पदों का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना चाहिए जिनके लिए वह वरीयता क्रम में विचार किए जाने का इच्छुक हो।

उन्हें नोट कर लेना चाहिए कि उन्हीं सेवाओं/पदों पर नियुक्ति के लिए उन पर विचार किया जाएगा जिनके लिए उन्होंने अपनी वरीयता का उल्लेख किया है और किसी अन्य सेवा/पद के लिए नहीं।

ध्यान दें 1:—उम्मीदवार जिन सेवा/पद से सम्बद्ध वर्ग/वर्गों अर्थात् सिविल इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, वैद्युत इंजीनियरी और इलैक्ट्रानिकी तथा दूर संचार इंजीनियरी के प्रतियोगी हैं (नियमावली की प्रस्तावना देखिए) उनके अन्तर्गत आने वाली सेवाओं/पदों के बारे में उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट वरीयताओं में परिवर्तन के अनुरोध पर कोई ध्यान तब तक नहीं दिया जाएगा जब तक ऐसे परिवर्तन का अनुरोध आयोग के कार्यालय में लिखित परीक्षा के परिणाम के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 30 दिन के अन्दर प्राप्त नहीं हो जाता है। आयोग या रेल मंत्रालय उम्मीदवारों को कोई ऐसा पत्र नहीं भेजेगा जिसमें उनसे उनके आवेदन पत्र प्रस्तुत कर देने के बाद विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए परिशोधित वरीयता निर्दिष्ट करने को कहा जाए।

ध्यान दें 2:—उम्मीदवार केवल उन्हें सेवाओं और पदों के लिए अपनी वरीयता बताएं जिनके लिए वे नियमों की शर्तों के अनुसार पात्र हों और जिनके लिए वे प्रतियोगी हों जिन सेवाओं और पदों के लिए वे पात्र नहीं हैं और जिन सेवाओं और पदों से संबंधित परीक्षाओं में उन्हें प्रवेश नहीं दिया जाता है उनके बारे में बताई गई वरीयता पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। अतः नियम 5 (ख) या 5 (ग) के अधीन परीक्षा में प्रवेश दिए गए उम्मीदवार केवल उनमें उल्लिखित सेवाओं/पदों के लिए ही प्रतियोगी बनने के पात्र होंगे अन्य सेवाओं और पदों के लिए उनकी वरीयता पर कोई ध्यान नहीं दिया जाएगा। इसी तरह नियम 6 के परन्तुक के अधीन परीक्षा में प्रवेश दिए गए उम्मीदवारों की वरीयता पर भी केवल उक्त परन्तुक में उल्लिखित पदों के लिए ही विचार किया जाएगा तथा अन्य सेवाओं और पदों के लिए वरीयता, यदि कोई है, पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

3. इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस में विनिर्दिष्ट की जाएगी अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जन जातियों का अर्थ संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जन जातियां) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जातियां) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश 1951, संविधान (अनुसूचित जन जातियां) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश, 1951, अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित जन जातियां सूचियां (संशोधन), आदेश 1956, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम, 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 और उत्तर पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 और अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित जन जातियां आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा तथा संशोधित, संविधान (जम्मू व कश्मीर) अनुसूचित जातियां आदेश, 1956 अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित जनजातियां आदेश (संशोधन) अधिनियम, 1976 द्वारा यथा संशोधित संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जन जातियां आदेश, 1959, संविधान (दादरा व नागर हवेली) अनुसूचित जातियां आदेश, 1962, संविधान (दादरा व नागर हवेली) अनुसूचित जन जातियां आदेश, 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जातियां आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित जातियां) (उत्तर प्रदेश) आदेश 1967, संविधान (गोवा, दमन तथा दियू), अनुसूचित जातियां आदेश, 1968, संविधान (गोवा, दमन तथा दियू) अनुसूचित जन जातियां आदेश, 1968, और संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जन जातियां आदेश, 1970; संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जाति 1978 तथा संविधान (सिक्किम) अनुसूचित जन जाति आदेश 1978 में उल्लिखित जातियों/जन जातियों में से कोई एक है।

4. कोई उम्मीदवार या तो :—

(क) भारत का नागरिक हो, या

(ख) नेपाल की प्रजा हो, या

(ग) भूटान की प्रजा हो, या

(घ) भारत में स्थायी निवास के इरादे से 1 जनवरी, 1962 से पहले भारत आया हुआ तिब्बती शरणार्थी हो, या

(ङ) भारत में स्थायी निवास के इरादे से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और कीनिया, उगांडा तथा संयुक्त गणराज्य टंजानिया भूतपूर्व टंगानिका और जंजीबार के पूर्वी अफ्रीकी देशों या जाम्बिया, मलावी, जेरे, इथियोपिया और वियतनाम से प्रव्रजन कर आया हुआ मूलतः भारतीय व्यक्ति हो,

किन्तु शर्त यह है कि उपर्युक्त वर्ग (ख), (ग), (घ) और (ङ) से सम्बद्ध उम्मीदवार को सरकार ने पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान कर दिया हो।

जिस उम्मीदवार के मामले में पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक हो उसे परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है किन्तु नियुक्ति प्रस्ताव केवल तभी दिया जा सकता है जब भारत सरकार द्वारा उसे आवश्यक पात्रता प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया हो।

5. (क) इस परीक्षा के उम्मीदवार की आयु 1 अगस्त, 1982 को 20 वर्ष हो चुकी हो किन्तु 27 वर्ष पूरी न हुई हो अर्थात् उसका जन्म 2 अगस्त 1955 से पहले और 1 अगस्त 1962 के बाद न हुआ हो।

(ख) यदि निम्नलिखित वर्गों के सरकारी कर्मचारी नीचे के कालम 1 में उल्लिखित प्राधिकारियों में से किसी के नियंत्रण में रहने वाले विभाग/कार्यालय में नियोजित हैं और यदि वे कालम 2 में उल्लिखित समरूपी सेवा(ओं)/पद (पदों) हेतु परीक्षा में बैठने का आवेदन करते हैं तो उनके मामले में 27 वर्ष की उपरी आयुसीमा में छूट देकर 32 वर्ष तक कर दी जायेगी।

(1) वह उम्मीदवार जो सम्बद्ध विभाग/कार्यालय विशेष में मूल रूप से स्थाई पद पर है। उक्त विभाग/

कार्यालय में स्थाई पद पर नियुक्ति परिवीक्षाधीन अधिकारी को उसकी परिवीक्षा की अवधि के दौरान यह छूट नहीं मिलेगी।

(2) वह उम्मीदवार जो किसी विभाग/कार्यालय विशेष में 1 अगस्त, 1982 को कम से कम 3 वर्ष लगातार अस्थाई सेवा नियमित आधार पर कर चुका हो।

कालम	कालम
रेल विभाग	आई० आर० एस० ई०, आई० आर० एस० ई० ई०, आई० आर० एस० एस० ई०, आई० आर० एस० एम० ई०, आई० आर० एस० एस०।
केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग	सी० ई० एस० ग्रुप क, सी० ई० एण्ड एम० ई० एस० ग्रुप क
इंजीनियर-इन-चीफ, थल सेना मुख्यालय	एम० ई० एस० ग्रुप क (बी० एण्ड आर० कैडर) एम० ई० एस० ग्रुप क (ई० एण्ड एम० कैडर)।
आयुध कारखाना महानिदेशालय	आई० ओ० एफ० एस० ग्रुप क
केन्द्रीय जल आयोग	सी० डब्ल्यू० ई० (ग्रुप क) सेवा
केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण	सी० पी० ई० (ग्रुप क) सेवा
भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण	यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) ग्रुप क
बेतार आयोजन तथा समन्वय स्कन्ध	इंजीनियर (ग्रुप क), डिप्टी इंजीनियर।
अनश्रवण संगठन, समुद्रपार संचार सेवा	इन चार्ज (ग्रुप क) सहायक इंजीनियर (ग्रुप ख)। तकनीकी सहायक ग्रुप ख--(अराजपत्रित)।
आकाशवाणी	सहायक स्टेशन इंजीनियर (ग्रुप क) सहायक इंजीनियर (ग्रुप ख) सहायक इंजीनियर (ग्रुप ख) (सिविल/इलेक्ट्रिकल), सिविल कंस्ट्रक्शन विंग, आकाशवाणी।
नागर विमानन विभाग	तकनीकी अधिकारी (ग्रुप क) संचार अधिकारी (ग्रुप क)
भारतीय नौ सेना	भारतीय नौसेन आयुध सेवा
डाक तार विभाग	भारतीय दूरसंचार सेवा, ग्रुप क सहायक कार्यकारी इंजीनियर (सिविल वैद्युत) ग्रुप क, डाक तार सिविल स्कंध सहायक इंजीनियर (सिविल वैद्युत) ग्रुप ख, डाक तार सिविल स्कंध सहायक इंजीनियर (कारखाना) ग्रुप क, डाक तार दूरसंचार कारखाना संगठन।
सीमा सड़क संगठन	सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा।
तकनीकी विकास महानिदेशालय	सहायक विकास अधिकारी। (इंजीनियरी) ग्रुप "क"।
आपूर्ति और निपटान महानिदेशालय	आई० एस० एस० (ग्रुप 'क')

नोट :—प्रशिक्षुता की अवधि के बाद यदि रेलों में किसी कार्यकारी पद पर नियुक्ति हो जाती है तो आयु में छूट के प्रयोजन के लिए प्रशिक्षुता की अवधि रेल सेवा मानी जायेगी।

(ग) इसके अलावा निम्नलिखित स्थितियों में भी ऊपर निर्धारित ऊपरी आयु सीमा में छूट दी जायेगी :—

(1) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो तो अधिक से अधिक पांच वर्ष तक;

(2) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) से वस्तुतः विस्थापित व्यक्ति है और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि के दौरान प्रत्यावर्तित हो कर भारत आ गया था, तो अधिक से अधिक तीन वर्ष तक;

(3) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का है और भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) से वस्तुतः विस्थापित व्यक्ति है तथा 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि के दौरान प्रत्यावर्तित हो कर भारत आ गया था, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष तक;

(4) यदि उम्मीदवार अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका करार के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद वस्तुतः प्रत्यावर्तित हो कर आया या आने वाला भारतमूलक व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष;

(5) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और अक्तूबर, 1964 को या उसके बाद भारत-श्रीलंका करार के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को वस्तुतः प्रत्यावर्तित हो कर आया या आने वाला भारतमूलक व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष;

(6) यदि उम्मीदवार बर्मा से 1 जून 1963 को या उसके बाद वस्तुतः प्रत्यावर्तित होकर आया भारत मूलक व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष;

(7) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का हो और बर्मा से 1 जून 1963 को या उसके बाद वस्तुतः प्रत्यावर्तित होकर आया भारत मूलक व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष;

(8) शत्रु देश के साथ संघर्ष में या अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए तथा उसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए रक्षा सेवा के कार्मिकों के मामले में अधिक से अधिक 3 वर्ष;

(9) शत्रु देश के साथ संघर्ष में या अशांतिग्रस्त क्षेत्र में फौजी कार्रवाई के दौरान विकलांग हुए तथा इसके परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए रक्षा सेवा के अनुसूचित जातियों या अनुसूचित जनजातियों के कार्मिकों के मामले में अधिक से अधिक आठ वर्ष;

(10) यदि कोई उम्मीदवार वास्तविक रूप से प्रत्यावर्तित मूलतः भारतीय व्यक्ति (जिसके पास भारतीय परिपत्र हों) और ऐसा उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपातकाल का प्रमाण पत्र है और जो वियतनाम से जुलाई, 1975 से पहले भारत नहीं आया है तो उसके लिये अधिक से अधिक तीन वर्ष;

(11) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो और वियतनाम से वस्तुतः

प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो (जिसके पास भारतीय पारिपत्र हो) और ऐसा भी उम्मीदवार जिसके पास वियतनाम में भारतीय राजदूतावास द्वारा जारी किया गया आपात-काल का प्रमाण-पत्र हो और जो वियतनाम से जुलाई, 1975 के बाद भारत आया हो तो उसके लिए अधिक से अधिक आठ वर्ष तक।

(12) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया, उगांडा और तंजानिया संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) से प्रव्रजन किया हो या जांबिया, मलावी, जेरे और इथीयोपिया से प्रत्यावर्तित हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष;

(13) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो और भारत मूलक वास्तविक प्रत्यावर्तित व्यक्ति हो और कीनिया, उगांडा या तंजानिया संयुक्त गणराज्य (भूतपूर्व टांगानिका और जंजीबार) से प्रवासित हो या जाम्बिया, मलावी, जेरे और इथीयोपिया से भारत मूलक प्रत्यावर्तित व्यक्ति हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष;

(14) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधिकारियों (आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्प-कालिक सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने कम से कम 5 वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त या सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या अक्षमता के कारण कार्यमुक्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल छः महीनों के अन्दर पूरा होना है) उनके मामले में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक;

(15) जिन भूतपूर्व सैनिकों और कमीशन प्राप्त अधि-कारियों (आपातकालीन कमीशन प्राप्त अधिकारियों/अल्पकालीन सेवा कमीशन प्राप्त अधिकारियों सहित) ने कम से कम पांच वर्ष की सैनिक सेवा की है और जो कदाचार या अक्षमता के आधार पर बर्खास्त या सैनिक सेवा से हुई शारीरिक अपंगता या अक्षमता के कारण कार्यमुक्त न होकर अन्य कारणों से कार्यकाल के समापन पर कार्यमुक्त हुए हैं (इनमें वे भी सम्मिलित हैं जिनका कार्यकाल छः महीनों के अन्दर पूरा होना है) तथा जो अनुसूचित जातियां या अनुसूचित जन जातियों के हैं उनके मामले में अधिक से अधिक दस वर्ष तक।

ध्यान दें: —जिस उम्मीदवार को उपर्युक्त, नियम 5 (ख) या (ग) में उल्लिखित आयु सम्बन्धी रियायतें देकर परीक्षा में प्रवेश दिया गया है उसकी उम्मीदवारी उस स्थिति में रद्द कर दी जाएगी यदि आवेदन पत्र प्रस्तुत कर देने के बाद यह परीक्षा देने से पहले या बाद में सेवा से त्याग पत्र दे देता है या उसके विभाग/कार्यालय द्वारा उसकी सेवा समाप्त कर दी जाती है।

किन्तु आवेदन पत्र प्रस्तुत करने के बाद यदि उसकी सेवा या पद से छंटनी हो जाती है तो वह परीक्षा देने का पात्र बना रहेगा।

जो उम्मीदवार विभाग को अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत कर देने के बाद किसी अन्य विभाग/कार्यालय को स्थानान्तरित हो जाता है वह उस सेवा/पद हेतु विभाग की आयु संबंधी रियायत लेकर प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का पात्र रहेगा जिसका पात्र वह स्थानान्तरण न होने पर रहता बशर्ते कि उसका आवेदन-पत्र उसके मूल विभाग द्वारा अग्रेषित कर दिया गया हो।

उपर्युक्त व्यवस्था के अलावा निर्धारित आयु सीमा में किसी भी स्थिति में छूट नहीं दी जायेगी।

6. उम्मीदवार—

(क) के पास भारत के केन्द्रीय या राज्य विधान मण्डल द्वारा नियमित किसी विश्वविद्यालय की या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनु-दान आयोग अधिनियम 1956 की धारा 3 के अधीन विश्वविद्यालय के रूप में मानी गई किसी अन्य शिक्षा संस्थान से इंजीनियरी में डिग्री होनी चाहिये, अथवा

(ख) इंजीनियरी की संस्था (भारत) की परीक्षा का भाग क और ख उत्तीर्ण हो; अथवा

(ग) के पास किसी विदेशी विश्वविद्यालय/कालिज/संस्था से इंजीनियरी में डिग्री/डिपलोमा होना चाहिए, जिसे समय-समय पर इस प्रयोजन के लिये सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त हो, अथवा

(घ) इलेक्ट्रानिकी और दूर संचार इंजीनियरों की संस्था (भारत) की ग्रेजुएट मेम्बरशिप परीक्षा उत्तीर्ण हो; अथवा

(ङ) भारतीय वैमानिक सोसाइटी की एसोशिएट मेम्बरशिप परीक्षा भाग ।। और ।।। खंड क और ख उत्तीर्ण की; या

(च) नवम्बर, 1959 के बाद ली गई, इलेक्ट्रानिकी और रेडियो संचार इंजीनियरों की संस्था (लंदन) की ग्रेजुएट मेम्बरशिप परीक्षा उत्तीर्ण हो।

नवम्बर, 1959 से पहले इलेक्ट्रानिकी और रेडियो इंजीनियरों की संस्था (लंदन) की ग्रेजुएट मेम्बरशिप परीक्षा भी निम्नलिखित स्थितियों में स्वीकार्य होगी :—

(1) कि जिन उम्मीदवारों ने नवम्बर, 1959 से पहले ली गई परीक्षा उत्तीर्ण की है वे ग्रेजुएट मेम्बर-शिप परीक्षा की 1959 के बाद की योजना के अनुसार निम्नलिखित अतिरिक्त प्रश्न-पत्रों में बैठे हों और उनमें उत्तीर्ण हों—

(1) रेडियो और इलैक्ट्रानिकी 1 के सिद्धान्त (सेक्शन "ए") (2) गणित 2 (सेक्शन "बी")।

(2) कि सम्बद्ध उम्मीदवारों को उपर्युक्त (1) पर निर्धारित शर्तों को पूरा करने के लिये इलेक्ट्रानिकी और रेडियो इंजीनियरी की संस्था लन्दन से प्रमाण-पत्र लेकर प्रस्तुत करना चाहिये।

किन्तु वायरलैस आयोजन तथा समन्वय स्कन्ध/अनुश्रवण संगठन संचार मंत्रालय में इंजीनियरी ग्रुप क, समुद्रपार संचार सेवा में उप प्रभारी इंजीनियर ग्रुप क, आकाशवाणी में सहायक स्टेशन इंजीनियर ग्रुप क, भारतीय नौसेना आयुद्ध सेवा में इलेक्ट्रानिकी इंजीनियरी (पद) आकाशवाणी में सहायक इंजीनियर ग्रुप ख समुद्रपार संचार सेवा में सहायक इंजीनियर ग्रुप ख और समुद्रपार संचार सेवा में तकनीकी सहायक (ग्रुप ख अराजपत्रित) के पदों के लिये उम्मीदवारों के पास उपर्युक्त कोई योग्यता या निम्नलिखित योग्यता हो जैसे :—

वायरलैस संचार इलेक्ट्रानिकी रेडियो भौतिक या रेडियो इंजीनियरी के विशेष विषय के साथ एम. एस. सी. डिग्री या समकक्ष।

नोट 1—यदि कोई उम्मीदवार ऐसी परीक्षा में बैठ चुका हो जिसे वह उत्तीर्ण कर लेने पर वह शैक्षिक दृष्टि से इस परीक्षा में बैठने का पात्र हो जाता है, पर अभी उसे परीक्षा के परिणाम की सूचना न मिली हो तो वह भी इस परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए आवेदन कर सकता है। जो उम्मीदवार इस प्रकार की अर्हक परीक्षा में बैठना चाहता हो वह भी आवेदन कर सकता है। ऐसे उम्मीदवारों को यदि अन्यथा पात्र होंगे तो उन्हें परीक्षा में बैठने दिया जायेगा। परन्तु परीक्षा में बैठने की यह अनुमति अनंतिम मानी जायेगी और यदि वे अर्हक परीक्षा में उत्तीर्ण होने का प्रमाण जल्दी से जल्दी और हर हालत में 30 अक्तूबर, 1982 तक नीचे निर्धारित पत्र में प्रस्तुत नहीं करते तो यह अनुमति रद्द की जा सकती है।

नोट 2—विशेष परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र मान सकता है जिसके पास उपर्युक्त अर्हताओं में से कोई अर्हता न हो, बशर्ते कि उम्मीदवार ने किसी संस्था द्वारा ली गई कोई ऐसी परीक्षा पास कर ली हो जिसका स्तर आयोग के मतानुसार ऐसा हो कि उसके आधार पर उम्मीदवार को उक्त परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है।

नोट 3—जिस उम्मीदवार ने अन्यथा अर्हक प्राप्त कर ली है किन्तु उसके पास विदेशी विश्वविद्यालय की ऐसी डिग्री है जो सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त नहीं है वह भी आयोग को आवेदन कर सकता है और उसे आयोग की विवक्षा पर परीक्षा में प्रवेश दिया जा सकता है।

7. उम्मीदवारों को आयोग के नोटिस के पैरा 6 में निर्धारित शुल्क का भुगतान अवश्य करना चाहिये।

8. जो उम्मीदवार सरकारी नौकरी में स्थायी या अस्थाई रूप से काम कर रहे हों चाहे वे किसी काम के लिये विशिष्ट रूप से नियुक्त भी क्यों न हों पर आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त न हुए हों अथवा जो लोक उद्यमों में सेवारत हों उन सबको इस आशय का परिवचन (अन्डरटेकिंग) देना होगा कि उन्होंने अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष को लिखित रूप में यह सूचित कर दिया है कि उन्होंने परीक्षा के लिए आवेदन किया।

उम्मीदवारों को ध्यान रखना चाहिए कि यदि आयोग को उनके नियोक्ता से उनके उक्त परीक्षा के लिए आवेदन करने/परीक्षा में बैठने से सम्बद्ध अनुमति रोकते हुए कोई पत्र मिलता है तो उनका आवेदन-पत्र अस्वीकृत कर दिया जाएगा/उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

9. परीक्षा में बैठने के लिये उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

10. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमीशन) न हो।

11. जिस उम्मीदवार ने—

(1) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिये समर्थन प्राप्त किया है, अथवा

(2) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(3) किसी अन्य व्यक्ति से छद्मवेश रूप में कार्यसाधन कराया है, अथवा

(4) जाली प्रमाण-पत्र या ऐसे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये हैं जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा

(5) गलत या झूठे वक्तव्य दिये हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(6) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिये किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(7) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो, या

(8) उत्तर पुस्तिकाओं पर असंगत बातें लिखी हों जो अश्लील भाषा में या अभद्र आशय की हों, या

(9) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो, या

(10) परीक्षा चलाने के लिये आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो,

(11) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया हो,

तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से जिसका वह उम्मीदवार है बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे अस्थाई रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए—

(1) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिये,

(2) केन्द्रीय सरकार द्वारा उनके अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, और

(ग) यदि वह सरकार के अधीन पहले से ही सेवा में है तो उसके विरुद्ध उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई वारित तब तक नहीं की जाएगी जब तक—

(1) उम्मीदवार को इस सम्बन्ध में लिखित अभ्यावेदन, जो वह देना चाहे प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो, और

(2) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न कर लिया गया हो।

12. जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा में, आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेते हैं उन्हें आयोग की विवेज्ञा पर व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिये बुलाया जायेगा।

परन्तु यदि आयोग के मतानुसार सामान्य स्तर के आधार पर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के लिये आरक्षित रिक्तियों के लिये इन जातियों के उम्मीदवार पर्याप्त संख्या में व्यक्तित्व परीक्षण के लिये साक्षात्कार हेतु नहीं बुलाये जा सकते तो आयोग उनको स्तर में छूट देकर व्यक्तित्व परीक्षण हेतु साक्षात्कार के लिये बुला सकता है।

13. साक्षात्कार के बाद आयोग हर एक उम्मीदवार को अन्तिम रूप से लिये गये कुल प्राप्तकों के आधार पर उनके योग्यता क्रम के अनुसार उनके नामों की सूची बनायेगा और इस परीक्षा का परिणाम निकलने पर जितनी अनारक्षित खाली जगहों पर भर्ती करने का फैसला किया गया हो उतने ही ऐसे उम्मीदवारों को योग्यता क्रम के अनुसार नियुक्त करने के

लिये अनुशंसा की जायेगी जो आयोग द्वारा परीक्षा में योग्य पाये गये हों।

परन्तु यदि सामान्य स्तर से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के लिये आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवार नहीं भरे जा सकते हों, तो आरक्षित कोटा में कमी पूरी करने के लिये आयोग स्तर में छूट देकर चाहे परीक्षा के योग्यता क्रम में उनका कोई स्थान हो, नियुक्ति के लिये अनुशंसित किये जा सकेंगे, बशर्ते कि वे उम्मीदवार इन सेवाओं/पदों पर नियुक्ति के लिये उपयुक्त हों।

14. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाये, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा और आयोग उनसे परीक्षाफल के बारे में कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

15. नियमों की अन्य व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा के परिणाम पर नियुक्ति करते समय उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र में विभिन्न सेवाओं/पदों के लिये बताये गये वरीयता क्रम पर आयोग द्वारा उचित ध्यान दिया जायेगा।

16. परीक्षा में पास हो जाने मात्र से ही नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता, इसके लिये आवश्यक है कि सरकार आवश्यकतानुसार जांच करके इस बात से संतुष्ट हो जाये कि उम्मीदवार चरित्र तथा पूर्ववृत्त की दृष्टि से इस सेवा में नियुक्ति के लिये हर प्रकार से उपयुक्त है।

17. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिये और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिये जो सम्बन्धित सेवा के अधिकारों के रूप में अपने कर्तव्य को कुशलता पूर्वक निभाने में बाधक हो। यदि विहित डाक्टर परीक्षा जो सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा निर्धारित की जाए, यथास्थिति के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि इन शर्तों को पूरी नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जायेगी।

परीक्षा के लिखित भाग के आधार पर जो उम्मीदवार साक्षात्कार के लिये अर्हता प्राप्त कर लेते हैं उनकी डाक्टरी जांच साक्षात्कार की तारीख के तुरंत बाद आने वाले कार्य दिवस को की जायेगी (दूसरे शनिवार को छोड़कर रविवार और छुट्टियों वाले दिन डाक्टरी जांच नहीं होगी)। इस प्रयोजन के लिये सभी सफल उम्मीदवारों को प्रातः 9.00 बजे, अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, केन्द्रीय अस्पताल, उत्तरी रेलवे, बसन्त लेन, नई दिल्ली पर उपस्थित होना पड़ेगा। यदि उम्मीदवार चश्मा लगाते हों तो उन्हें हाल ही के चश्मे के नम्बर के साथ मेडिकल बोर्ड के सामने उपस्थित होना चाहिये।

डाक्टरी जांच की तारीख या स्थान में परिवर्तन का अनुरोध सामान्यतः स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उम्मीदवारों को यह नोट कर लेना चाहिये कि किसी भी हालत में डाक्टरी जांच से छूट के अनुरोध पर विचार नहीं किया जायेगा।

उम्मीदवारों का ध्यान इसमें प्रकाशित शारीरिक परीक्षा से सम्बन्धित विनियमों की ओर आकर्षित किया जाता है। उसमें विभिन्न सेवाओं के लिये शारीरिक स्वस्थता के मापदण्ड अलग-अलग हैं। अतः उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि जिन सेवाओं के लिये वे प्रतियोगी हैं जिनके सेवाओं/पदों के लिये मं. लो. से. आ. को वरीयता बतायी है उन सेवाओं के विशेष संवर्ग में इन मापदंडों को ध्यान में रखें।

उम्मीदवार यह भी नोट कर लें कि—

(1) उनको (सोलह रुपये) रु. 16/-की नकद राशि मेडिकल बोर्ड को भुगतान करनी होगी;

(2) डाक्टरी जांच के सम्बन्ध में की गई यात्राओं के लिये उम्मीदवारों को कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जायेगा; और

(3) उम्मीदवार की डाक्टरी जांच हो जाने का अर्थ यह नहीं होगा कि नियुक्ति के लिये उसके मामले पर विचार किया ही जायेगा।

उम्मीदवार यह नोट कर लें कि उनको रेलवे मंत्रालय द्वारा डाक्टरी जांच से संबंधित अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जायेगी।

निराशा से बचने के लिए उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन करने से पहले सिविल सर्जन के स्तर के सरकारी चिकित्सा अधिकारी से अपनी डाक्टरी परीक्षा करा लें। उम्मीदवारों को नियुक्ति से पहले जिन डाक्टरी परीक्षाओं में गुजरना होगा उनके स्वरूप के विवरण और मानक परिशिष्ट ।। में दिये गये हैं। 1971 के भारत-पाक संघर्ष के दौरान विकलांग हुए और परिणामस्वरूप निर्मुक्त हुए भूतपूर्व सैनिकों और सीमा सुरक्षा दल में कार्य करते हुए विकलांग हुए व्यक्तियों को प्रत्येक सेवा की अपेक्षाओं में स्तर में छूट दी जायेगी।

18. जिस व्यक्ति ने—

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है जिसका जीवित पति/पत्नी पहले से है, या

(ख) जीवित पति/पत्नी के रहते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबन्ध किया है, तो वह सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा।

परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाये कि ऐसा विवाह ऐसे व्यक्ति तथा विवाह के दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अनुसार स्वीकार्य है और ऐसा करने के अन्य कारण भी हैं, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है।

19. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि सेवा में प्रवेश से पहले हिन्दी का कुछ ज्ञान विभागीय परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने में सहायक होगा जो कि उम्मीदवार को सेवा में प्रवेश के बाद उत्तीर्ण करनी है।

20. इस परीक्षा के माध्यम से जिन सेवाओं/पदों के संबंध में भर्ती की जा रही है उनका संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट ।।। में दिया गया है।

हिम्मत सिंह, सचिव

परिशिष्ट 1

1. परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार आयोजित की जाएगी :—

भाग ।—लिखित परीक्षा दो भागों में होगी। भाग। में केवल वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न होंगे और भाग ।। में परम्परागत प्रश्नपत्र होंगे। दोनों भागों में संगत इंजीनियरी शिक्षा शाखाओं जैसे सिविल इंजीनियरी, यांत्रिक इंजीनियरी, विद्युत इंजीनियरी और इलैक्ट्रानिकी तथा दूर संचार इंजीनियरी की पूरी पाठ्यचर्या होगी। इन प्रश्न पत्रों के लिए निर्धारित स्तर

तथा पाठ्यचर्या परिशिष्ट की अनुसूची में दिये गए हैं। लिखित परीक्षा का विवरण जैसे विषय, प्रत्येक विषय के लिए निर्धारित समय और अधिकतम अंक नीचे पैरा 2 में दिए गये हैं।

भाग II.—लिखित परीक्षा के आधार पर अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों का व्यक्तित्व परीक्षण जो अधिकतम 200 अंकों का है।

2. **लिखित परीक्षा निम्न विषयों में ली जाएगी:—**

श्रेणी I सिविल इंजीनियरी

(नियमावली की प्रस्तावना देखिए)

विषय	कोड	अवधि	पूर्णांक
खण्ड I—वस्तुपरक प्रश्न पत्र			
सामान्य योग्यता परीक्षण		2 घंटे	200
(भाग क: सामान्य अंग्रेजी)	01		
(भाग ख: सामान्य अध्ययन)	02		
सिविल इंजीनियरी प्रश्न पत्र-I	11	2 घंटे	200
सिविल इंजीनियरी प्रश्न पत्र-II	12	2 घंटे	200
खण्ड II—परम्परागत प्रश्न पत्र			
सिविल इंजीनियरी प्रश्न पत्र I	13	3 घंटे	200
सिविल इंजीनियरी प्रश्न पत्र-II	14	3 घंटे	200
योग			1000

श्रेणी II—यांत्रिक इंजीनियरी

(नियमावली की प्रस्तावना देखिए)

विषय	कोड	अवधि	पूर्णांक
खण्ड I—वस्तुपरक प्रश्न पत्र			
सामान्य योग्यता परीक्षण		2 घंटे	200
(भाग क: सामान्य अंग्रेजी)	01		
(भाग ख: सामान्य अध्ययन)	02		
यांत्रिक इंजीनियरी प्रश्न पत्र I	21	2 घंटे	200
यांत्रिक इंजीनियरी प्रश्न पत्र II	22	2 घंटे	200
खण्ड II—परम्परागत प्रश्न पत्र			
यांत्रिक इंजीनियरी प्रश्न पत्र I	23	3 घंटे	200
यांत्रिक इंजीनियरी प्रश्न पत्र II	24	3 घंटे	200
योग			1000

श्रेणी III—वैद्युत इंजीनियरी

(नियमावली की प्रस्तावना देखिए)

विषय	कोड	अवधि	पूर्णांक
खण्ड I वस्तुपरक प्रश्न पत्र			
सामान्य योग्यता परीक्षण		2 घंटे	200
(भाग क: सामान्य अंग्रेजी	01		
भाग ख: सामान्य अध्ययन)	02		
वैद्युत इंजीनियरी प्रश्न पत्र I	41	2 घंटे	200
वैद्युत इंजीनियरी प्रश्न पत्र II	42	2 घंटे	200
खण्ड II परम्परागत प्रश्न पत्र			
वैद्युत इंजीनियरी प्रश्न पत्र-I	43	3 घंटे	200
वैद्युत इंजीनियरी प्रश्न पत्र II	44	3 घंटे	200
योग			1000

श्रेणी—IV इलेक्ट्रॉनिकी और दूर संचार इंजीनियरी

(नियमावली की प्रस्तावना देखिए)

विषय	कोड	अवधि	पूर्णांक
खण्ड I वस्तुपरक प्रश्न पत्र			
सामान्य योग्यता परीक्षण		2 घंटे	200
(भाग क: सामान्य अंग्रेजी)	01		
(भाग ख: सामान्य अध्ययन)	02		
इलेक्ट्रॉनिकी तथा दूर संचार इंजीनियरी प्रश्न पत्र-I	61	2 घंटे	200
इलेक्ट्रॉनिकी तथा दूर संचार इंजीनियरी प्रश्न पत्र-II	62	2 घंटे	200
खण्ड II—परम्परागत प्रश्न पत्र			
इलेक्ट्रानिकी तथा दूर संचार इंजीनियरी प्रश्न पत्र I	63	3 घंटे	200
इलेक्ट्रॉनिक्स तथा दूर संचार इंजीनियरी प्रश्न पत्र II	64	3 घंटे	200
योग			1000

3. व्यक्तित्व परीक्षण करते समय उम्मीदवार की नेतृत्व क्षमता पहल तथा मेधा शक्ति, व्यवहार कुशलता तथा अन्य सामाजिक गुण, मानसिक तथा शारीरिक ऊर्जास्विता, प्रायोगिक अनुप्रयोग की शक्ति और चारित्रिक निष्ठा के निर्धारण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

4. सभी प्रश्न-पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में दिये जाये।

5. उम्मीदवारों को प्रश्न पत्रों के उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे। किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिये अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

6. आयोग अपनी विवक्षा से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक अंक निर्धारित कर सकता है।

7. केवल सतही ज्ञान के लिये अंक नहीं दिये जायेंगे।

8. लिखाई खराब होने पर लिखित विषयों के पूर्णांक में से 5 प्रतिशत तक अंक काट लिये जायेंगे।

9. परीक्षा के परम्परागत प्रश्न-पत्र में इस बात को श्रेय दिया जायेगा कि अभिव्यक्ति कम शब्दों में क्रमबद्ध, प्रभाव पूर्ण ढंग की और सही हो।

10. प्रश्न-पत्रों में यथा आवश्यक तौल और माप की मीटरी प्रणाली से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे।

नोट—उम्मीदवारों को जब भी जरूरी समझा जाएगा परीक्षा भवन में सन्दर्भ हेतु भारतीय मानक संस्था द्वारा संकलित तथा प्रकाशित मीटरी इकाइयों की सारणी उपलब्ध कराई जाएगी।

11. उम्मीदवारों को परंपरागत (निबंध) प्रकार के प्रश्न पत्रों के लिए बैटरी से चलने वाले पाकेट केलकुलेटर परीक्षा भवन में लाने और उनका प्रयोग करने की अनुमति है। परीक्षा भवन में किसी से केलकुलेटर मांगने या आपस में बदलने की अनुमति नहीं है।

यह ध्यान रखना भी आवश्यक है कि उम्मीदवार वस्तुपरक प्रश्न पत्रों (परीक्षण पुस्तिका) का उत्तर देने के लिए केलकुलेटरों का प्रयोग नहीं कर सकते। अतः वे उन्हें परीक्षा भवन में न लाएं।

12. उम्मीदवारों को प्रश्न पत्रों के उत्तर लिखते समय भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप (अर्थात् 1, 2, 3, 4, 5, 6 आदि) का ही प्रयोग करना चाहिए।

परिशिष्ट 1 की अनुसूची

स्तर और पाठ्यक्रम

सामान्य योग्यता परीक्षण के प्रश्न पत्र का स्तर वैसा ही होगा जैसा कि एक इंजीनियरी/विज्ञान स्नातक से अपेक्षा की जाती है। अन्य विषयों के प्रश्न पत्रों के स्तर एक भारतीय विश्वविद्यालय के इंजीनियरी डिग्री स्तर की परीक्षा के अनुरूप होगा। किसी भी विषय में प्रायोगिक परीक्षा नहीं होगी।

सामान्य योग्यता परीक्षण

भाग (क) :—सामान्य: अंग्रेजी (कोड सं. 01) अंग्रेजी का प्रश्न पत्र इस प्रकार बनाया जाएगा ताकि उम्मीदवार की अंग्रेजी भाषा की समझ और शब्दों के कुशल प्रयोग की जांच हो सके।

भाग (ख) :—सामान्य अध्ययन (कोड सं. 02) सामान्य अध्ययन के प्रश्न पत्र से सामयिक घटनाओं और ऐसी बातों की, उनके वैज्ञानिक पहलुओं पर ध्यान देते हुए, जानकारी सम्मिलित होगी जो प्रतिदिन के अनुभव में आती है तथा जिनकी किसी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जा सकती है। प्रश्न पत्र में भारत के इतिहास और भूगोल के ऐसे प्रश्न भी सम्मिलित होंगे जिनका उत्तर उम्मीदवार विशेष अध्ययन किए बिना ही दे सकेंगे।

सिविल इंजीनियरी

(वस्तुपरक तथा परम्परागत दोनों प्रश्न-पत्रों के लिये)

प्रश्न-पत्र—I

वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न-पत्र के लिये कोड सं. 11 और परंपरागत प्रश्न-पत्र के लिए कोड सं. 13

1. भवन सामग्री और निर्माण—पत्थर, इमारती लकड़ी ईंट, सिमेंट, लेप, कंक्रीट रचिति, इस्पात।
2. धन यांत्रिकी
   प्रतिबल, विकृति, धन द्रव्य का विफलन सिद्धान्त, साधारण बंकन और विमोटन के सिद्धांत, अपरूपण केन्द्र
3. आलेखी स्थैतिकी
   बल बहुभुज, प्रतिबल आरेख
4. संरचनात्मक विश्लेषण
   ट्रसेस और फ्रेम का विश्लेषण
   प्लास्टिक विश्लेषण का परिचय
5. धातु संरचना का अभिकल्पन
   कार्यकारी प्रतिबल और साधारण संरचना के चरम सामर्थ्य अभिकल्पन
6. कंक्रीट और चिनाई रचना के अभिकल्पन
   चिनाई दीवार का अभिकल्पन, कार्यकारी प्रतिबल समतल का अभिकल्पन, प्रबलित और प्रतिबलित कंक्रीट, प्रबलित और प्रतिबलित कंक्रीट का चरम सामर्थ्य अभिकल्पन।

प्रश्न पत्र—II

वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न पत्रों के लिए कोड सं. 12 और परंपरागत प्रश्न पत्र के लिए कोड सं. 14

1. तरल यांत्रिकी, जल स्रोत, इंजीनियरी
   विवृत चैनल, और पाइप प्रवाह, जल विज्ञान, नहरों का अभिकल्पन, और जलीय संरचना
2. मृदा यांत्रिकी और आधार इंजीनियरी सामर्थ्य पैरामीटर, भूमि दाब सिद्धांत, उथले और गहरे आधारों का अभिकल्पन
3. सर्वेक्षण सहित परिवहन इंजीनियरी
   सड़क, अतिउन्नयन, नियमन प्रवणता, फुटपाथ, यातायात नियंत्रण, विचारणीय अभिकल्पन
4. पर्यावरण इंजीनियरी
   जल स्वच्छता, सीवेज अभिक्रिया एवं निपटान
5. निर्माण, नियोजन और प्रबन्ध
   निर्माण पद्धति के तत्व, बार चार्ट, सी. पी. एम. पी. ई. आर. टी.।

यांत्रिक इंजीनियरी

(वस्तुपरक तथा परम्परागत दोनों प्रश्न पत्रों के लिए)

प्रश्न-पत्र—I

वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न पत्रों के लिए कोड सं. 21 और परंपरागत प्रश्न पत्र के लिए कोड सं. 23

1. उष्मागतिकी
   नियम, आदर्श गैसों और वाष्प के गुण धर्म, विद्युत चक्र, गैस पावर चक्र, गैस टरबाइन चक्र, ईंधन और दहन
2. आई. सी. इंजन
   सी. आई. और एस. आई. इंजन, अभिस्फोटन, ईंधन अन्तः श्वेपण और काबूरेशन निष्पावन और परीक्षण. टर्बो जेट और टर्बो प्रोपेलर इंजन, राकेट इंजन नाभिकीय शक्ति संयंत्र और नाभिकीय ईंधन का प्रारम्भिक ज्ञान।
3. वाष्प बायलर, इंजन, वाष्प टरबाइन, प्रारूप, नाजल से वाष्प प्रवाह, आवेग और अभिक्रिया टरबाइन के वेग आरेख। दक्षता और नियंत्रण।
4. संपीडित्र, गैस गतिकी और गैस टरबाइन प्रत्यगामी, केन्द्रभिमुख और अक्षीय प्रवाह के संपीडित्र वेग आरेख/दक्षता और निष्पावन। प्रवाह पर यांत्रिक अंकों का प्रभाव, आइसेन ट्रापिक प्रवाह, नोजल से सामान्य प्रपात और प्रवाह बहुचरणीय संपीडन सहित गैस टरबाइन चक्र, पुर्नतापन, पुनरुत्पादन।
5. उष्मा अन्तरण, प्रशीतन और वातानुकूलन चालन, संवहन और विकिरण उष्मा/विनिमयक प्ररूप। संमिलित उष्मा अंतरण। संपूर्ण उष्मा अंतरण गुणांक। प्रशीतन और उष्मा पम्प चक्र। प्रशीतन प्रणाली। निष्पादन के गुणांक—साइक्रोमीट्रिक और साइक्रोमीट्रिक चार्ट कम्फर्ट सूचक, प्रशीतन और निरार्द्रीकरण विधि। औद्योगिक वातानुकूलन प्रक्रिया। शीतलन और तापन भार गणना।
6. तरलों के वर्गीकरण और गुणधर्म, तरल स्थैतिकी शुद्ध गतिकीय और गतिकी; सिद्धांत और प्रयोग। दाबांतरमापीय और उत्प्लावन। आदर्श तरलों का प्रवाह। स्तरीय तथा प्रक्षुब्ध प्रवाह। पटिगीमा स्तर सिद्धांत। निमज्जित वस्तुओं पर प्रवाह। पाइपों और खुली नालियों में प्रवाह, विमीय विश्लेषण तथा सादृश्य तकनीक अविमीय विशिष्ट गति तथा सामान्यतः तरल मशीनों का वर्गीकरण ऊर्जा हस्तांतरण सम्बन्ध। पम्पों और आवेगों तथा प्रतिक्रिया जल टरबाइन का निष्पादन और संचालन। द्रवगतिक विद्युत संचारण।

प्रश्न पत्र—।।

वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न पत्रों के लिए कोड सं. 22 और परंपरागत प्रश्न पत्र के लिए कोड सं. 24

7. मशीनों का सिद्धांत (1) गतिमान पिंड (2) मशीनों के वेग और त्वरण ग्लाइन का निर्माण, मशीनों में जड़त्व बल कैम्स, गीयर और गियर्न गति-पालक चक्र और नियामक पिंडों का पूर्णी एवं प्रत्यगा-मीसंतुलन स्वतंत्र और प्रणोदित कम्पमान की प्रणाली शैफ्ट की क्रांतिक गति और भ्रमरी।

8. मशीन अभिकल्पन—पेच बन्धन और पावर स्क्रू का जोड़—कुंजियां कोटर्स, युग्मन—वेल्ड संधि पार-गमन पद्धति :—पट्टा और चेन चालित—तार रज्जु—शेफ्ट।

गिअर—सर्पी और रोलिंग बेयरिंग।

9. पदार्थों की सबलता :
द्विवमीय प्रतिबल और विकृति मोहर से चक्र प्रत्या-स्थिरता के बीच सम्बन्ध।

किरणपुंज—बंकन आघूर्ण अपरूपक बल और विक्षेप शैफ्ट—सम्मिलित बंकन प्रत्यक्ष और मरोड़ी प्रतिबल। स्थूल—वेल्ड सिलिन्डर और दाब के अन्तर्गत गोलक स्प्रिंग, आलंबन स्तंभ और कालम, विफलन का सिद्धांत।

10. इंजीनियरी पदार्थ :

मिश्र धातु और धातुमिश्रण ताप अभिक्रिया; संयोजन गुणधर्म और प्रयोग प्लास्टिक और अन्य नये इंजीनियरी पदार्थ।

11. उत्पादन इंजीनियरी :

धातु मशीनीकरण :—कर्तन औजार, औजार धातु, घिसाई और यांत्रीकरणीयता कर्तन शक्ति का माप प्रक्रियाएं—मशीनीकरण—प्रेषण, वेधन, गीअर, निर्माण धातु रूपांकन, धातु संचकन और सम्मिलन बेसिक, विशेष प्रयोजन, कार्यक्रम और संख्यात्मक। नियंत्रित मशीनी औजार, जिग और अनुलग्नी (तत्वों का अवस्थापन)।

12. औद्योगिक इंजीनियरी :
कार्य अध्ययन और कार्य की माप मजदूरी प्रोत्साहन उत्पादन कीमत और उत्पादन प्रणाली का अभि-कल्पन, संयंत्र विन्यास के सिद्धांत—उत्पादन नियोजन एवं नियंत्रण, पदार्थ व्यवस्था, संक्रिय विज्ञान। रैखिक प्रोग्रामन पंक्ति सिद्धांत इंजीनियरी जाल विश्लेषण। सी. पी. एम. एवं पी. ई. आर. टी. संगणकों का उपयोग।

वैद्युत इंजीनियरी

(वस्तुपरक और परम्परागत दोनों प्रश्न-पत्रों के लिए)

प्रश्न पत्र—।

बस्तपरक प्रकार के प्रश्न पत्र के लिए कोड सं. 41 और परंपरागत प्रश्न पत्र के लिए कोड सं. 43

1. वैद्युत परिपथ :

जाल प्रमेय, ज्यावक्रीय जाल के सोपानों, रैम्प, आवेग और ज्यावक्रीय निवेश की अनुक्रिया. आवृति क्षेत्र का विश्लेषण, द्विवप्रदार जाल संश्लेषन का तत्व। संकेत-प्रवाह ग्राफ।

2. ई. एम. सिद्धांत :

वैद्युत स्थैतिक, मदिश प्रणाली का प्रयोग करते हुए चुम्बक स्थैतिक चुम्बकीय पदार्थों और चालक के अन्तर्गत परावैद्युत के क्षेत्र। समय परवर्ती क्षेत्र, मैक्सवेल का समीकरण, चालन परावैद्युत मीडिया में समतल तरंग संचरण, संचरण लाइन का गुणधर्म।

3. पदार्थ विज्ञान : (वैद्युत—पदार्थ)

पट्ट सिद्धांत स्थितिज और वैकल्पिक क्षेत्रों का व्यवहार, दाव विद्युत्। धातु की चालकता अति-चालकता, पदार्थों का चुम्बकीय गुणधर्म। फेरो और फेरी—चुम्बकत्व अर्द्धचालकों में चालकता हाल प्रभाव।

4. वैद्युत मापन :

मापन के सिद्धांत। परिपथ पेरामीटर का सेतु मापन। माप यंत्र। वी. टी. वी. एम. तथा सी. आर. ओ. क्यू.—मीटर, स्पेक्ट्रम विश्लेषक। ट्रान्सड्यूसर्स तथा गैर-वैद्युत् मात्राओं का मापन, अंकीय मापन दूर-मापन तथ्य अभिलेखन तथा प्रदर्श।

प्रश्न पत्र—।।

वस्तुपरक प्रकार के प्रश्न पत्र के लिए कोड सं. 42 और परंपरागत प्रश्न पत्र के लिए कोड सं. 44

5. अभिकलन के तत्व :

अंकीय प्रणाली, एल्गोरिदम विधियों, प्रवाह-संचित्रण भाण्डारण: प्ररूप विवरण, सारणी भाण्डारण अंक गणित निष्पीड़न, तार्किक निष्पीड़न निर्दिष्टीकरण विवरण, कार्यक्रम संरचना, वैज्ञा-निक तथा इंजीनियरी अनुप्रयोग।

6. वैद्युत् उपकरण तथा प्रणालियां:

वैद्युत यांत्रिकी : वैद्युत यांत्रिकीय ऊर्जा रूपान्तरण के सिद्धांत। डी. सी., तुल्यकालिक तथा प्रेरण मशीनों का विश्लेषण। भिन्न कम से अश्व-शक्ति मोटर। नियंत्रण प्रणालियों में मशीनें। ट्रांसफार्मर्स। चुम्ब-कीय परिपथ तथा परिचालनों के लिए मोटरों का चयन।

विद्युत प्रणाली:—विद्युत उत्पादन : तापीय, जलीय चालक, विद्युत प्रणाली रक्षण। आर्थिक परिचालन, लोड आवृति—नियंत्रण, स्थापित्व विश्लेषण।

7. नियंत्र प्रणालियां :

विवृत—पाश तथा सवृत पाश प्रणालियां, अनुक्रिया विश्लेषण, मूल केन्द्र प्रविधि, स्थायित्व, प्रतिपूरण तथा अभिकल्पन प्रविधियां। स्थिति-परिवर्ती उप-गमन।

8. इलैक्ट्रानिकी तथा संचार:

इलैक्ट्रानिकी:—घनावस्था युक्तियां तथा परिपथ। लघु सिगनल प्रवर्धक अभिकल्प, पूनर्भरण प्रवर्धक दोलीम तथा संक्रियात्मक प्रवर्धक एफ.ई.टी. परि-पथ तथा रैखिक आई.सी.। स्विचन परिपथ बूलीय बीजगणित, तर्क परिपथ, सांयोजिक तथा अनुक्रमिक अंकीय परिपथ।

संचार:—सिगनल विश्लेषण, सिगनलों का प्रेषण। माडूलन तथा विभिन्न प्रकार की संचार प्रणालियों का समूचन। संचार प्रणालियों का निष्पादन।

इलैक्ट्रानिकी तथा दूरसंचार इंजीनियरी

(वस्तुपरक तथ्य परंपरागत दोनों प्रकार के प्रश्न-पत्रों के लिए)

प्रश्न-पत्र-1 वस्तु परक प्रकार के प्रश्न पत्र के लिए कोड़ सं. 61 और परम्परागत प्रश्न पत्र के लिए कोड़ सं. 63

पदार्थ

1. सामग्री, घटक तथा युक्तियां,:

वैद्युत इंजीनियरी सामग्रियों की संरचना तथा गुण-धर्म। निष्क्रिय घटक—प्रकार तथा गुणधर्म। सक्रिय घटक—प्रकार तथा गुणधर्म। घनावस्था युक्तियां भौतिक, लक्षण तथा नमूने।

2. जाल सिद्धांत:

जाल प्रमेय। विद्युत परिपथों की स्थिर अवस्था तथा क्षणिक अनुक्रिया। परिपथ जाल विश्लेषण। प्रारम्भिक परिपथ जाल संश्लेषण।

3. विद्युत चुम्बकीय सिद्धांत:

क्षेत्रगत सिद्धांत। संचरण लाइन सिद्धांत। एंटेना सिद्धांत। परिबद्ध तथा अपरिबद्ध मीडिया में विद्युत चुम्बकीय तरंगों का पवर्तन।

4. मापन तथा यंत्रीकरण.

वैद्युत मात्राओं का आधारभूत माप। यंत्रों का मापन तथा उनकी कार्य-प्रणाली का सिद्धांत। ट्रान्सड्यूसर्स। गैर वैद्युत मात्राओं का माप।

प्रश्न-पत्र-2 वस्तु परक प्रकार के प्रश्न पत्र के लिए कोड़ सं. 62 और परम्परागत प्रश्न पत्र के लिए कोड़ सं, 64

1. रैखिक तथा अरैखिक अनुरूप परिपथ:
मूल रैखिक इलैक्ट्रानिक परिपथ। स्पंद—रूपण परिपथ। तरंग आकार जनित्र। स्थायीकारक।

2. अंकीय परिपथ:
तर्क परिपथ तथा गेट। संगणक परिपथ। संयोजिक तथा अनुक्रमिक परिपथ।

3. नियंत्रण प्रणालियां.
पुनर्भरण सिद्धांत। नियंत्रण प्रणाली घटक। नियंत्रण प्रणालियों की प्रतुक्रिया। व्यवहारिक प्रणाली का अभिकल्पन।

4 संचार प्रणालियां:
मूल सूचना सिद्धांत। माडूलन तथा संसूचन प्रक्रियाएं। विभिन्न प्रकार की संचार प्रणालियां। रेडियो तथा लाइन संचार। दूरदर्शन तथा रेडार। संचालन महाय। अनुगामी संचार सिद्धांत।

5. सूक्ष्म-तरंग इंजीनियरी:

सूक्ष्म-तरंग स्रोत। सूक्ष्म-तरंग घटक तथा जाल। मापन तथा सूक्ष्म-तरंग आवृतियां। सूक्ष्म-तरंग संचार प्रणालियां।

परिशिष्ट—2

उम्मीदवारों की शारीरिक परीक्षा के बारे में विनिमय

[ये विनियम उम्मीदवारों की सुविधा के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ताकि वे यह अनुमान लगा सकें कि वे अपेक्षित शारीरिक स्तर के हैं या नहीं । ये विनियम स्वास्थ्य परीक्षकों (मेडिकल एग्जामिनर्स) को मार्ग निर्देशन के लिए भी हैं तथा जो उम्मीदवार इन विनियमों में निर्धारित न्यूनतम अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है तो उसे स्वास्थ्य परीक्षकों द्वारा स्वस्थ घोषित नहीं किया जा सकता। किन्तु किसी उम्मीदवार को इन विनियमों में निर्धारित मानक के अनुसार स्वस्थ न पाते हुए भी स्वास्थ्य परीक्षी बोर्ड को इस बात की अनुमति होगी कि वह लिखित रूप से स्पष्ट कारण देते हुए, भारत सरकार को यह अनुशंसा कर सके कि उक्त उम्मीदवार को सेवा में लिया जा सकता है और इससे सरकार को कोई हानि नहीं होगी।

2. किन्तु यह बात भी भली प्रकार समझ लेनी चाहिए कि भारत सरकार को स्वास्थ्य परीक्षा बोर्ड की रिपोर्ट पर विचार करके उसे स्वीकार या अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार होगा।]

1. नियुक्ति के लिए स्वस्थ ठहराए जाने के लिए यह जरूरी है कि उम्मीदवार का मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक हो और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष न हो जिससे नियुक्ति के बाद दक्षतापूर्वक काम करने में बाधा पड़ने की सम्भावना हो।

2. (क) भारतीय (एग्लो इंडियन सहित) जाति के उम्मीदवारों की आयु, कद और छाती के घेर के परस्पर सम्बन्ध के बारे में मैडिकल बोर्ड के ऊपर यह बात छोड़ दी गई है कि वह उम्मीदवारों की परीक्षा में मार्गदर्शन के रूप में जो भी परस्पर सम्बन्ध के आंकड़े सबसे अधिक उपयुक्त समझे, व्यवहार में लाए। यदि वजन, कद और छाती के घेरे में विषमता हो तो जांच के लिए उम्मीदवार को अस्पताल में रखना चाहिए और उसकी छाती का एक्स-रे लेना चाहिए। ऐसा करने के बाद ही बोर्ड उम्मीदवार को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ घोषित करेगा।

(ख) किन्तु कुछ सेवाओं के लिए कद और छाती के घेरे के लिए कम से कम मानक निम्नलिखित है, जिस पर पूरा न उतरने पर उम्मीदवार को स्वीकार नहीं किया जा सकता:—

सेवा का नाम	कद	छाती का घेर (पूरा फुला कर)	फैलाव
रेल इंजीनियरी सेवा (सिविल, पथ, यांत्रिक और सिग्नल) और के० लो० नि० वि० में केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' तथा केन्द्रीय वैद्युत् इंजीनियरी सेवा			
ग्रुप क.			
(क) पुरुष उम्मीदवारों के लिये	152 सें० मी०	84 स०मी०	5 सें० मी०
(ख) महिला उम्मीदवारों के लिये	150 सें०मी०	79 सें०मी०	5 सें० मी०

अनुसूचित जन जातियों तथा उन जातियों जैसे गोरखाओं गढ़वालियों, असमियों, नागालैंड के आदिवासियों आदि जिनका औसत कद स्पष्टतः ही कम होता है, के मामले में भी निर्धारित न्यूनतम कद में छूट दी जा सकती है।

(ग) सेना इंजीनियरी सेवाओं, ग्रुप 'क' भारतीय आयुध कारखाना सेवा ग्रुप 'क' (तथा कर्मशाला अधिकारी ग्रुप क और ग्रुप ख के लिए छाती की नाप में कम से कम 5 सें. मी. के फैलाव की गुंजाइश रखनी होगी।

3. उम्मीदवार का कद निम्नलिखित विधि में मापा जाएगा:—

वह अपने जूते उतार देगा और माप दण्ड (स्टैंडर्ड) से इस प्रकार सटा कर खड़ा किया जाएगा कि उसके पांव आपस में जुड़े रहें और उसका वजन, सिवाय एड़ियों के पांवों के अंगूठों या किसी और हिस्से पर न पड़े। वह बिना अकड़े सीधा खड़ा होगा और उसकी एड़ियां, पिंडलियां, नितम्ब और कंधे माप दंड के साथ लगे होंगे। उसकी ठोड़ी नीचे रखी जाएगी ताकि सिर का स्तर (बर्टेक्स आफ दी हैड लेवल) हारिजेंटल बार (आड़ी छड़) नीचे आए। कद सेंटीमीटरों और आधे सेंटीमीटरों में मापा जाएगा:—

4. उम्मीदवार की छाती मापने का तरीका इस प्रकार है—

उसे इस भांति खड़ा किया जाएगा कि उसके हाथ जुड़े हों और उसकी भुजाएं सिर से ऊपर उठी हों। फीते को छाती के गिर्द इस तरह लगाया जाएगा कि इसका ऊपरी किनारा असफलक (शोल्डर ब्लेड) के निम्न कोणों (इन्फीरियर एंगिल्स) के पीछे लगा रहे और यह फीते को छाती के गिर्द ले जाने पर उसी आड़े समतल (हारिजेंटल प्लेन) में रहे। फिर भुजाओं को नीचे किया जाएगा और उन्हें शरीर के साथ लटका रहने दिया जाएगा किन्तु इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि कंधे ऊपर या पीछे की ओर न किए जाएं ताकि फीता अपने स्थान से हट न पाए। तब उम्मीदवार को कई बार गहरा सांस लेने के लिए कहा जाएगा तथा छाती के अधिक से अधिक फैलाव पर सावधानी से ध्यान दिया जाएगा और कम से कम और अधिक से अधिक फैलाव सेंटीमीटरों में रिकार्ड किया जाएगा जैसे 84-89, 86-93.5 आदि। माप को रिकार्ड करते समय आधे सेंटीमीटर से कम भिन्न (फ्रैक्शन) को नोट नहीं करना चाहिए।

ध्यान दें:—अन्तिम निर्णय करने से पूर्व उम्मीदवार का कद और छाती दो बार मापी जानी चाहिए।

5. उम्मीदवार का वजन भी किया जाएगा और उसका वजन किलोग्रामों में रिकार्ड किया जाएगा, आधे किलोग्राम से कम भिन्न (फ्रैक्शन) को नोट नहीं करना चाहिए।

6. उम्मीदवार की नजर की जांच निम्नलिखित नियमों के अनुसार की जाएगी। प्रत्येक जांच का परिणाम रिकार्ड किया जाएगा:—

(1) सामान्य—किसी रोग या असामान्यता का पता लगाने के लिए उम्मीदवार की आंखों की सामान्य परीक्षा की जाएगी। यदि उम्मीदवार की आंखों, पलकों अथवा साथ लगी संरचनाओं (कान्टिगुअस स्ट्रेक्चर्स) का कोई ऐसा रोग हो जो उसे अब या आगे किसी समय सेवा के लिए अयोग्य बना सकता हो, तो उसको अस्वीकृत कर दिया जाएगा।

(2) दृष्टि-तीक्ष्णता (विजुअल एक्यूटी)—दृष्टि की तीव्रता का निर्धारण करने के लिए दो तरह की जांच की जाएगी। एक दूर की नजर के लिये और दूसरी नजदीक की नजर के लिये। प्रत्येक आंख की अलग अलग परीक्षा की जाएगी।

चश्मे के बिना आंख की नजर (नेकेड आई विजन) की कोई न्यूनतम सीमा (मिनिमम लिमिट) नहीं होगी, किन्तु प्रत्येक मामले में मेडिकल बोर्ड या अन्य मेडिकल प्राधिकारी द्वारा इसे रिकार्ड किया जाएगा। क्योंकि इससे आंख की हालत के बारे में मूल सूचना (बेसिक इन्फारमेशन) मिल जाएगी।

चश्मे के साथ और चश्मे के बिना दूर और नजदीक की नजर का मानक निम्नलिखित होगा:—

सेवायें	दूर की दृष्टि		निकट की दृष्टि		
	अच्छी आंख (ठीक की हुई दृष्टि)	खराब आंख	अच्छी आंख (ठीक की हुई दृष्टि)	खराब आंख	
1	2	3	4	5	
क. तकनीकी					
1. रेल इंजीनियरी सेवाएं, (सिविल वैद्युत् यांत्रिक और सिग्नल)					
2. केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप क, केन्द्रीय विद्युत् तथा यांत्रिक इंजीनियरी सेवा ग्रुप क					
केन्द्रीय जल इंजीनियरी सेवा ग्रुप क, केन्द्रीय शक्ति इंजीनियरी सेवा ग्रुप क, केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क)	6/6 अथवा 6/12	जे I	जे II		
ग्रुप क तथा तार इंजीनियरी सेवा ग्रुप क, सहायक कार्यपालक इंजीनियर (सिविल तथा वैद्युत्) ग्रुप क (भारतीय दूरसंचार इंजीनियरी स्कंध)	6/9	6/9			
सहायक इंजीनियर (सिविल तथा विद्युत्) ग्रुप ख (डाक तार सिविल इंजीनियरी स्कंध) । डब्ल्यू० पी० एंड सी० स्कंध, अनुश्रवण संगठन, संचार मंत्रालय में इंजीनियर का पद/ओ० सी० एस० में डिपुटी इंजीनियर इंचाज, ग्रुप क, आकाशवाणी में सहायक स्टेशन इंजीनियर ग्रुप क, नागर विमानन विभाग में तकनीकी अधिकारी ग्रुप क, नागर विमानन विभाग में संचार अधिकारी, ग्रप क, भारतीय नौसेना, आयुध सेवा में, भारतीय आयुधशाला सेवा, ग्रप क, सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क' आकाशवाणी में सहायक इंजीनियर ग्रप ख, ओ० सी० एस० में सहायक इंजीनियर ग्रुप ख और ओ० सी० एस० में तकनीकी सहायक (ग्रप ख—अराजपत्रित)। और सहायक विकास अधिकारी (इंजीनियरी) का पद, तकनीकी विकास महानिदेशालय					
3. सेना इंजीनियरी सेवा ग्रुप क, तथा सहायक प्रबन्धक (कारखाना) ग्रुप क, डाकतार संचार कारखाना संगठन कमशाला अधिकारी ग्रुप 'क' और ग्रुप 'ख'	6/6	6/18	जे I	जे II	
	6/9	6/9			
ख. गैर-तकनीकी					

1	2	3	4	5
4. भारतीय रेल भंडार सेवा, ब्रिलिंग इंजीनियर कनिष्ठ	6/9	6/12	जे I	जे II
ग्रुप क और सहायक यांत्रिक इंजीनियर ग्रुप "ख" और भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण में यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) ग्रुप क				
आपूर्ति तथा निपटान महानिदेशालय में भारतीय आपूर्ति सेवा ग्रुप 'क' भारी उद्योग विभाग (उद्योग मंत्रालय) में सहायक निदेशक (तकनीकी) ग्रुप "क" (यांत्रिक इंजीनियरी पद)				

नोट (1):

(क) उपर्युक्त क पर उल्लिखित तकनीकी सेवाओं के संबंध में मियोपिया (सिलेन्डर सहित) का कुल परिमाण—4.00 डी. से अधिक नहीं होगा। हाइपरमेट्रोपिया (सिलैण्डर सहित) का कुल परिमाण+4.00 डी. से अधिक नहीं होगा।

किन्तु शर्त यह है कि "तकनीकी" (रेल मंत्रालय अधीन सेवाओं के अलावा अन्य) के रूप में वर्गीकृत सेवाओं का उम्मीदवार यदि हाई मियोपिया के कारण अयोग्य पाया जाए तो यह मामला तीन नेत्र विज्ञानियों के विशेष बोर्ड को भेज दिया जाएगा जो यह घोषणा करेंगे कि यह मियोपिया रोगात्मक है कि नहीं। यदि यह रोगात्मक नहीं हो तो उम्मीदवार को योग्य घोषित कर दिया जाएगा बशर्ते कि वह अन्यथा दृष्टि सम्बन्धी अपेक्षाएं पूरी कर दे।

(ख) मियोपिया फंडस के प्रत्येक मामले में जांच करानी चाहिए और उसके नतीजों को रिकार्ड किया जाना चाहिए। यदि उम्मीदवार की कोई रोगात्मक अवस्था हो जिसके बढ़ने और उससे उम्मीदवार की कार्य कुशलता पर असर पड़ने की सम्भावना हो तो उसे अयोग्य घोषित कर देना चाहिए।

नोट (2):

तकनीकी विकास महानिदेशालय में भारतीय दूर संचार सेवा ग्रुप क और सहायक विकास अधिकारी इंजीनियरी के अलावा उपर्युक्त 'क' पर उल्लिखित तकनीकी सेवाओं के सम्बन्ध में वर्ण दर्शन की जांच अनिवार्य होगी।

जैसा कि नीचे तालिका में दर्शाया गया है वर्ण-अवगम उच्चतर तथा निम्नतर ग्रेडों में होना चाहिए जो लैन्टर्न में द्वारक (एपर्चर) के आकार पर निर्भर हो:—

ग्रेड	वर्ण अवगम का उच्चतर ग्रेड	वर्ण अवगम का निम्नतर ग्रेड
1. लैम्प और उम्मीदवार के बीच की दूरी	16′	16′
2. द्वारक (एपर्चर) का आकार	1.3 मि० मीटर	1.3 मि० मीटर
3. दिखाने का समय	5 सेकेन्ड	5 सेकेन्ड

रेल इंजीनियरी सेवा (सिविल वैद्युत सिग्नल और यांत्रिक) और जन सुरक्षा से सम्बन्धित अन्य सेवाओं के लिए ऊंचे ग्रेड के वर्ण दर्शन की जरूरत है किन्तु अन्यथा नीचे ग्रेड के वर्ण दर्शन को पर्याप्त माना जाना चाहिए:

सेवाओं/पदों के वर्ग जिनके लिए उच्च या निम्न ग्रेड का वर्ण-दर्शन अपेक्षित है नीचे दिए जा रहे हैं:—

तकनीकी सेवाएं या पद जिनके लिए उच्च ग्रेड का वर्णदर्शन अपेक्षित है:—

(1) रेल इंजीनियरी सेवा
(2) सैन्य इंजीनियरी सेवा
(3) केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क)
(4) केन्द्रीय शक्ति इंजीनियरी सेवा
(5) संचार अधिकारी ग्रुप 'क' नागर विमानन विभाग
(6) तकनीकी अधिकारी ग्रुप 'क' नागर विमानन विभाग
(7) सहायक कारखाना प्रबन्धक (कारखाना) (डाक-तार) दूर संचार कारखाना संगठन
(8) सीमा सड़क इंजीनियरी सेवा ग्रुप 'क'
(9) कर्मशाला अधिकारी ग्रुप 'क' तथा ग्रुप 'ख'

तकनीकी सेवाएं या पद जिनके लिए निम्न ग्रुप का वर्ण दर्शन अपेक्षित है :—

(1) केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा
(2) केन्द्रीय वैद्युत तथा यांत्रिक इंजीनियरी सेवा
(3) भारतीय नौ सेना आयुध सेवा का ग्रेड
(4) भारतीय आयुध कारखाना सेवा
(5) केन्द्रीय जल इंजीनियरी सेवा
(6) सहायक कार्यकारी इंजीनियर (सिविल तथा वैद्युत) ग्रुप 'क', (डाक-तार सिविल इंजीनियरी स्कंध) क्लास I डाक-तार
(7) सहायक स्टेशन इंजीनियर ग्रुप 'क' आकाशवाणी
(8) इंजीनियर ग्रुप 'क' बेतार आयोजन और समन्वय स्कंध अनुश्रवण संगठन
(9) उप प्रभारी इंजीनियर ग्रुप 'क' समुद्र पार संचार सेवा
(10) सहायक इंजीनियर सिविल वैद्युत दूर संचार और इलैक्ट्रानिकी ग्रुप 'ख' आकाशवाणी
(11) सहायक इंजीनियर (सिविल और वैद्युत) ग्रुप 'ख' (डाक-तार सिविल इंजीनियरी स्कंध)
(12) सहायक इंजीनियर ग्रुप 'ख' समुद्र पार संचार सेवा
(13) तकनीकी सहायक ग्रुप 'ख' (अराजपत्रित), समुद्र पार संचार सेवा।

लाल, हरे और सफेद रंग के संकेत को आसानी से और हिचकिचाहट के बिना पहचान लेना संतोषजनक वर्ण दर्शन है। वर्ण दर्शन की परीक्षा के लिए इशिहारा की प्लेटों तथा एडरिजमीन को लैंटर्न-दोनों का प्रयोग किया जाएगा ।

नोट (3)—दृष्टि क्षेत्र (फील्ड आफ विजन)—सभी सेवाओं के लिए सम्मुखन विधि द्वारा दृष्टि की क्षेत्र जांच की जाएगी। जब ऐसी जांच का नतीजा असंतोषजनक या संदिग्ध हो तब दृष्टि क्षेत्र को परिभाषी (पेरामीटर) पर निर्धारित किया जाना चाहिए।

नोट (4)—रतौंधी (नाइट ब्लाइंडनेस)—केवल विशेष मामलों को छोड़कर रतौंधी की जांच नेमी रूप से जरूरी नहीं है। रतौंधी या अंधेरे में दिखाई न देने की जांच करने के लिए कोई स्टैंडर्ड टैस्ट निश्चित नहीं है। मेडिकल बोर्ड को ही ऐसे काम चलाऊ टैस्ट कर लेने चाहिएं जैसे रोशनी कम करके या उम्मीदवार को अंधेरे कमरे में लाकर 20 से 30 मिनट के बाद उससे विविध चीजों की पहचान करवा कर दृष्टि क्षीणता रिकार्ड करना। उम्मीदवारों के कहने पर ही हमेशा विश्वास नहीं करना चाहिए किन्तु उन पर उचित विचार किया जाना चाहिए।

नोट (5)—केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा हेतु उम्मीदवारों को चिकित्सा बोर्ड द्वारा जरूरी समझे जाने पर वर्ण दर्शन और रतौंधी सम्बन्धी परीक्षण पास करना होगा।

नोट (6)—दृष्टि की तीक्ष्णता से भिन्न आंख की दशाएं (आक्यूलर कंडीशन्स)।

(क) आंख की अंग सम्बन्धी बीमारी को या बढ़ती हुई अपवर्तन त्रुटि (रिफ्रेक्टिव एरर) को, जिसके परिणामस्वरूप दृष्टि की तीक्ष्णता के कम होने की संभावना हो, अयोग्यता का कारण समझना चाहिए।

(ख) भैंगापन—ऊपर 'क' पर उल्लिखित तकनीकी सेवाओं हेतु जहां दोनों आंखों की दृष्टि का होना जरूरी है भैंगापन अयोग्यता माना जाएगा चाहे दृष्टि की तीक्ष्णता निर्धारित स्तर की ही क्यों न हो। यदि दृष्टि की तीक्ष्णता निर्धारित मानक के अनुसार हो तो अन्य सेवाओं हेतु भैंगापन अयोग्यता नहीं माना जाएगा।

(ग) यदि कोई एक आंख वाला व्यक्ति है या उसकी एक आंख की दृष्टि सामान्य है तथा दूसरी आंख की दृष्टि कमजोर है या उसकी दृष्टि उप-सामान्य है तो इसका सहज प्रभाव यह होता है कि गहनता अवगम के लिए उसके पास त्रिविम दृष्टि की कमी है। कई सिविल पदों के लिए ऐसी दृष्टि जरूरी नहीं है। चिकित्सा बोर्ड ऐसे व्यक्तियों की स्वस्थ होने की अनुशंसा कर सकता है बशर्ते कि उसी सामान्य आंख :—

(1) की चश्मा लगाकर या चश्मे के बिना दूर दृष्टि 6/6 और निकट दृष्टि जे । बशर्ते कि किसी मेरीडियन में दूर दृष्टि सम्बन्धी दोष 4 डायोप्ट्रेल से अधिक न हो।

(2) का दृष्टि-क्षेत्र पूर्ण हो।

(3) आवश्यकतानुसार सामान्य वर्ण दर्शन।

किन्तु बोर्ड सन्तुष्ट हो कि उम्मीदवार सन्दर्भगत कार्य विशेष सम्बन्धित सभी कार्रवाई कर सकता है।

"तकनीकी" के रूप में वर्गीकृत पदों/सेवाओं के उम्मीदवारों के लिए दृष्टि की तीक्ष्णता का शिथिल किया हुआ उपर्युक्त मानक लागू नहीं होगा।

नोट (7) कान्टेक्ट लेन्स—चिकित्सा परीक्षा के दौरान उम्मीदवार को कान्टेक्ट लेन्स प्रयोग करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

नोट (8) आवश्यक है कि आंख का परीक्षण करते समय दूर की दृष्टि के लिए टाइप अक्षरों की प्रदीप्ति 15 फुट कन्डिल की प्रदीप्ति जैसी हो।

नोट (9) सरकार किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में विशेष कारणवश किसी भी शर्त में छूट दे सकती है।

7. रक्त दाब (ब्लड प्रेशर)

ब्लड प्रेशर के सम्बन्ध में बोर्ड अपने निर्णय से काम लेगा। नार्मल मेक्जीम सिस्टोलिक प्रेशर के आकलन की काम चलाऊ विधि निम्न प्रकार है :—

(1) 15 से 25 वर्ष के युवा व्यक्तियों में औसत ब्लड प्रेशर लगभग 100+आयु होता है।

(2) 25 वर्ष की ऊपर की आयु वाले व्यक्तियों में ब्लड प्रेशर के आकलन में 110+आधी आयु का सामान्य नियम बिलकुल संतोषजनक दिखाई पड़ता है।

ध्यान दें :—सामान्य नियम के रूप में 140 एम. एम. से ऊपर सिस्टोलिक प्रेशर और 90 एम. एम. से ऊपर डायस्टोलिक प्रेशर को संदिग्ध मान लेना चाहिए और उम्मीदवार को अयोग्य या योग्य ठहराने के संबंध में अपनी अंतिम राय देने से पहले बोर्ड को चाहिए कि उम्मीदवार को अस्पताल में रखे। अस्पताल में रखने की रिपोर्ट से यह पता लगाना चाहिए कि घबराहट (एक्साइटमेन्ट) आदि के कारण ब्लड प्रेशर थोड़े समय रहने वाला है या इसका कारण कोई कार्यिक (आर्गेनिक) बीमारी है। ऐसे भी मामलों में हृदय का एक्सरे और इलक्ट्रोकार्डियाग्राफी जांच और रक्त यूरिया निकाय (क्लियरेंस) की जांच भी नेमी तौर पर की जानी चाहिए। फिर भी उम्मीदवार के योग्य होने या न होने के बारे में अंतिम फैसला केवल मेडिकल बोर्ड ही करेगा।

ब्लड प्रेशर (रक्त दाब) लेने का तरीका :

नियमतः पारे वाले दाबमापों (सरकरी मैनोमीटर) किस्म का उपकरण (इंस्ट्रूमेंट) इस्तेमाल करना चाहिए। किसी किस्म का व्यायाम या घबराहट के बाद पन्द्रह मिनट तक रक्त दाब नहीं लेना चाहिए। रोगी बैठा या लेटा हो बशर्ते कि वह और विशेषकर उसकी बांह शिथिल और आराम से हो। बांह थोड़ी बहुत हारिजेंटल स्थिति में रोगी के पार्श्व पर हो तथा उसके कंधे तक कपड़ा उतार देना चाहिए। कफ में से पूरी तरह हवा निकाल कर बीच की रबड़ को भुजा के अन्दर को ओर रख कर और उसके निचले किनारे को कोहनी के मोड़ से एक या दो इन्च ऊपर करके लगाना चाहिए। इसके बाद कपड़े की पट्टी को फैलाकर समान रूप से लपेटना चाहिए ताकि हवा भरने पर कोई हिस्सा फूल कर बाहर को न निकले।

कोहनी के मोड़ पर बाहू धमनी (ब्रेकिअल आर्टरी) को दबा-दबा कर ढूंढा जाता है और तब इसके ऊपर बीचों बीच स्टेथ-स्कोप को हल्के से लगाया जाता है जो कफ के साथ न लगे। कफ में लगभग 200 एम. एम. एच. जी. हवा भरी जाती है और इसके बाद इसमें से धीरे-धीरे हवा निकाली जाती है। हल्की क्रमिक ध्वनियां सुनाई पड़ने पर जिस स्तर पर पारे का कालम टिका होता है वह सिस्टोलिक प्रेशर दर्शाता है। जब और हवा निकाली जाएगी तो और तेज ध्वनियां सुनाई पड़ेंगी। जिस स्तर पर साफ और अच्छी सुनाई पड़ने वाली ध्वनियां हल्की दबी हुई सी लुप्त प्राय हो जाएं यह डायस्टोलिक प्रेशर है। ब्लड प्रेशर काफी थोड़ी अवधि में ही ले लेना चाहिए क्योंकि कफ के लम्बे समय का दबाव रोगी के लिए क्षोभकारक होता है और इससे रीडिंग गलत होती है। यदि दोबारा पड़ताल करनी जरूरी हो तो कफ में से पूरी हवा निकाल कर कुछ मिनट के बाद ही ऐसा किया जाए। कभी कभी कफ में से हवा निकालने पर एक निर्शिचित स्तर पर ध्वनियां सुनाई पड़ती हैं, दाब गिरने पर वे गायब हो जाती हैं तथा निम्न स्तर पर पुनः प्रकट हो जाती हैं। इस "साइलेंट गेप" से रीडिंग में गलती हो सकती है।

8. परीक्षक की उपस्थिति में किये गये मूत्र की ही परीक्षा की जानी चाहिए और परिणाम रिकार्ड किया जाना चाहिए। जब मेडिकल बोर्ड को किसी उम्मीदवार के मूत्र में रसायनिक जांच द्वारा शक्कर का पता चले तो बोर्ड इसके सभी पहलुओं की परीक्षा करेगा और मधुमेह (डायबिटीज) के द्योतक चिह्न और लक्षणों को भी विशेष रूप से नोट करेगा। यदि बोर्ड उम्मीदवार को ग्लूकोज मेह (ग्लाइकोसूरिया) के सिवाय, अपेक्षित मेडिकल फिटनेस के स्टेंडे के अनुरूप पाए तो वह उम्मीदवार को इस शर्त के साथ फिट घोषित कर सकता है कि ग्लूकोज मेह अमधुमेही (नान डायबेटिक) है और बोर्ड इस केस को मेडिसिन के किसी ऐसे विशेषज्ञ के पास भेजेगा जिसके पास अस्पताल और प्रयोगशाला सुविधाएं हों। मेडिकल विशेषज्ञ स्टेंडर्ड ब्लड शुगर टालरेंस टेस्ट समेत जो भी किलिनिकल या लेबोरेटरी परीक्षाएं जरूरी समझेगा, करेगा और अपनी रिपोर्ट बोर्ड को भेज देगा जिस पर मेडिकल बोर्ड की "फिट" "अनफिट" की अन्तिम राय आधारित होगी। दूसरे अवसर पर उम्मीदवार के लिए बोर्ड के सामने

स्वयं उपस्थित होना जरूरी नहीं होगा। औषधि के प्रभाव को समाप्त करने के लिए यह जरूरी हो सकता है कि उम्मीदवार को कई दिन तक अस्पताल में पूरी देख-रेख में रखा जाए।

9. यदि जांच के परिणामस्वरूप कोई महिला उम्मीदवार 12 हफ्ते या उससे अधिक समय की गर्भवती पाई जाती है तो उसको अस्थाई रूप से तब तक अस्वस्थ घोषित किया जाना चाहिए जब तक कि उसका प्रसव पूरा न हो जाए। किसी रजिस्टर्ड चिकित्सा व्यवसायी का स्वस्थता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने पर, प्रसूति की तारीख से 6 हफ्ते बाद आरोग्य प्रमाण-पत्र के लिए उसकी फिर से स्वास्थ्य परीक्षा की जानी चाहिए।

10. निम्नलिखित अतिरिक्त बातों का प्रेक्षण किया जाना चाहिए:--

(क) उम्मीदवार को दोनों कानों से अच्छा सुनाई पड़ता है और उसके कान में बीमारी का कोई चिह्न नहीं है। यदि कोई कान की खराबी हो तो उसकी परीक्षा कान-विशेषज्ञ द्वारा की जानी चाहिए। यदि सुनने की खराबी का इलाज शल्य क्रिया (आपरेशन) या हियरिंग एड के इस्तेमाल से हो सके तो उम्मीदवार को इस आधार पर अयोग्य घोषित नहीं किया जा सकता है बशर्ते कि कान की बीमारी बढ़ने वाली न हो। यह उपबंध भारतीय रेल भंडार सेवा के अलावा अन्य रेल सेवाओं सेना इंजीनियरी सेवा, भारतीय दूर संचार सेवा ग्रुप क, केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप क और केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरी सेवा ग्रुप क और सीमा सड़क इंजीनियरों की सेवा ग्रुप 'क' पर लागू लाभ नहीं है। चिकित्सा परीक्षा प्राधिकारी के मार्ग दर्शन के लिए इस सम्बन्ध में निम्नलिखित मार्ग दर्शक जानकारी दी जाती है--

(1) एक कान में प्रकट अथवा पूर्ण बहरापन, दूसरा कान सामान्य होगा	यदि हायर फ्रीक्वेंसी में बहरापन 30 डेसिबल तक हो तो गैर तकनीकी कार्यों के लिये योग्य ।
(2) दोनों कानों में बहरेपन का प्रत्यक्ष बोध जिसमें, श्रवण यंत्र (हियरिंग ऐड) द्वारा कुछ सुधार संभव हो।	यदि 1000 से 4000 तक की स्पीच फ्रीक्वेंसी में बहरापन 30 डेसिबल तक हो तो तकनीकी तथा गैर तकनीकी दोनों प्रकार के कार्यों के लिये योग्य।
(3) सेन्ट्रल अथवा मार्जिनल टाइप के टिमपेनिक मेम्बरेन का छिद्र	(i) एक कान सामान्य हो दूसरे कान में टिमपेनिक मेम्बरेन का छिद्र हो तो अस्थाई आधार पर अयोग्य। कान की शल्य चिकित्सा से स्थिति सुधरने पर दोनों कानों में मार्जिनल या अन्य छिद्र वाले उम्मीदवारों को अस्थाई रूप से अयोग्य घोषित करके उस पर नीचे दिये गये नियम 4 (ii) के अधीन विचार किया जा सकता है।
	(ii) दोनों कानों में मार्जिनल या एटिक छिद्र होने पर अयोग्य।
	(iii) दोनों कानों में सेन्ट्रल छिद्र होने पर अस्थाई रूप में अयोग्य ।
(4) कान के एक ओर (दोनों ओर) से मस्टायड केविटी के सब नार्मल श्रवण।	(i) किसी एक कान के सामान्य रूप से एक ओर से मस्टायड केविटी से सुनाई देता हो दूसरे कान में सब नार्मल श्रवण वाले कान/मस्टायड केविटी होने पर तकनीकी तथा गैर तकनीकी दोनों प्रकार के कामों के लिये योग्य।
	(ii) दोनों ओर से मस्टायड केविटी तकनीकी काम के लिये अयोग्य। किसी भी काम को श्रवणता श्रवण यंत्र लगाकर अथवा बिना लगाये सुधार कर 30 डेसिबल हो जाने पर गैर तकनीकी कामों के लिये योग्य।
(5) बहते रहने वाला कान आपरेशन किया गया/बिना आपरेशन वाला	तकनीकी तथा गैर तकनीकी दोनों प्रकार के कानों के लिये अस्थाई रूप में अयोग्य।
(6) नाक पट की हड्डी संबंधी विषमताओं (बोनी डिफार्मिटी) से हत अथवा उससे रहित नाक की जीर्ण प्रदाहक/एलर्जिक दशा	(i) प्रत्येक मामले की परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लिया जाएगा।
	(ii) लक्षणों सहित नासापट विचलन विद्यमान होने पर अस्थाई रूप में अयोग्य।
(7) टोंसिल्स और/या कंठ की जीर्ण प्रदाहक दशाएं	(i) टोंसिल और/या कंठ की जीर्ण प्रदाहक दशा योग्य।
	(ii) यदि आवाज में अत्याधिक कर्कशता विद्यमान हो तो अस्थाई रूप से अयोग्य।
(8) कान, नाक, गले (ई० एन० टी०) के हल्के अथवा अपने स्थान पर मेलिगनट ट्यूमर	(i) हल्का ट्यूमर--अस्थाई रूप से अयोग्य।
	(ii) मैलिगनेंट ट्यूमर--अयोग्य।
(9) आटोमाइकिलेरोसिस	आपरेशन के बाद या श्रवण यंत्र की सहायता से श्रवणता 30 डेसिबल के अन्दर होने पर योग्य।
(10) कान, नाक अथवा गले के जन्मजात दोष।	(i) यदि काम काज में बाधक न हो--योग्य।
	(ii) यदि भारी मात्रा में हकलाहट हो--अयोग्य।
(11) नेजल पोली	अस्थाई रूप से अयोग्य।

(ख) वह बिना रुकावट बोल लेता/लेती है ।

(ग) उसके दांत अच्छी हालत में है या नहीं, और अच्छी तरह चबाने के लिये जरूरी होने पर नकली दांत लगे हैं या नहीं।
(अच्छी तरह भरे हुए दांतों को ठीक समझा जाएगा)

(घ) उसकी छाती की बनावट अच्छी है और छाती काफी फैलती है या उसका दिल या फेफड़े ठीक हैं।

(ङ) उसे पेट की कोई बीमारी है या नहीं।

(च) उसे रपचर है या नहीं।

(छ) उसे हाइड्रोसील, स्फीत शिरा या बवासीर तो नहीं है।

(ज) उसके अंगों, हाथों और पैरों की बनावट और विकास अच्छा है और उसकी ग्रंथियां भली भांति स्वतंत्र रूप से हिलती हैं।

(झ) उसके कोई चिरस्थाई त्वचा की बीमारी नहीं है।

(ञ) कोई जन्मजात कुरचना या दोष नहीं है।

(ट) उसके किसी उग्र या जीर्ण बीमारी के निशान नहीं हैं जिनसे कमजोर गठन का पता लगे।

(ठ) उसके शरीर पर कारगर टीके के निशान हैं।

(ड) उसे कोई संचारी (कम्यूनिकेबिल) रोग नहीं है ।

11. दिल और फेफड़ों की किसी ऐसी असामान्यता का पता लगाने के लिए जो साधारण शारीरिक परीक्षा से ज्ञात न हों, सभी मामलों में नेमी रूप से छाती की एक्सरे परीक्षा की जानी चाहिए।

उम्मीदवार के स्वास्थ्य के बारे में संदेह की स्थिति में मेडिकल बोर्ड के अध्यक्ष सरकारी नौकरी के लिए उम्मीदवार के योग्य स्वास्थता या अयोग्य का निर्णय करने के लिए अस्पताल के किसी उपयुक्त विशेषज्ञ की सलाह ले सकता है जैसे यदि कोई उम्मीदवार किसी मानसिक रोग या विकार से पीड़ित है, तो बोर्ड के अध्यक्ष किसी अस्पताल के मनोविकार विज्ञानी/मनोविज्ञानी आदि की सलाह ले सकते हैं।

जब कोई दोष मिले तो उसे प्रमाण-पत्र में अवश्य ही नोट किया जाए। मेडिकल परीक्षक को अपनी राय लिख देनी चाहिए कि उम्मीदवार द्वारा ड्यूटी के अपेक्षित दक्षतापूर्वक निष्पादन में इससे बाधा पड़ने की संभावना है या नहीं ।

12. उन उम्मीदवारों को जो मेडिकल बोर्ड के किसी निर्णय के खिलाफ अपील करना चाहते हैं तो उन्हें भारत सरकार रेल मंत्रालय द्वारा निर्धारित रीति से 50/- रु. का अपील शुल्क जमा करना होगा। यह शुल्क उन उम्मीदवारों को वापस कर दिया जाएगा जिन्हें अपीलीय मेडिकल बोर्ड द्वारा स्वस्थ घोषित किया जाएगा जबकि अन्य मामलों में यह शुल्क जब्त कर लिया जाएगा। उम्मीदवार, यदि चाहे तो अपनी स्वस्थता के दावे के समर्थन में चिकित्सा प्रमाण-पत्र लगा सकते हैं। उम्मीदवार को पहले मेडिकल बोर्ड के निर्णय की सूचना प्राप्त होने के 21 दिन के भीतर अपनी अपील प्रस्तुत कर देनी चाहिए अन्यथा अपीली मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सा परीक्षा के लिए किये गये अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा। चिकित्सा परीक्षा के लिए अपीलीय मेडिकल बोर्ड की व्यवस्था उम्मीदवार के खर्च पर की जाएगी। अपीलीय मेडिकल बोर्ड के द्वारा की जाने वाली चिकित्सा परीक्षा के संबंध में किसी प्रकार का यात्रा भत्ता या दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा। रेल मंत्रालय द्वारा अपीलीय मेडिकल बोर्ड द्वारा चिकित्सा परीक्षा के लिए आवश्यक कार्यवाही तभी की जाएगी जब निर्धारित शुल्क के साथ निश्चित समय के भीतर सभी अपीलें प्राप्त होंगी।

मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट

मेडिकल परीक्षक के मार्ग दर्शन के लिए निम्नलिखित सूचना दी जाती है :—

1. शारीरिक योग्यता (फिटनेस के लिए अपनाये जाने वाले स्टैण्डर्ड में संबंधित उम्मीदवार की आयु और सेवाकाल यदि कोई हो) के लिए उचित गुंजाइश रखनी चाहिए ।

किसी ऐसे व्यक्ति को पब्लिक सर्विस में भर्ती के लिए योग्यता प्राप्त नहीं समझा जाएगा जिसके बारे में यथास्थिति सरकार या नियुक्ति प्राधिकारी (अपाइंटिंग अथारिटी) को यह तसल्ली नहीं हो जाती कि उसे ऐसी कोई बीमारी रचना संबंधी दोष या शारीरिक दुर्बलता (बाडिली इनफर्मिटी) नहीं है जिससे वह उस सेवा के लिए अयोग्य हो गया हो या उसके अयोग्य होने की संभावना हो।

यह बात समझ लेनी चाहिए कि स्वस्थता का प्रश्न भविष्य से भी उतना ही सम्बद्ध है जितना वर्तमान से है और मेडिकल परीक्षा का एक मुख्य उद्देश्य निरन्तर कारगर सेवा प्राप्त करना और स्थायी नियुक्ति के उम्मीदवारों के मामले में अकाल मृत्यु होने पर समय पूर्व पेंशन या अदायगियों को रोकना है। साथ ही यह भी नोट कर लिया जाए कि यही प्रश्न केवल निरन्तर कारगर सेवा की संभावना का है और उम्मीदवार को अस्वीकृत करने की सलाह इस हाल में नहीं दी जानी चाहिए जबकि उसमें कोई ऐसा दोष हो जो केवल बहुत कम परिस्थितियों में निरंतर कारगर सेवा में बाधक माना गया हो। महिला उम्मीदवार की परीक्षा के लिए किसी लेडी डाक्टर को मेडिकल बोर्ड के सदस्य के रूप में सहयोजित किया जाएगा। मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट को गोपनीय रखना चाहिए। ऐसे मामलों में जब कि कोई उम्मीदवार सरकारी सेवा में नियुक्ति के लिए अयोग्य करार दिया जाता है तो मोटे तौर पर उसके अस्वीकार किए जाने के आधार उम्मीदवार को बताए जा सकते हैं। किन्तु मेडिकल बोर्ड ने जो खराबी बताई हो उसका विस्तृत ब्यौरा नहीं दिया जा सकता है।

ऐसे मामलों में जहां मेडिकल बोर्ड का यह विचार हो कि सरकारी सेवा के लिए उम्मीदवार को अयोग्य बनाने वाली छोटी मोटी खराबी चिकित्सा (मेडिकल या सर्जिकल) द्वारा दूर हो सकती है वहां मेडिकल बोर्ड द्वारा इस आशय का कथन रिकार्ड किया जाना चाहिए। नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा इस बारे में उम्मीदवार को बोर्ड की राय सूचित किये जाने में कोई आपत्ति नहीं है और जब वह खराबी दूर हो जाय तो संबद्ध प्राधिकारी एक दूसरे मेडिकल बोर्ड के सामने उस व्यक्ति को उपस्थित होने के लिये कह सकता है।

यदि कोई उम्मीदवार अस्थाई तौर पर अयोग्य करार दिया जाये तो दुबारा परीक्षा की अवधि साधारणतया कम से कम छह महीने से कम नहीं होनी चाहिए। निश्चित अवधि के बाद जब दुबारा परीक्षा हो तो ऐसे उम्मीदवार को और आगे की अवधि के लिये अस्थाई तौर पर अयोग्य घोषित न कर नियुक्ति के लिए उनकी योग्यता के सम्बन्ध में अथवा वे इस नियुक्ति के लिए अयोग्य हैं ऐसा निर्णय अन्तिम रूप से दिया जाना चाहिए।

(क) उम्मीदवार का कथन और घोषणा

अपनी मेडिकल परीक्षा से पूर्व उम्मीदवार को निम्नलिखित अपेक्षित विवरण देना चाहिए और उसके साथ लगी हुई घोषणा (डिक्लेरेशन) पर हस्ताक्षर करने चाहिएं। नीचे दिए नोट में उल्लिखित चेतावनी की ओर उस उम्मीदवार का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया जाता है :—

1. अपना पूरा नाम लिखें . . . . . (साफ अक्षरों में)

2. अपनी आयु और जन्म-स्थान लिखें . . . . . .

3. क्या आप ऐसी जाति जैसे गोरखा, गढ़वाली, असमी, नागालैंड, आदिवासी आदि में से किसी से संबंधित हैं जिनका औसत कद स्पष्टतः दूसरों से कम होता है। "हां" या "नहीं" में उत्तर दीजिए। उत्तर "हां" में हो तो उस जाति का नाम बताइए।

3. (क) क्या आपको कभी खंखक रुक-रुक कर होने वाला या कोई दूसरा बुखार ग्रंथियां (ग्लैंड्स) का बढ़ना या इनमें पीप पड़ना थूक में खून आना दमा दिल की बीमारी फेफड़े की बीमारी मूर्छा के दौरे रिह्यमेटिज्म एपेंडिसाइटिस हुआ है?

(ख) दूसरी कोई ऐसी बीमारी या दुर्घटना जिसके कारण शैय्या पर लेटे रहना पड़ा हो और जिसका मेडिकल या सर्जिकल इलाज किया गया हो हुई है?

4. आपको चेचक आदि का टीका पिछली बार कब लगा था?

5. क्या आपको अधिक काम या किसी दूसरे कारण से किसी किस्म की अधीरता (नर्वसनेस) हुई?

6. अपने परिवार के संबंध में निम्नलिखित ब्योरे दें :—

यदि पिता जीवित हों तो उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	मृत्यु के समय पिता की आयु और मृत्यु का कारण	आपके कितने भाई जीवित हैं उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	आपके कितने भाईयों की मृत्यु हो चुकी है उनकी मृत्यु के समय आयु और मृत्यु का कारण
1	2	3	4

यदि माता जीवित हो तो उसकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	मृत्यु के समय माता की आयु और मृत्यु का कारण	आपकी कितनी बहिनें जीवित हैं उनकी आयु और स्वास्थ्य की अवस्था	आपकी कितनी बहिनों की मृत्यु हो चुकी है। मृत्यु के समय उनकी आयु और मृत्यु का कारण
5	6	7	8

7. क्या इसके पहले किसी मेडिकल बोर्ड ने आपकी परीक्षा की है?

8. यदि ऊपर के प्रश्न का उत्तर "हां" में हो तो बताइये किस सेवा/किन सेवाओं/पद (पदों) के लिये आपकी परीक्षा की गई थी?

9. परीक्षा लेने वाला प्राधिकारी कौन था . . . . . .

10. मेडिकल बोर्ड कब और कहां था? . . . . . .

11. मेडिकल बोर्ड की परीक्षा का परिणाम यदि आपको बताया गया हो अथवा आपको मालूम हो? . . . . . .

मैं घोषित करता हूं कि जहां तक मेरा विश्वास है ऊपर दिये गये सभी जवाब सही और ठीक हैं।

उम्मीदवार के हस्ताक्षर. . . . . .

मेरे सामने हस्ताक्षर किए. . . . . .

बोर्ड के अध्यक्ष के हस्ताक्षर. . . . . .

नोट :—उपर्युक्त कथन की यथार्थता के लिये उम्मीदवार जिम्मेदार होगा। जानबूझकर किसी सूचना को छिपाने से वह नियुक्ति खो बैठने की जोखिम लेगा और यदि वह नियुक्त हो भी जाये तो वार्धक्य नियुक्ति भत्ता (सुपरएनुएशन अलाउंस) का आनुतोषिक (ग्रेचुटी) के सभी दावों से हाथ धो बैठेगा।

(ख) . . . . . (उम्मीदवार का नाम) की शारीरिक परीक्षा से सम्बद्ध मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट।

1. सामान्य विकास :—अच्छा . . . साधारण . . . कम . . . .
पोषण : पतला . . . औसत . . . मोटा . . . .
कद (जूते उतार कर) . . . . वजन . . . . .
अत्युत्तम वजन . . . . . कब था . . .
वजन में कोई हाल ही में हुआ परिवर्तन . . .
तापमान . . . . . .
छाती का घेर . . . . . .
(1) पूरा सांस खींचने पर . . . . . .
(2) पूरा सांस निकालने पर . . . . . .

2. त्वचा . . . . . कोई प्रत्यक्ष बीमारी . . .

3. नेत्र :—
(1) कोई बीमारी . . . . . .
(2) रतौंधी . . . . . .
(3) वर्ण दर्शन संबंधी दोष . . . . . .
(4) दृष्टि क्षेत्र (फील्ड आफ विजन) . . . . .
(5) दृष्टि तीक्ष्णता (विज़ुअल एक्विटी) . . . .
(6) फंडस की जांच . . . . . .

चश्मे की प्रबलता

दृष्टि की तीक्ष्णता	चश्मे के बिना	चश्मे के साथ.....		
		स्फी०	सिलि०	एक्सस०
दूर की नजर	दा० ने० बा० ने०			
पास की नजर	दा० ने० बा० ने०			
हाइपरमेट्रोपिया	दा० ने० बा० ने०			

4. कान निरीक्षण . . . . . सुनना
दायां कान . . . बायां कान

5. ग्रंथियां . . . . . थाइराइड . . . . .

6. दांतों की हालत . . . . . .

7. श्वसन तंत्र (रेसपिरेटरी सिस्टम)—क्या शारीरिक परीक्षण करने पर सांस के अंगों में किसी अपसामान्यता का पता चला है . . . . . .
यदि हां, तो उसका परा ब्यौरा दें . . .

8. परिसंचरण तंत्र (सक्यूलेटरी सिस्टम) . . . .

(क) हृदय : कोई आंगिक विक्षत (आगनिक लीजन)

. . . .

वेग (रेट) . . . .

खड़े होने पर . . . .

25 बार फुदकने के बाद . . . .

फुदकने के 2 मिनट बाद . . . .

(ख) ब्लड प्रेशर . . . . .सिस्टालिक . . .

डायस्टालिक . . . .

9. उदर (पेट) :—घेर . . . . स्पर्श सहायता (टेंडरनेस) . . . .

हर्निया . . . .

(क) स्पर्श्य यकृत . . . .

सिल्ली . . . . गुर्दे . . . . . .

ट्यूमर . . . .

(ख) रक्तार्श . . . .

भगंदर . . . .

10. तांत्रिक तंत्र (नर्वस सिस्टम) तांत्रिक या मानसिक अशक्तता का संकेत . . . .

11. चलन तंत्र (लोकोमीटर सिस्टम), कोई अपसामान्यता

. . . .

. . . .

12. जनन मूत्र तंत्र (जेनिटी यूरीनरी सिस्टम) : हाइड्रोसील वैरिकासील आदि का कोई संकेत। मूत्र विश्लेषण :

(क) कैसा दिखाई पड़ता है . . . .

(ख) विशिष्ट गुरुत्व (स्पैसिफिक ग्रेविटी) . . .

(ग) एल्वयूमेन . . . .

(घ) शक्कर . . . .

(ङ) कास्ट . . . .

(च) कोशिकाएं (सेल्स) . . . .

13. छाती की एक्सरे परीक्षा की रिपोर्ट . . . . .

14. क्या उम्मीदवार के स्वास्थ्य में कोई ऐसी बात है जिससे वह उस सेवा से सम्बद्ध, जिसका वह उम्मीदवार है, ड्यूटी को दक्षतापूर्वक निभाने के लिये अयोग्य हो सकता है।

नोट :—यदि उम्मीदवार कोई महिला है और वह 12 सप्ताह या उससे अधिक समय से गर्भवती है तो, उसे विनियम 9 के अनुसार अस्थाई रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

15. उम्मीदवार परीक्षा कर लिये जाने के बाद किन सेवाओं से सम्बद्ध ड्यूटी के दक्षतापूर्वक तथा लगातार निष्पादन के लिये सब प्रकार से योग्य पाया गया है और किन सेवाओं के लिये अयोग्य पाया गया है? क्या उम्मीदवार क्षेत्रगत सेवा के लिये योग्य है?

नोट :—बोर्ड को अपना निष्कर्ष निम्नलिखित तीन वर्गों में से किसी में रिकार्ड करना चाहिए।

(1) योग्य (फिट) . . . .

(2) . . . . के कारण अयोग्य (अनफिट)।

(3) . . . . के कारण अस्थाई रूप से अयोग्य।

स्थान . . . .

तारीख . . . .

अध्यक्ष . . . .

सदस्य . . . .

परिशिष्ट- III

उन सेवाओं/पदों का संक्षिप्त विवरण जिनके लिए इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर भर्ती की जा रही है।

1. भारतीय रेल इंजीनियर सेवा, भारतीय रेल विद्युत् इंजीनियरी सेवा, भारतीय रेल सिगनल इंजीनियर सेवा, भारतीय रेल यांत्रिक इंजीनियर सेवा और भारतीय रेल भंडार सेवा।

(क) परिवीक्षा :—इन सेवाओं के लिये भर्ती किये गये उम्मीदवार तीन वर्ष के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे जिसमें उन्हें दो वर्ष का प्रशिक्षण लेना होगा तथा किसी कार्यकारी पद पर न्यूनतम एक वर्ष के लिये परिवीक्षा पर रहना होगा। यदि उक्त प्रशिक्षण को संतोषजनक रूप से पूरा न करने के कारण किसी स्थिति में प्रशिक्षण अवधि को बढ़ाना पड़े तो तदनुसार परिवीक्षा की कुल अवधि भी बढ़ा दी जाएगी। परिवीक्षा की अवधि के दौरान भी यदि कार्यकारी पद पर काम संतोषजनक नहीं पाया गया तो सरकार द्वारा परिवीक्षा की कुल अवधि को आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है।

(ख) प्रशिक्षण :—समस्त परिवीक्षाधीन अधिकारियों को सेवा/पद विशेष के लिए निर्धारित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के अनुसार दो वर्ष की अवधि के लिये प्रशिक्षण लेना होगा। उन्हें इस अवधि के लिए उक्त प्रशिक्षण ऐसे स्थानों पर तथा इस प्रकार से लेना होगा और ऐसी परीक्षाएं उत्तीर्ण करनी होंगी जिन्हें समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित किया जाए।

(ग) नियुक्ति की समाप्ति :—

(1) परिवीक्षा की अवधि के दौरान दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष की ओर से तीन महीने का लिखित नोटिस देकर परिवीक्षाधीन अधिकारियों की नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। किन्तु संविधान के अनुच्छेद 311 के खंड (2) के उपबन्धों के अनुसार की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के फलस्वरूप सेवा से बर्खास्तगी और सेवा से हटाने के तथा मानसिक एवं शारीरिक अक्षमता के फलस्वरूप अनिवार्य सेवा निवृत्ति के मामलों में ऐसा नोटिस देना आवश्यक नहीं होगा, किन्तु सरकार को तत्काल सेवायें समाप्त करने का अधिकार है।

(2) यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण असंतोषजनक है या उसके कार्य कुशल बनने की सम्भावना न हो तो सरकार उसे तत्काल सेवा मुक्त कर सकती है।

(3) विभागीय परीक्षाएं उत्तीर्ण न करने पर सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं। परिवीक्षा की अवधि के दौरान अनुमोदित स्तर की हिन्दी में परीक्षा उत्तीर्ण न करने पर सेवाओं को समाप्त किया जा सकता है।

(घ) स्थायीकरण :—परिवीक्षा की अवधि को संतोषजनक रूप से पूरा करने तथा सभी निर्धारित विभागीय और हिन्दी परीक्षाओं में उत्तीर्ण होने के फलस्वरूप तथा नियुक्ति के लिए

सभी दृष्टियों से योग समझे जाने पर परिवीक्षाधीन अधिकारियों को उक्त सेवा के कनिष्ठ वेतनमान में स्थायी कर दिया जाएगा।

(ङ) वेतनमान :—

(1) कनिष्ठ वेतन:—रु. 700-40-900-द. रो. 40-1100-50-1300

(2) वरिष्ठ वेतनमान :—रु. 1100-(5 वां वर्ष या इससे पहले)—50-1600

(3) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—रु. 1500-60-1800-100-2000

(4) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड—स्तर 2—रु. 2250-125/2-2500

(5) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड-स्तर 1—रु. 2500-125/2-2750

इसके अतिरिक्त रु. 2500 तथा रु. 3500 के वेतन के बीच के सुपरटाइम वेतनमान वाले पद भी जिनके लिए उपर्युक्त सेवाओं के अधिकारी पात्र हैं।

परिवीक्षाधीन अधिकारी कनिष्ठ वेतनमान के न्यूनतम वेतन से प्रारंभ करेगा तथा उसे समय वेतनमान में अवकाश पेंशन तथा वेतन वृद्धियों के लिए परिवीक्षा पर बिताई गई अवधि को गिनने की अनुमति होगी।

मंहगाई तथा अन्य भत्ते भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार प्राप्य होंगे।

परिवीक्षा की अवधि के दौरान विभागीय तथा अन्य परीक्षाओं को उत्तीर्ण न करने पर वेतन वृद्धियों को रोका या स्थगित किया जा सकता है।

(च) प्रशिक्षण व्यय लौटाना :—यदि किसी ऐसे कारणवश जो सरकार की राय में परिवीक्षाधीन अधिकारी के नियंत्रण से बाहर नहीं है, कोई परिवीक्षाधीन अधिकारी प्रशिक्षण अथवा परिवीक्षा से अपना नाम वापस लेना चाहता है तो उस परिवीक्षा की अवधि के दौरान दिए गए प्रशिक्षण का पूरा व्यय और अन्य धनराशियों को वापस करना होगा। किन्तु जिन परिवीक्षाधीन अधिकारियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा आदि में नियुक्ति हेतु परीक्षा के लिए आवेदन करने हेतु अनुमति दी जाती है उन्हें प्रशिक्षण के व्यय को वापस नहीं करना पड़ेगा।

(छ) छुट्टी :—उक्त सेवा के अधिकारी समय-समय पर लागू छुट्टी नियमावली के अनुसार छुट्टी लेने के पात्र हैं।

(ज) चिकित्सा सुविधा :—अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार चिकित्सा सुविधा एवं उपचार कराने के पात्र होंगे।

(झ) पास तथा विशेषाधिकार टिकट :—अधिकारी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार निःशुल्क रेलवे पास तथा विशेषाधिकार टिकटों के पात्र होंगे।

(ञ) भविष्यनिधि तथा पेंशन :—उक्त सेवा के लिए भर्ती किए गए उम्मीदवार रेलवे पेंशन नियमावली द्वारा शासित होंगे और समय-समय पर लागू उस निधि के नियमों के अंतर्गत राज्य रेलवे भविष्य निधि (गैर-अंशदायी) में अंशदान करेंगे।

(ट) उक्त सेवाओं/पदों के लिए भर्ती किए गए उम्मीदवारों को भारत या भारत से बाहर किसी भी रेलवे या परियोजना पर कार्य करना पड सकता है।

(ठ) रक्षा सेवाओं में सेवा करने का दायित्व :—यदि आवश्यकता हुई तो नियुक्त किए गए परिवीक्षाधीन अधिकारियों को भारत की रक्षा से संबद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई है) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से संबद्ध पद पर कार्य करना होगा :—

किन्तु उस व्यक्ति को :—

(क) नियुक्ति की तारीख से 10 वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(ख) सामान्यतः 45 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

2. केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप क

और

केन्द्रीय वैद्युत तथा यांत्रिक इंजीनियरी सेवा ग्रुप क

(क) चुने हुए उम्मीदवारों को दो वर्ष के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा। परिवीक्षा की अवधि के दौरान उन्हें निर्धारित विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। परिवीक्षा संतोषजनक रूप में पूरी कर लेने पर यदि स्थायी पद उपलब्ध हुए तो उनके स्थायी करने या कार्य करते रहने पर विचार किया जाएगा। परिवीक्षा की दो वर्ष की अवधि सरकार द्वारा बढ़ाई जा सकती है।

परिवीक्षा की अवधि या परिवीक्षा की कोई बढ़ी हुई अवधि समाप्त हो जाने पर यदि सरकार की यह राय है कि अधिकारी स्थायी नियोजन/बरकरारी के उपयुक्त नहीं है या परिवीक्षा की इस अवधि या परिवीक्षा की बढ़ी हुई अवधि के दौरान किसी समय सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाए कि अधिकारी स्थायी नियुक्ति/बरकरारी के लिए उपयुक्त नहीं रहेगा तो इस अवधि या बढी हुई अवधि के समाप्त हो जाने पर सरकार उक्त अधिकारी को कार्य मुक्त कर सकती है या जो ठीक समझे वह आदेश पारित कर सकती है।

(ख) जैसाकि इस समय स्थिति है, केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप क में नियुक्त सभी अधिकारी, सहायक कार्यपालक इंजीनियरी के ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा पूरी कर लेने के बाद अगले ऊंचे ग्रेड अर्थात कार्यपालक इंजीनियर के रूप में पदोन्नति में पात्र होंगे, बशर्ते कि रिक्तियां उपलब्ध हों और वे ऐसी पदोन्नति के अन्यथा योग्य पाए जाएं।

(ग) इस प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्त किसी भी व्यक्ति को भारत की रक्षा से संबद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई है) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिये किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा, किन्तु उस व्यक्ति को :—

(1) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा, और

(2) सामान्यतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(घ) वेतन की प्राप्त दरें निम्न प्रकार हैं :—

कनिष्ठ वेतनमान—रु० 700-40-900-द०रो-40-1100-50-1300।

वरिष्ठ वेतनमान—रु० 1100 (छठा वर्ष या कम)-50-1600 प्रशासनिक (चयन) पद।

अधीक्षण इंजीनियर—रु० 1500-60-1800-100-2000 ।

मुख्य इंजीनियर—रु० (i) रु० 2250-125/2-2500 ।

(ii) रु० 2500-125/2-2750 ।

इंजीनियर-इन-चीफ-रु० 3000-100-3500 (केन्द्रीय इंजीनियर सेवा ग्रुप 'क' के लिए) ।

नोट :—जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले आवधिक पद के अथवा किसी स्थायी पद पर मूल रूप में कार्य कर चुका हो उसका वेतन एफ०आर० 22 बी (1) के अनुसार विनियमित किया जाएगा ।

(ङ) केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (ग्रुप क) और केन्द्रीय वैद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी सेवा (ग्रुप क) के पदों से संबंधित कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों का स्वरूप ।

केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप क

इंजीनियरी सेवा परीक्षा के माध्यम से इस सेवा में भर्ती हुए उम्मीदवार केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में विभिन्न प्रकार के सिविल निर्माण (केन्द्रीय सरकार के) जिसमें आवासीय भवन, कार्यालय भवन, संस्था तथा अनुसंधान केन्द्र, औद्योगिक भवन, अस्पताल की भूमि की विकास योजना, हवाई अड्डे, महामार्ग तथा पुल आदि सम्मिलित हैं, आयोजन, अभिकल्पन, निर्माण और रख-रखाव के कार्य पर लगाए जाते हैं। इस विभाग में उम्मीदवार अपनी सेवा सहायक कार्यपालक इंजीनियर के रूप में शुरू करते हैं और अपनी सेवा करते-करते वे पदोन्नत होकर विभाग के विभिन्न वरिष्ठ ओहदों पर पहुंच जाते हैं।

(2) केन्द्रीय वैद्युत और यांत्रिक इंजीनियरी सेवा ग्रुप क

इंजीनियरी सेवा परीक्षा के माध्यम से इस सेवा में भर्ती हुए उम्मीदवार केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग में विभिन्न प्रकार के सिविल निर्माण (केन्द्रीय सरकार के) विद्युत घटकों के, जिसमें वैद्युत संस्थापन, इलैक्ट्रीकल सब स्टेशन तथा पावर हाउस, वातानुकूल तथा प्रशीतन, हवाई अड्डों की रनवे लाइटिंग, यांत्रिक कर्मशालाओं का परिचालन, निर्माण मशीनरी की प्राप्ति तथा रख-रखाव आदि सम्मिलित हैं, आयोजन, अभिकल्पन, निर्माण और रख-रखाव के कार्य पर लगाए जाते हैं। इस विभाग में उम्मीदवार अपनी सेवा सहायक कार्यपालक इंजीनियर के रूप में शुरू करते हैं और अपनी सेवा करते-करते वे पदोन्नत होकर विभाग के विभिन्न वरिष्ठ ओहदों पर पहुंच जाते हैं।

3. सेना इंजीनियर सेवा ग्रुप क :—

(क) चुने हुए उम्मीदवारों को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किया जाएगा। परिवीक्षाधीन अधिकारी को अपनी परिवीक्षा की अवधि के दौरान सरकार द्वारा निर्धारित विभाग तथा भाषा संबंधी परीक्षण उत्तीर्ण करने पड़ सकते हैं। यदि सरकार की राय में किसी परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य तथा आचरण असंतोषजनक है का ऐसा आभास होता है कि उसके कुशलता प्राप्त करने की संभावना नहीं है अथवा यदि परिवीक्षाधीन अधिकारी उक्त अवधि के दौरान निर्धारित परीक्षण उत्तीर्ण नहीं कर पाता है तो सरकार उसे कार्यमुक्त कर सकती है। परिवीक्षा की अवधि पूरी होने पर सरकार उसे उस नियुक्ति पर स्थायी कर सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य तथा आचरण असंतोषजनक रहा है तो सरकार उसे कार्यमुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा की अवधि इतनी बढ़ा सकती है जितनी वह ठीक समझे ।

उम्मीदवारों को दो वर्गों की परिवीक्षा की अवधि के दौरान एम. ई. एस. प्रोसीजर सुपरिन्टेंडेंटस (वी/आर एण्ड ई/एम ग्रेड 1 एक्जामिनेशन तथा हिन्दी परीक्षण उत्तीर्ण करने होंगे । हिन्दी परीक्षा का स्तर प्राज (मैट्रिकुलेशन स्तर के समकक्ष) का होगा।

(ख) (1) चुने हुए उम्मीदवारों को यदि आवश्यकता पड़ी तो सशस्त्र सेना में कमीशन प्राप्त अधिकारियों के रूप में किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि, यदि कोई है, सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए कार्य करना होगा किन्तु उस व्यक्ति को (1) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा और (2) साधारणतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा ।

(2) उम्मीदवारों पर एम. आर. ओ. नं. 92 दिनांक 9 मार्च 1957 के अन्तर्गत प्रकाशित 1957 के सिविलयन इन डिफेंस सर्विस (फील्ड लाइबिलिटी रूल्स भी लागू होंगे। उनमें निर्धारित चिकित्सा स्तर के अनुसार उम्मीदवारों की चिकित्सा परीक्षा की जाएगी।

(ग) वेतन की प्राप्य दरें निम्न प्रकार हैं :—

	वेतनमान
सहायक कार्यपालक इंजीनियर/ सहायक निर्माण सर्वेक्षक	रु० 700-40-900 द० रो०-40-1100-50-1300।
कार्यपालक इंजीनियर निर्माण सर्वेक्षक	रु० 1100 (छठा वर्ष या कम)-50-1600।
अधीक्षण इंजीनियर/ अधीक्षण-निर्माण सर्वेक्षक	रु० 1500-60-1800-100-2000।
उप मुख्य इंजीनियर	रु० 1500-60-1800-100-2000 तथा साथ में विशेष वेतन रु० 200/-
मुख्य इंजीनियर	रु० 2250-125/2-2500
मुख्य निर्माण सर्वेक्षक	विचाराधीन।

4. भारतीय आयुद्ध कारखाना सेवा ग्रुप क

(क) चुने हुए उम्मीदवार तीन वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किए जाएंगे। सरकार महानिदेशक, आयुद्ध कारखाना/अध्यक्ष, आयुद्ध कारखाना बोर्ड की सिफारिश पर परिवीक्षा अवधि घटा या बढ़ा सकती है। परिवीक्षाधीन व्यक्ति को सरकार द्वारा यथाविहित व्यावहारिक प्रशिक्षण लेना होगा तथा सरकार द्वारा यथा विहित विभागीय तथा भाषा परीक्षण उत्तीर्ण करना होगा। भाषा का परीक्षण का हिन्दी में परीक्षण होगा। सरकार द्वारा परिवीक्षा की अवधि पूरी हो जाने पर अधिकारी की उसकी नियुक्ति पर स्थायी कर दिया जाएगा। किन्तु परिवीक्षा की अवधि के दौरान या अवधि की समाप्ति पर यदि सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण असन्तोषजनक रहा है तो सरकार उसको कार्यमुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि जितनी ठीक समझे और बढ़ा सकती है।

(ख) चुने हुए उम्मीदवारों को यदि आवश्यकता पड़ी, तो सशस्त्र सेना में कमीशन प्राप्त अधिकारियों के रूप किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि, यदि कोई है, सहित कम से कम चार वर्ष की अवधि के लिए कार्य करना होगा, किन्तु उस व्यक्ति को (1) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा, और (2) साधारणतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा ।

(2) उम्मीदवारों पर एस. आर. ओ. नं. 92 दिनांक 9 मार्च 1957 के अन्तर्गत प्रकाशित 1957 के सिविलियन इन डिफेंस सर्विस (फील्ड लाइबिलिटी) रूल्स भी लागू होंगे। उनमें निर्धारित चिकित्सा स्तर के अनुसार उम्मीदवारों की चिकित्सा परीक्षा की जाएगी।

(ग) वेतन की प्राप्ति दरें निम्न प्रकार हैं :—

कनिष्ठ समय वेतनमान	रु० 700-40-900-द० रो०-40-1100-50-1300
वरिष्ठ समय वेतनमान	रु० 1100- (छठा वर्ष या कम)-50-1600
कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड	रु० 1500-60-1800-100-2000
कनिष्ठ प्रशासनिक चयन ग्रेड	रु० 2000-125/2-2250
वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड स्तर II	रु० 2250-125/-2-2500
वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड स्तर-I	रु० 2500-125/-2-2750
अतिरिक्त महानिदेशक, आयुद्ध कारखाना/सदस्य, आयुद्ध कारखाना बोर्ड	रु० 3000 (नियत)
महानिदेशक, आयुध कारखाना/अध्यक्ष आयुध कारखाना बोर्ड	रु० 3500 (नियत)

नोट :—जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले प्रावधिक पद के अलावा किसी स्थायी पद पर मूल रूप में कार्य कर चुका हो उसका वेतन रक्षा मंत्रालय के समय-समय पर संशोधित का. ज्ञा. सं. 15(6)/64/डी (एपाइंटमेन्टस)/1051/डी (सी 4 – 1), दिनांक 25 नवम्बर, 1965 के उपबन्धों के अधीन विनियमित किया जाएगा।

(घ) परिवीक्षाधीन अधिकारियों को मसूरी/नागपुर में फाउंडेशनल कोर्स करना होगा।

(ङ) इस प्रकार भर्ती हुए परिवीक्षाधीन अधिकारी को सेवा प्रारंभ करने से पहले एक बंध-पत्र भरना होगा

5. भारतीय दूर संचार सेवा ग्रुप क :

(क) दो वर्ष की अवधि के लिए नियुक्ति परिवीक्षा पर की जाएगी। सरकार की राय में परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य तथा आचरण यदि असंतोषजनक है या उससे यह आभास होता है कि उसके कुशलता प्राप्त करने की संभावना नहीं है तो सरकार उसे तत्काल कार्यमुक्त कर सकती है। परिवीक्षा की अवधि पूरी हो जाने पर सरकार, यदि स्थायी रिक्तियां उपलब्ध हों, उस वक्त नियुक्ति पर स्थायी बना सकती है या यदि सरकार की राय में उसका कार्य अथवा आचरण असंतोषजनक रहा है तो सरकार उसे सेवामुक्त कर सकती है या जितनी ठीक समझे उतनी अवधि के लिए उसकी परिवीक्षा की अवधि बढ़ा सकती है।

परिवीक्षा की अवधि के दौरान जो भी विभागीय परीक्षा या परीक्षाएं निर्धारित की जाएं, अधिकारियों को उत्तीर्ण करनी होंगी। उनको स्थायी किए जाने से पहले हिन्दी का परीक्षण भी उत्तीर्ण करना होगा।

(ख) अधिकारियों को व्यवसाय तथा भाषा संबंधी परीक्षण भी उत्तीर्ण करने होंगे।

(ख) अधिकारियों को व्यवसाय तथा भाषा संबंधी परीक्षण नियुक्त किसी भी व्यक्ति को यदि आवश्यकता पड़ी तो भारत की रक्षा से संबद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि, यदि कोई हो, सहित कम से कम चार वर्ष की अवधि के लिए किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से संबद्ध पद पर कार्य करना होगा, किन्तु उस व्यक्ति को:—

(1) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप से कार्य नहीं करना होगा;

(2) साधारणः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(च) प्राप्त वेतन की दरें निम्न प्रकार हैं :—

कनिष्ठ वेतनमान :	रु० 700-40-900-द० रो०-40-1100-50-1300
वरिष्ठ वेतनमान :	रु० 1100 (छठा वर्ष या कम)-50-1600।
कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड :	रु० 1500-60-1800-100-2000
वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड :	(i) रु० 2250-125/2-2500 (ii) रु० 2500-125/2-2750

नोट :—जो सरकारी कर्मचारी परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले आवधिक पद के अलावा किसी स्थायी पद पर मूल रूप में कार्य कर चुका हो उसका वेतन एफ. आर. 22-बी(1) के उपबन्ध के अधीन विनियमित किया जाएगा।

भारतीय दूरसंचार सेवा ग्रुप क के कनिष्ठ वेतनमान में यदि किसी अधिकारी का स्थानापन्न वेतन रु. 780/- या इससे अधिक है तो वह तब तक वेतन वृद्धि प्राप्त नहीं करेगा जब तक विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण न कर ले।

(छ) भारतीय दूरसंचार सेवा (ग्रुप क) के पदों से सम्बद्ध कर्तव्य तथा उत्तरदायित्व ।

सहायक डिवीजनल इंजीनियर टेलीग्राफ

सहायक डिवीजनल इंजीनियर टेलीग्राफ, टेलिग्राफ/टेलिफोन इंजीनियरी सब डिवीजन, कैरियर बी. एफ. टी., कौक्सिअल, माइक्रोवेव, लौंग डिस्टेंस, इलैक्ट्रिकल तथा वायरलैस के इंचार्ज होंगे और सामान्यतः डिविजनल इंजीनियर के अधीन कार्य करेंगे। वे विभिन्न दूर संचार निर्माण के संस्थापन संरचना करने के लिए परियोजना संगठन में भी कार्य कर सकते हैं।

डिविजनल इंजीनियर

डिवीजनल इंजीनियर को टेलीग्राफ/टेलीफोन इंजीनियरी डिवीजनों जिसमें लांग डिस्टेंस, कौक्सिअल, माइक्रोवेव मेंटिनेंस डिवीजन तथा वायरलैस डिवीजन शामिल हैं, का प्रभारी बनाया जाता है। वे अपने प्रभार में रहने वाले टेलीग्राफों तथा टेलीफोनों के उपस्करों के रख-रखाव के पूरे जिम्मेदार होंगे तथा अपने डिवीजन में रह कर कार्य करेंगे। जब डिवीजनल इंजीनियर परियोजना संगठन पर लगाए जाते हैं तो उन्हें यूनिट में निर्माण/संस्थापन कार्य करना होगा।

कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड

दूर संचार सर्किल और टेलिफोन डिस्ट्रिक्ट में दूर संचार सम्बन्धी परिसम्पत्तियों के प्रशासन और दूर संचार संस्थापनों के प्रशासन तथा आयोजन के लिए, दूर संचार प्रणालियों आदि में अनुसंधान और विकास के लिए जिम्मेदार है। वे माइनर टेलिफोन डिस्ट्रिक्ट, दूर संचार सर्किल, आदि के लिए भी पूरी तरह जिम्मेदार हैं।

वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड

दूर संचार सर्किल/टेलिफोन डिस्ट्रिक्ट/प्रोजेक्ट सर्किल/दूर संचार अनुरक्षण क्षेत्र का प्रधान, जो कार्य प्रभार में उसका पूरी तरह से प्रबंध व प्रशासन करने के लिए जिम्मेदारी डाक तार बोर्ड में उप महानिदेशक, डाक तार बोर्ड की नीति निर्धारित करने तथा समग्र प्रशासन करने में उच्चस्तरीय सहायता प्रदान करता है। निदेशक, दूर संचार अनुसंधान केन्द्र और अतिरिक्त निदेशक, दूर संचार अनुसंधान केन्द्र, दूर संचार अनुसंधान केन्द्र के अनुसंधान सम्बन्धी समग्र कार्यकलापों के लिए जिम्मेदार हैं।

6. केन्द्रीय इंजीनियरी (ग्रुप क) सेवा

(1) केन्द्रीय जल आयोग में सहायक निदेशक/सहायक कार्यपालक इंजीनियर के पदों पर भर्ती हुए व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे।

किन्तु सरकार आवश्यक होने पर, दो वर्ष की उक्त अवधि अधिक से अधिक एक वर्ष तक और बढ़ा सकती है।

यदि परिवीक्षा की उपर्युक्त अवधि या बढ़ी हुई अवधि, जैसी भी स्थिति हो, समाप्त होने पर सरकार की यह राय हो कि उम्मीदवार स्थायी नियोजन हेतु उपर्युक्त नहीं है या परिवीक्षा की इस अवधि या बढ़ी हुई अवधि के दौरान सरकार संतुष्ट हो जाए कि वह स्थायी नियुक्ति हेतु उपयुक्त नहीं रहेगा तो इस अवधि या बढ़ी हुई अवधि के समाप्त हो जाने पर सरकार उक्त अधिकारी को कार्यमुक्त कर सकती है या उसको उसके मूल पद पर प्रत्यावर्तित कर सकती है या जो ठीक समझे वह आदेश पारित कर सकती है।

परिवीक्षा की अवधि के दौरान सरकार उम्मीदवारों से प्रशिक्षण तथा दीक्षण का ऐसा कोर्स करने और ऐसी परीक्षा तथा परीक्षण उत्तीर्ण करने को कह सकती है जिसे वह परिवीक्षा की सफल पूर्ति की एक शर्त के रूप में ठीक समझे।

(2) इस प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्त किसी भी व्यक्ति को यदि आवश्यकता पड़ी तो भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी प्रशिक्षण पर बताई गई अवधि यदि कोई हो, सहित कम से कम चार वर्ष की अवधि के लिए किसी रक्षा सेवा या भारत का रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा;

किन्तु उस व्यक्ति को--

(1) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा;

(2) साधारणतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(3) सहायक निदेशक सहायक कार्यपालक इंजीनियर के पद पर नियुक्त अधिकारी निर्धारित शर्त पूरी करने के बाद उप निदेशक/कार्यपालक इंजीनियर/अधीक्षण इंजीनियर/निदेशक (साधारण ग्रेड)/निदेशक/अधीक्षण इंजीनियर (चयन ग्रेड) और मुख्य इंजीनियर के उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति की उम्मीद कर सकते हैं।

(4) केन्द्रीय जल आयोग में इंजीनियरी पदों के ग्रुप "क" के लिए वेतनमान निम्न प्रकार है :--

(केन्द्रीय जल आयोग में सिविल और यांत्रिक पद)

1. सहायक निदेशक/सहायक कार्यकारी इंजीनियर	रु० 700-40-900-द० रो०-40-1100-50-1300।
2. उप निदेशक/कार्यकारी इंजीनियर	रु० 1100 (छठा वर्ष या कम)-50-1600।
3. अधीक्षण इंजीनियर/निदेशक (साधारण ग्रेड)।	रु० 1500-60-1800-100-2000
4. निदेशक चयन ग्रेड अधीक्षण इंजीनियर (चयन ग्रेड)।	रु० 2000-125/2-2250।
5. मुख्य इंजीनियर	(i) 2250-125/2-2500 (स्तर II)
	(ii) 2500-125/2-2500 (स्तर I)

(5) केन्द्रीय जल इंजीनियरी (ग्रुप क) सेवा में पदों से सम्बद्ध कर्तव्यों और दायित्वों का स्वरूप।

सहायक निदेशक अधिकारी (सिविल और यांत्रिक)।

सिंचाई, नौसंचालन, विद्युत, घरेलू जल आपूर्ति, बाढ़ नियंत्रण और अन्य प्रयोजनों के विकास हेतु जल साधनों के संरक्षण तथा विनियमन के लिए आकलन, रिपोर्ट आदि तैयार करने सहित परियोजनाओं की योजना सर्वेक्षण अन्वेषण तथा अभिकल्पना।

सहायक कार्यकारी इंजीनियर (सिविल तथा यांत्रिक) :--

उनको आबंटित उप मण्डल या अन्य एककों के निर्माण कार्य के लिये वे जिम्मेदार होंगे। उन्हें अपने प्रभार के अधीन रोकड़ तथा भंडारों का लेखा जोखा रखना होगा तथा परोक्ष रूप से उपमण्डल में प्रत्येक कार्य की प्रगति के लिये कुछ आनुषंगिक कार्यों को भी देखना होगा। विहित नियमों आदि के अनुसार वे अपने प्रभार के अधीन माप बहियों, मस्टर रोल तथा अन्य अभिलेखों के सही रख-रखाव के लिये जिम्मेदार होंगे।

7. केन्द्रीय विद्युत इंजीनियरी (ग्रुप क) सेवा

(1) संगठन का विवरण :

विद्युत (आपूर्ति) अधिनियम, 1948 की धारा 3(1) के अधीन केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण संगठित किया गया था और इसका दायित्व राष्ट्रीय विद्युत साधनों के नियंत्रण तथा उपयोग के सम्बन्ध में योजना अभिकरणों के कार्यकलापों के समन्वय करने के लिए एक सुदृढ़, पर्याप्त और एकरूप विद्युत निति का विकास करना है। देश की सभी विद्युत योजनाओं (उत्पादन संरक्षण, वितरण और विद्युत आपूर्ति का उपयोग) की संभाव्यता तकनीकी विश्लेषण, आर्थिक व्यवहार्यता आदि के सम्बन्ध में यह सुनिश्चित करने के लिये केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में संवीक्षा की जाती है कि ये योजनाएं राज्यों तथा क्षेत्रों के समग्र विकास के लिये उपयुक्त होंगी और सब प्रकार से राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था के अनुरूप होंगी। इस संगठन का राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था के विकास और विद्युत को इसकी मुख्य गतिदायी शक्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण स्थान है।

(2) उस ग्रेड का विवरण जिसके लिये संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित इंजीनियरी सेवा परीक्षाओं के माध्यम से भर्ती की जाती है।

रु. 700-1300 के वेतनमान में सहायक निदेशक/सहायक प्राधिकारी इंजीनियर के ग्रेड में साठ प्रतिशत पद संघ लोक सेवा आयोग द्वारा वार्षिक आधार पर ली गई सम्मिलित इंजीनियरी सेवा परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरे जाते हैं।

केन्द्रीय विद्युत् इंजीनियरी (ग्रुप क) में सहायक निदेशक/सहायक कार्यकारी इंजीनियर के पद पर नियुक्त किए गये व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षाधीन रहेंगे किन्तु जहां आवश्यक हो वहां सरकार उक्त दो वर्षों की अवधि के अतिरिक्त अवधि बढ़ा सकती है जो एक वर्ष से अधिक नहीं होगी।

यदि उपर्युक्त परिवीक्षा अवधि या उसकी बढ़ाई गई अवधि जैसी भी स्थिति हो, के समाप्त होने के बाद सरकार यह समझे कि कोई उम्मीदवार स्थाई नियुक्ति के योग्य नहीं है अथवा ऐसी परिवीक्षा की अवधि या बढ़ाई गई अवधि के दौरान किसी भी समय वह इस बात से सन्तुष्ट हो कि उक्त उम्मीदवार ऐसी परिवीक्षा अवधि या बढ़ाई गई अवधि की समाप्ति के बाद स्थाई नियुक्ति के योग्य नही होगा तो वह उसे सेवा मुक्त कर सकती है या उसके स्थाई पद पर प्रत्यावर्तित कर सकती है या ऐसे आदेश पारित कर सकती है जैसा वह उचित समझे।

परिवीक्षा की अवधि के दौरान उम्मीदवारों को ऐसा प्रशिक्षण लेना होगा तथा अनुदेश का पालन करना होगा तथा ऐसी

परीक्षायें उत्तीर्ण करनी होंगी जो सरकार द्वारा परिवीक्षा की अवधि को सन्तोषजनक रूप में पूरा करने की शर्त के रूप में निर्धारित की जायं।

यदि आवश्यकता हुई तो इस प्रतियोगिता परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्त किये गये किसी भी व्यक्ति को भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई हो) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिये किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से संबद्ध पद पर कार्य करना होगा किन्तु उस व्यक्ति को :—

(क) नियुक्ति की तारीख से 10 वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप से कार्य नहीं करना होगा, और

(ख) सामान्यतः 45 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(3) उच्चतर ग्रेडों के लिये पदोन्नति

सहायक निदेशक/सहायक कार्यपालक इंजीनियर के पदों पर नियुक्ति अधिकारी समय-समय पर यथा संशोधित केन्द्रीय शक्ति इंजीनियरी (ग्रुप क) सेवा, नियमावली, 1965 में निर्धारित शर्तें पूरी करने के बाद उच्चे ग्रेडों अर्थात् उपनिदेशक कार्यपालक इंजीनियर, निदेशक/अधीक्षण इंजीनियर (साधारण ग्रेड), निदेशक/अधीक्षण इंजीनियर (चयन ग्रेड), उपमुख्य इंजीनियर, मुख्य इंजीनियर (स्तर 2) और मुख्य इंजीनियर (स्तर 1) के रूप में नियुक्ति के पात्र हैं बशर्ते कि सम्बद्ध ग्रेड में रिक्तियां उपलब्ध हों।

(4) वेतनमान

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में केन्द्रीय विद्युत इंजीनियर (ग्रुप क) सेवा के पदों पर वेतनमान निम्नलिखित हैं :—

केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण में विद्युत, यांत्रिक और दूर संचार से सम्बद्ध पद

क्र० सं०	पद का नाम	वेतनमान
1.	सहायक निदेशक/सहायक कार्यकारी इंजीनियर	रु० 700-40-900-द० रो०-40-1100-50-1300
2.	उप निदेशक/कार्यकारी इंजीनियर	रु० 1100 (छठा वर्ष या कम) -50-1600
3.	निदेशक/अधीक्षण इंजीनियर (साधारण ग्रेड)	रु० 1500-60-1800-100-2000
4.	निदेशक/अधीक्षण इंजीनियर (चयन ग्रेड)	रु० 2000-125/2-2250
5.	उपमुख्य इंजीनियर	रु० 2000-125/2-2250
6	मुख्य इंजीनियर (स्तर II)	रु० 2250-125/2-2500
7.	मुख्य इंजीनियर (स्तर-I)	रु० 2500-125/2-2750

नोट :—सहायक निदेशक/सहायक कार्यकारी इंजीनियर ग्रेड से उप-निदेशक/कार्यकारी इंजीनियर के ग्रेड में पदोन्नति होने पर वेतन नियतन के प्रयोजनार्थ इस सेवा के सदस्यों के लिये तृतीय वेतन आयोग की अनुशंसाओं पर अपनाई गई समनुक्रमणिका सारणियां लागू हैं।

(5) कर्त्तव्य और दायित्व

सहायक निदेशक/सहायक कार्यकारी इंजीनियर के पदों पर सम्बद्ध कर्त्तव्यों और दायित्वों के स्वरूप इस प्रकार हैं :—

विद्युत विकास के क्षेत्रों की विविध प्रकार की समस्याओं से सम्बद्ध अपेक्षित तकनीकी तथ्यों का संग्रह संकलन और परस्पर सम्बन्ध। उन्हें इनसे सम्बद्ध मामलों को भी निपटाना है जिसमें हाइड्रो तथा थर्मल पावर परियोजनाओं की स्थापना संचालन अनुरक्षण तथा विद्युत योजनाओं परियोजनाओं की अभिकल्पनाओं आदि के तैयार करने में सहायता देते हुए उनके संचरण तथा वितरण/विद्युत प्रणालियों की परियोजना रिपोर्टों का अध्ययन करना सम्मिलित है। क्षेत्र एककों में कार्य करते हुए वे उप मण्डल या उनको आवंटित अन्य कार्यों के लिये उत्तरदायी होंगे।

8. केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क) ग्रुप क :

(क) चुने हुए उम्मीदवार सहायक कार्यकारी इंजीनियरी के पद पर दो वर्ष के लिए परिवीक्षा के आधार पर नियुक्त किये जाएंगे। परिवीक्षा अवधि पूरी होने पर यदि स्थाई रिक्तियां उपलब्ध हुई और वे स्थाई नियुक्ति के योग्य समझे जाते हैं तो उन्हें सहायक कार्यकारी इंजीनियर के पद पर स्थाई किया जाएगा। सरकार दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि को बढ़ा सकती है।

परिवीक्षा अवधि या उसकी बढ़ाई गई अवधि के समाप्त होने पर यदि सरकार यह समझती है कि कोई सहायक कार्यकारी इंजीनियर स्थाई नियोजन के योग्य नहीं है या ऐसी परिवीक्षा अवधि या परिवीक्षा की बढ़ाई गई अवधि के दौरान वह इससे सन्तुष्ट है कि कोई सहायक कार्यकारी इंजीनियर ऐसी अवधियों या बढ़ाई गई अवधियों की समाप्ति पर स्थाई नियुक्ति के योग्य नहीं होगा तो वह उस सहायक कार्यकारी इंजीनियर को सेवा निवृत्त कर सकता है अथवा ऐसे आदेश पास कर सकती है जो वह ठीक समझे।

अधिकारियों का स्थाईकरण से पहले हिन्दी का परीक्षण भी उत्तीर्ण करना होगा।

(ख) यदि आवश्यकता हुई तो इस प्रतियोगिता परीक्षा के परिणामों के आधार पर नियुक्त किये गये किसी भी व्यक्ति को भारत रक्षा से सम्बद्ध किसी प्रशिक्षण पर बताई गई अवधि (यदि कोई हो) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिये किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा।

किन्तु उस व्यक्ति को :—

(1) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्व पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा और

(2) सामान्यतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(ग) प्राप्य वेतन की दरें निम्नलिखित हैं :—

सहायक कार्यकारी इंजीनियर (सड़क पुल यांत्रिक)—

रु. 700-40-900-द. रो.-40-1100-50-1300

इंजीनियर (सड़क/पुल/यांत्रिक)—

कार्यकारी

रु. 1100 (छठे वर्ष या कम)-50-1600

अधीक्षण इंजीनियर (सड़क/पुल/यांत्रिक)—

रु. 1500-60-1800-100-2000

मुख्य इंजीनियर (सड़क/पुल/यांत्रिक)—

(1) रु. 2250-125/2-2500।

(2) रु. 2250-125/2-2700।

अतिरिक्त महानिदेशक (सड़क पुल)—

महानिदेशक (सड़क विकास)—रु. 3000-100-3500

नोट :—उन सरकारी कर्मचारियों का वेतन जो केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा ग्रुप क/ग्रुप ख में परिवीक्षाधीन नियुक्ति

से पहले मूल रूप में किसी आवधिक पद के अतिरिक्त स्थाई पद पर है एफ. आर. 22-ख(1)

(1) के उपबन्धों के अधीन विनियमित किया जायेगा।

(ख) केन्द्रीय इंजीनियरी सेवा (सड़क) ग्रुप ग्रुप क के पद से सम्बद्ध कर्त्तव्यों और दायित्वों का स्वरूप।

सड़क/पुल कार्यों की अभिकल्पना और आकलन तैयार करने की योजना में और राज्यों से ऐसे कार्यों के लिये प्राप्त प्रस्तावों की संवीक्षा करने में जहाजरानी और परिवहन मंत्रालय के सड़क स्कन्ध के मुख्यालयों और क्षेत्रीय कार्यालयों में वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों की सहायता करना।

9. भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण के पद :—

भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण में बरमा इंजीनियर कनिष्ठ/यांत्रिक इंजीनियर कनिष्ठ (ग्रुप क पद) और सहायक यांत्रिक इंजीनियर (ग्रुप ख पद) के पदों पर अस्थाई आधार पर भर्ती किये गये व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे। दो वर्ष से अधिक अतिरिक्त अवधि के लिये सेवा में उनका रखना परिवीक्षा अवधि के दौरान उनके द्वारा किये गये कार्य के मूल्यांकन पर निर्भर करेगा। सरकार की विवेक पर यह अवधि बढ़ाई जा सकती है उन्हें क्रमशः रु. 700-40-900-द. रो.-40-1100-50-1300 और रु. 650-30-740-35-810-द. रो.-35-880-40-1000-द. रो.-40-1200 के समय वेतनमान में वेतन मिलेगा। सन्तोषजनक रूप से उनकी परिवीक्षा की अवधि पूरी कर लेने पर यदि वे स्थाई नियुक्ति के योग्य समझे जाते हैं तो मूल रिक्तियों के उपलब्ध होने पर नियमानुसार उनके स्थायीकरण पर विचार किया जायेगा।

यदि आवश्यकता हुई तो भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण में बरमा इंजीनियर कनिष्ठ/यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) और सहायक यांत्रिक इंजीनियर के पद पर नियुक्त किये गये व्यक्तियों को भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई हो) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिये किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा।

किन्तु उस व्यक्ति को—

(1) भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण में बरमा इंजीनियर (कनिष्ठ)/यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) या सहायक यांत्रिक इंजीनियर के पद पर नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा, और

(2) सामान्यतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

इस विषय पर नियमों और अनुदेशों के अनुसार जो उम्मीदवार योग्य पाये जाते हैं उनके लिये पदोन्नति का क्षेत्र निम्नलिखित है :—

क—बरमा इंजीनियर (कनिष्ठ) के लिये—रु. 700-40-900 द. रो. 40-1100-50-1300

(1) बरमा इंजीनियर (वरिष्ठ)-रु. 1100-50-1600।

(2) निदेशक (बरमा)—रु. 1500-60-1800-100-2000।

(3) उपमुख्य इंजीनियर (बरमा)—रु. 1800-100-2000।

(4) उप महानिदेशक (इंजीनियरी सेवा)—रु. 2250-125/2-2500।

ख—यांत्रिक इंजीनियर (कनिष्ठ) ग्रुप क (रु. 700-40-900- द. रो. - 40-1100-50-1300)।

सहायक यांत्रिक इंजीनियर (ग्रुप ख) (रु. 650-30-740-35-810-द. रो. -35-880-40-1000 द. रो. -40-1200)।

(1) यांत्रिक इंजीनियर (वरिष्ठ)—रु. 1100-50-1600।

(2) निदेशक (यांत्रिक इंजीनियरी)—रु. 1500-60-1800-100-2000।

(3) उप मुख्य इंजीनियर (यांत्रिक)—रु. 1800-100-2000।

(4) उप महानिदेशक (इंजीनियरी सेवा)—रु. 2250-125/2-2500।

भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण में भर्ती किये गये अधिकारियों को भारत में या विदेश में कहीं भी कार्य करना पड़ सकता है।

नोट—उन सरकारी कर्मचारियों का वेतन, जो परिवीक्षाधीन नियुक्ति से पहले स्थाईवत हैसियत से किसी आवधिक पद के अतिरिक्त स्थाई पद पर है, एफ. आर. 22-ख (1) के उपबन्धों के अधीन विनियमित किया जायेगा।

भारतीय भू-विज्ञान सर्वेक्षण में पदों से सम्बद्ध कर्त्तव्यों और दायित्वों का स्वरूप

यांत्रिक इंजीनियर

(कनिष्ठ)

बरमा, वाहनों और अन्य उपस्करों का अनुरक्षण तथा मरम्मत। विविध क्षेत्र के कर्त्तव्यों तथा कार्यों के लिए ड्राइवरों तथा वाहनों का आवंटन पी. एस. एल. अंकों तथा अभिलेखों, लाग बुक, इतिवृत्तों की संवीक्षा तथा अनुरक्षण।

बरमा इंजीनियर (कनिष्ठ)

कोर रिकवरी का इष्टतम प्रतिशत सुनिश्चित करते हुए एक या अधिक ड्रिलिंग रिगों से खनिज अन्वेषण के संबंध में छेदन कार्य करना। सरकारी भण्डारों और उसको सौंपे गये हथियारों की ठीक प्रकार से सुरक्षा के लिये लगाई गई मशीनरी और वाहनों का समारक्षण। भण्डारों तथा रोकड़ लेखों को रखना और अपने अधीन नियोजित कर्मचारी वर्ग का कल्याण देखना।

सहायक यांत्रिक इंजीनियर

वाहन, बरमा और अन्य उपस्करों का मरम्मत और अनुरक्षण। क्षेत्रों में मरम्मत करने के लिए मोबाइल कर्मशालाओं का पर्यवेक्षण।

10. डाक-तार दूर संचार कारखाना संगठन में सहायक प्रबन्धक कारखाना ग्रुप के पद

(1) सहायक प्रबन्धक (कारखाना) के पद पर भर्ती किए गये व्यक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे।

(2) परिवीक्षा अवधि के अन्तर्गत उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के कार्यक्रम के अनुसार व्यवहारिक प्रशिक्षण, जो समय-समय पर केन्द्रीय सरकार द्वारा निर्धारित किया जाय, प्राप्त करना होगा और व्यावसायिक परीक्षा तथा हिन्दी में परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी।

(3) यदि आवश्यकता हुई तो सहायक प्रबन्धक (कारखाना) के पद पर नियुक्त किये गये किसी व्यक्ति को भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई हो) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिये किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा, किन्तु उस व्यक्ति को:—

(क) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा, और

(ख) सामान्यतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

डाक तार-दूर संचार कारखाना संगठन में इंजीनियरी पदों के वेतनमान निम्नलिखित हैं:—

(1) सहायक प्रबन्धक (कारखाना)—रु. 700-40 900-द. रो.-40-1100-50-1300 ।

(2) सहायक महाप्रबन्धक वरिष्ठ इंजीनियर—रु. 1100-50-1600 ।

(3) उपमहाप्रबन्धक/दूर संचार प्रबन्धक (कारखाना)—रु. 1500-60-1800 ।

11. इंजीनियर (ग्रुप क) वायरलैस, योजना और समन्वय स्कन्ध/अनुश्रवण संगठन, संचार मंत्रालय—

(क) वेतनमान रु. 700-40-900 द. रो. 40-1100-50-1300 ।

(ख) ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा करने के बाद इंजीनियर के पदधारी सहायक वायरलैस सलाहकार, वायरलैस योजना और समन्वय स्कन्ध । इंजीनियर प्रभारी अनुश्रवण संगठन (वेतनमान रु. 1100-50-1600 तथा सहायक वायरलैस सलाहकार के पद के लिए रु. 100 प्रतिमास विशेष वेतन) के ग्रेड में रिक्तियों के 100 प्रतिशत पदोन्नति के पात्र हैं। सहायक वायरलैस सलाहकार/इंजीनियर प्रभारी के ग्रेड में उनकी पदोन्नति ग्रुप क पदों के लिए संगठित की गई विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं पर उनके चयन के आधार पर की जाएगी।

सहायक वायरलैस सलाहकार/इंजीनियर प्रभारी के ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा रखने वाले सभी सहायक वायरलैस सलाहकार और इंजीनियर प्रभारी उप वायरलैस सलाहकार (वेतनमान रु. 1500-60-1800) के पद पर पदोन्नति के लिए विचार किये जाने के पात्र हैं। उप वायरलैस सलाहकार के ग्रेड में रिक्तियां ग्रुप क पदों के लिये गठित की गई विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं पर चयन करने के आधार पर 100 प्रतिशत पदोन्नति द्वारा भरी जाती है ।

जिन उप वायरलैस सलाहकारों ने इस ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा कर ली है वे निदेशक (वायरलैस मानीटरिंग) (वेतनमान रु. 2000-125/2-2250) के ग्रेड में विचारण के पात्र हैं। निदेशक के ग्रेड में रिक्ति चयन के आधार पर पदोन्नति द्वारा भरी जाती है।

अगले ऊंचे ग्रेड में पदोन्नति हेतु यथा पूर्वोक्त अपेक्षाएं न्यूनतम पात्रता की है और सम्बद्ध ग्रेड में पदोन्नति केवल रिक्तियों की उपलब्धता पर होगी।

(ग) इंजीनियर के पद पर नियुक्त किये गये व्यक्ति को भारत में कहीं भी कार्य करना पड़ सकता है।

(घ) यदि आवश्यकता हुई तो इंजीनियर के पद पर नियुक्त किये गये किसी भी व्यक्ति को भारत की रक्षा से संबद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई हो) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा, किन्तु उस व्यक्ति को:—

(1) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य न करना होगा, और

(2) सामान्यतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा ।

(ख) पद (पदों) से सम्बद्ध कर्तव्यों तथा दायित्वों का स्वरूप :

(1) अनुश्रवण केन्द्रों का प्रभारी होना। तकनीकी सहायकों, रेडियो तकनीशियनों और उनके अधीन अन्य कर्मचारी वर्ग के कार्य का पर्यवेक्षण।

(2) विशिष्ट अनुश्रवण उपस्करों, जिनमें आवृत्ति माप उपस्कर रेडियो निदेशक अन्वेषी दूरबीन, आयनमंडली रिकार्डर, स्वरिकार्डर, आदि सम्मिलित हैं, के संस्थापन, संचालन और अनुरक्षण का कार्यभार संभालना ।

(3) प्रयोग में लाने वाले विभिन्न विभागों और सेवाओं की आवृत्ति अपेक्षाओं का निर्धारण।

(4) अन्तर्राष्ट्रीय रेडियो विनियमों का प्रशासन और उनसे संबंधित करार करना।

(5) आवृत्ति अभिलेख और सम्बद्ध प्रलेख तैयार करना।

(6) वायरलैस संस्थापनाओं का अनुज्ञापन तथा निरीक्षण।

(7) रेडियो उपस्करों की विशिष्टियां तैयार करना।

(8) ट्रांसमीटरों, रिसीवरों और सहायक उपकरणों की विविध प्रकार की जांच करना।

(9) रेडियो आपरेटरों को दिये जाने वाले प्रवीणता प्रमाण-पत्र के लिए परीक्षाओं के आयोजित करने में सहायता देना।

(10) प्रचार समस्याओं और समवर्ग अनुसन्धान की जांच करना, और

(11) रेडियो एवं अध्ययन, आयनमण्डली अध्ययन और क्षेत्र तीव्रता माप आदि के तथ्यों का परीक्षण, विश्लेषण और समन्वय करना।

12. संचार मंत्रालय की समुद्रपार संचार सेवा में उप इंजीनियर प्रभारी (ग्रुप क), सहायक इंजीनियर (ग्रुप क—राजपत्रित) और तकनीकी सहायक (ग्रुप ख—राजपत्रित)

(क) तकनीकी सहायक/सहायक इंजीनियर/उप इंजीनियर प्रभारी के पद पर नियुक्ति के लिये चुने गये उम्मीदवार कम से कम दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर नियुक्त किये जायेंगे और आवश्यक होने पर यह अवधि बढ़ाई जा सकती है।

(ख) तकनीकी सहायक/सहायक इंजीनियर/उप इंजीनियर प्रभारी के पद पर नियुक्त किये गये किसी भी अधिकारी को भारत में कहीं भी कार्य करना होगा।

(ग) तकनीकी सहायक/सहायक इंजीनियर/उप इंजीनियर प्रभारी के पद पर अस्थाई नियुक्ति की स्थिति में अधिकारी की सेवा उसके द्वारा निष्पादित बन्ध पत्र में निर्धारित शर्तों के अतिरिक्त किसी भी पक्ष की ओर से एक महीने का नोटिस देकर समाप्त की जा सकेगी। किन्तु विभाग अस्थाई कर्मचारी को

नोटिस के स्थान पर एक महीने का वेतन तथा भत्ते देकर उसकी सेवा समाप्त कर सकता है परन्तु अधिकारी को इस प्रकार का कोई विकल्प नहीं दिया गया है।

(घ) वेतनमान

(1) तकनीकी सहायक – रु. 550-25-750 द. रो. 30-900।

(2) सहायक इंजीनियर – रु. 650-30-740-35-810 द. रो. 35-880-40-1000 द. रो.-40-1200।

(3) उप-प्रभारी इंजीनियर – रु. 700-40-900 द. रो. 40-1100-50-1300।

(ङ) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति के अवसर

(1) तकनीकी सहायक––सम्बद्ध ग्रेड में कम से कम तीन वर्ष की सेवा रखने वाले सभी तकनीकी सहायक विभागीय पदोन्नति के लिये आरक्षित 50 प्रतिशत रिक्तियों में योग्यता के आधार पर चयन द्वारा रु. 650-30-740-35-810 - द. रो. - 35-880-40-1000-द. रो.-40-1200 के वेतनमान में सहायक इंजीनियर के ग्रेड में पदोन्नति के लिये पात्र हैं :––

(2) सहायक इंजीनियर––इस ग्रेड में कम से कम तीन वर्ष की सेवा रखने वाले सभी सहायक इंजीनियर विभागीय पदोन्नति के लिए आरक्षित 75 प्रतिशत रिक्तियों में योग्यता के आधार पर चयन द्वारा रु. 700-40-900 द. रो. 40-1100-50-1300 के वेतनमान में उप प्रभारी इंजीनियर के ग्रेड में पदोन्नति के लिए पात्र हैं।

(3) उप प्रभारी इंजीनियर––उप प्रभारी इंजीनियर प्रभारी या सहायक इंजीनियर के ग्रेड में कम से कम तीन वर्ष की सेवा रखने वाले उप प्रभारी इंजीनियर के पद के पदधारी दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के सफलतापूर्वक पूरा कर लेने पर समुद्र पार संचार सेवा में प्रभारी इंजीनियर (वेतनमान रु. 1100-50-1600) के पद पर पदोन्नति के लिये पात्र हैं।

(4) प्रभारी इंजीनियर––प्रभारी इंजीनियर के ग्रेड में कम से कम तीन वर्ष की सेवा रखने वाले प्रभारी इंजीनियर के पद के पदधारी समुद्रपार संचार सेवा में निदेशक के पद (वेतनमान रु. 1300-50-1700) पर पदोन्नति के लिए पात्र हैं। निदेशक के ग्रेड में पदोन्नति पद के लिये गठित की गई विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं पर चयन होने के आधार पर की जायेगी।

(5) निदेशक––निदेशक के ग्रेड में कम से कम तीन वर्ष की सेवा रखने वाले निदेशक के पद के पदधारी समुद्र पार संचार सेवा में उप महानिदेशक के पद (वेतनमान: रु. 1500-60-1800-100-2000) पर पदोन्नति के लिए पात्र हैं। उप महानिदेशक ग्रेड में पदोन्नति पद के लिए गठित की गई विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं पर चयन होने के आधार पर की जायेगी।

(6) उपमहानिदेशक––उपमहानिदेशक के ग्रेड में कम से कम 7 वर्ष की सेवा सहित उपमहानिदेशक के पद का पदधारी समुद्रपार संचार सेवा में अतिरिक्त महानिदेशक (वेतनमान रु. 2250-125/2-2500) के पद पर पदोन्नति का पात्र है। अतिरिक्त महानिदेशक के ग्रेड में पदोन्नति उक्त पद के लिए यथागठित विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों पर चयन के आधार पर होगी।

(7) अतिरिक्त महानिदेशक––अतिरिक्त महानिदेशक के ग्रेड में कम से कम 2 वर्ष की सेवा सहित अतिरिक्त महानिदेशक के पद का पदधारी समुद्रपार संचार 2500-125/2-2750) के पद पर पदोन्नति का पात्र है। महानिदेशक के ग्रेड में पदोन्नति उक्त पद के लिए यथागठित विभागीय पदोन्नति समिति की सिफारिशों पर चयन के आधार पर होगी।

अगले उंचे ग्रेड में पदोन्नति हेतु यथा पूर्वोक्त अपेक्षाएं न्यूनतम पात्रता की है और सम्बद्ध ग्रेड में पदोन्नति केवल रिक्तियों की उपलब्धता पर होगी।

(च) यदि आवश्यकता हुई तो तकनीकी सहायक, सहायक इंजीनियर या उप-प्रभारी इंजीनियर के पद पर नियुक्त किये गये किसी भी व्यक्ति को भारत की रक्षा से सम्बद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई हो)। सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए किसा रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से सम्बद्ध पद पर कार्य करना होगा, किन्तु उस व्यक्ति को :––

(1) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा और

(2) सामान्यत: 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

नोट:––सेवा की शेष शर्तें जैसे स्थानान्तरण/दौरों पर अवकाश यात्रा भत्ते कार्यारम्भ समय/कार्यारम्भ समय वेतन, चिकित्सा सुविधायें, यात्रा रियायत, पेंशन और आनुतोषिक नियंत्रण तथा अनुशासन और आचरण आदि वही होंगी जो समान हैसियत के अन्य केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिये लागू हों।

(छ) पद (पदों) से सम्बद्ध कर्त्तव्यों और दायित्वों का स्वरूप।

1. उप प्रभारी इंजीनियर––समुद्रपार संचार सेवा में उप-प्रभारी इंजीनियर के पद का पदधारी प्रभारी इंजीनियर के शिफ्टी के रूप में कार्य करता है और अन्तर्राष्ट्रीय दूर-संचार उपस्कर के संचालन तथा अनुरक्षण से सम्बन्धित सभी तकनीकी मामलों में प्रभारी इंजीनियर की सहायता करता है और स्टाफ, स्टाफ कालोनी, जलपूर्ति, विद्युत पूर्ति, इंजीनियरी, और स्टेशनरी तथा अन्य वस्तुओं के प्रबन्ध के लिये भी जिम्मेदार है।

पदों के पदधारियों को न केवल तकनीकी कार्य का ही प्रवेक्षण करता है बल्कि बहुमूल्य दूर संचार उपस्करों के संस्थापन और रख रखाव में भी अपने आपको लगाना है। समुद्र पार संचार सेवा की उपस्कर विशेषताओं का गहन उपयोग मुख्य रूप से उप प्रभारी इंजीनियर की कार्य से सम्बद्ध समन्वय तथा निष्पादन

करने की उस योग्यता पर निर्भर है। जिसमें काम चला पाने की क्षमता तथा विश्वसनीयता मानकों को बनाये रखने का समावेश हो।

2. सहायक इंजीनियर—पद का पदधारी सामान्यतः के लिये जिम्मेदार है। उसे तकनीकी मामलों पर विदेश एसोशिएटों द्वारा उठाई गई शंकाओं के बारे में स्तर पर निर्णय करना है और त्रुटियों को दूर करना है।

पद पर्यवेक्षकीय तथा संचालानात्मक है। पद के पदधारी को अपनी पारी में तकनीकी सहायकों और कनिष्ठ तकनीकी सहायकों के स्तर के अधीनस्थों पर नियंत्रण रखना है। जब कुछ कर्मचारी शिफ्ट का प्रभारी है और उपस्करों के संचालन तथा अनुरक्षण प्रयुक्त अनुसंधान तत्व के विकास और अनुसंधान में लगे हों तो सभी सहायक इंजीनियरों को अन्तर्राष्ट्रीय दूर संचार मानकों की जानकारी होनी चाहिए और उनका अनुपालन करना चाहिये।

3. तकनीकी सहायक—पद के कर्तव्य और दायित्व विभिन्न कतारों टेलीफोन और अन्य वायरलैस उपकरणों और उपस्करों के संचालन का समायोजन करना, विभिन्न प्रकार के उच्च, शक्ति वाले ट्रांसमीटरों/रिसीवरों का अनुरक्षण और संस्थापन करना और उनमें हुई खराबी को देखना है। समुद्रपार टेलीफोन काल के दौरान जब दो ग्राहकों के बीच आवाज जा रही हो या पदधारी को रेडियो टर्मिनल के पूरे परिपथ पर भी नियंत्रण रखना है।

13. सहायक स्टेशन इंजीनियर—(ग्रुप क) और सहायक इंजीनियर (ग्रुप ख) आकाशवाणी महानिदेशालय, सूचना और प्रसारण मंत्रालय।

(क) नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा के आधार पर की जायेगी।

(ख) (1) पद पर नियुक्त किये गये अधिकारी को भारत में कहीं भी कार्य करना होगा और किसी भी समय उसका लोक निगम के अधीन स्थानान्तरण किया जा सकेगा और ऐसे स्थानान्तरण पर वह निगम के कर्मचारियों के लिये निर्धारित की गई सेवा की शर्तों में शासित होगा।

(2) यदि आवश्यकता हुई तो सहायक स्टेशन इंजीनियर या सहायक इंजीनियर के पद पर नियुक्त किये गये किसी भी व्यक्ति को भारत की रक्षा से संबद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई हो) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिये किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से संबद्ध पद पर कार्य करना होगा किन्तु उस व्यक्ति को :—

(क) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति पर, पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा, और

(ख) सामान्यतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(ग) सरकार बिना कोई नोटिस दिये निम्नलिखित परिस्थितियों में अधिकारी की नियुक्ति समाप्त कर सकती है :—(1) परिवीक्षा अवधि के अन्तर्गत या उसके समाप्त होने पर (2) अनधीनता असंयम, कदाचार या उस सम्बन्ध सेवा से संबद्ध प्रवृत्त नियमावली के उपबन्धों में से किसी को भंग करने या अनुपालन न करने के लिये (3) यदि वह डाक्टरी रूप से अनुपयुक्त पाया जाता है और अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में अस्वथता के कारण बहुत अधिक समय तक अयोग्य बना रहता है।

अस्थाई नियुक्तियों के मामले में किसी पक्ष की ओर से कोई कारण बताये बिना एक महीने का नोटिस देकर किसी भी समय अधिकारी की सेवा समाप्त की जा सकती है।

(घ) वेतनमान :—

(1) सहायक स्टेशन इंजीनियर – रु. 700-40-900-द. रो. -40-1100-50-1300।

(2) सहायक इंजीनियर – रु. 650-30-740-35-810-द. रो. -35-880-40-1000-द. रो.-40-1200।

(ङ) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति के अवसर :—

सहायक इंजीनियर और सहायक स्टेशन इंजीनियर :—

(1) संबद्ध ग्रेड में कम से कम तीन वर्ष की सेवा रखने वाले सहायक इंजीनियर विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं पर विभागीय पदोन्नति के लिये आरक्षित 40 प्रतिशत पदों पर चयन द्वारा रु. 700-40-900-द. रो.-40-1100-50-1300 के वेतनमान में आकाशवाणी में सहायक स्टेशन इंजीनियर के ग्रेड में पदोन्नति के पात्र हैं।

(2) संबद्ध ग्रेड में 5 वर्ष की सेवा रखने वाले सहायक स्टेशन इंजीनियर विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं पर चयन के आधार 1100-50-1600 के वेतनमान में आकाशवाणी में स्टेशन इंजीनियर के ग्रेड में पदोन्नति के पात्र हैं।

(3) क्लास 1 में 10 वर्ष, जिसमें से 4 वर्ष की सेवा स्टेशन इंजीनियर के ग्रेड में, की नियमित सेवा रखने वाले स्टेशन इंजीनियर विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं पर चुने जाने के आधार पर रु. 1500-60-1800 के वेतनमान में वरिष्ठ इंजीनियर के ग्रेड में पदोन्नति के पात्र हैं।

(4) वरिष्ठ इंजीनियर, उप मुख्य इंजीनियर के पद पर पदोन्नति के पात्र हैं (रु. 1800-100-2000) उप मुख्य इंजीनियर के अतिरिक्त मुख्य इंजीनियर के पद पर पदोन्नति के पात्र हैं। (रु. 2000-125/2-2250) और अतिरिक्त मुख्य इंजीनियर के पद पर पदोन्नति के पात्र हैं मुख्य इंजीनियर। (रु. 2500-125-3000)

अगले ऊंचे ग्रेड में पदोन्नति हेतु यथापूर्वोक्त अपेक्षाएं न्यूनतम पात्रता की हैं और संबद्ध में पदोन्नति केवल रिक्तियों की उपलब्धता पर होगी।

नोट :—सेवा की शेष शर्तें जैसे स्थानान्तरण/दौरों पर अवकाश, यात्रा भत्ता, कार्यारम्भ समय, कार्यारम्भ समय वेतन, चिकित्सा सुविधायें, यात्रा रियायत, पेंशन और आनुतोषिक, नियंत्रण तथा अनुशासन और आचरण आदि, वही होंगी जो समान हैसियत के अन्य केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के लिये लागू हों।

(ख) सहायक स्टेशन इंजीनियर (ग्रुप क) और सहायक इंजीनियर (ग्रुप ख) के पद से संबद्ध कर्त्तव्यों और दायित्वों का स्वरूप।

सहायक स्टेशन इंजीनियर :—प्रसारण और समाचार दूर दर्शन स्टूडियो तथा ट्रांसमीटरों की अभिकल्पना, संस्थापन, संचालन और अनुरक्षण।
अधीनस्थ इंजीनियरों के कार्य के पर्यवेक्षण के लिये जिम्मेदार :

सहायक इंजीनियर :

प्रसारण और समाचार दूर दर्शन स्टूडियों तथा ट्रांसमीटरों का संस्थापन, संचालन और अनुरक्षण। पानी में कार्य का पर्यवेक्षण करते हुए अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन के लिए जिम्मेदार।

14. सहायक इंजीनियर (ग्रुप ख) (सिविल तथा विद्युत) सिविल-निर्माण स्कन्ध, आकाशवाणी, सूचना और प्रसारण मंत्रालय।

(क) नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा के आधार पर होगी।

(ख) (1) पद पर नियुक्त किये गये अधिकारी को भारत में कहीं भी कार्य करना होगा और किसी भी समय उसका लोक निगम के अधीन स्थानान्तरण किया जा सकेगा और ऐसे स्थानान्तरण पर वह निगम के कर्मचारियों के लिये निर्धारित की गई सेवा की शर्तों से शासित होगा ।

(2) यदि आवश्यकता हुई तो सहायक स्टेशन इंजीनियर या सहायक इंजीनियर के पद पर नियुक्त किये गये व्यक्ति को भारत की रक्षा से संबंध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई हो) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिये किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से संबंध पद पर कार्य करना होगा किन्तु उस व्यक्ति को :—

(क) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति पर पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा, और

(ख) सामान्यतः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(ग) सरकार बिना कोई नोटिस दिये निम्नलिखित परिस्थितियों में अधिकारी की नियुक्ति समाप्त कर सकती है :—

(1) परिवीक्षा की अवधि के अन्तर्गत या उसके समाप्त होने पर, (1) अनधीनता असंयम, कदाचार या उस समय सेवा से संबंध प्रवृत्त नियमावली के उपबंधों में किसी को भंग करने या अनुपालन करने के लिये, (2) यदि वह डाक्टरी रूप से अयोग्य पाया जाता है और अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन में अस्वस्थता के कारण बहुत अधिक समय तक अयोग्य बना रहता है।

अस्थाई नियुक्तियों के मामलों में किसी पक्ष की ओर से कोई कारण बताये बिना एक महीने का नोटिस देकर किसी भी समय अधिकारी की सेवा समाप्त की जा सकती है।

(घ) सहायक इंजीनियर (सिविल तथा विद्युत्) रु. 650 -30 -740 -35 -810 -द. रो. -35 -880 -40 -1000 -द. रो.- 40-1200।

(ङ) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति के अवसर:—

(1) संबद्ध ग्रेड में कम से कम 8 वर्ष की नियमित सेवा रखने वाले सहायक इंजीनियर (सिविल तथा विद्युत्) रु. 1100-50-1600 के वेतनमान में कार्यकारी इंजीनियर के ग्रेड में पदोन्नति के पात्र हैं।

(2) ग्रेड में कम से कम 7 वर्ष की सेवा रखने वाले कार्यकारी इंजीनियर रु. 1800-100-2000 के वेतनमान में अधीक्षण इंजीनियर के ग्रेड में पदोन्नति के पात्र हैं।

(3) ग्रेड में कम से कम 5 वर्ष की सेवा रखने वाले अधीक्षण इंजीनियर रु. 2000-125-2250 के वेतनमान में अतिरिक्त मुख्य इंजीनियर (सिविल) के पद पर पदोन्नति के पात्र हैं।

नोट :—सेवा की शर्तों, जैसे स्थानान्तरण/दौरों पर अवकाश यात्रा भत्ते, कार्यारम्भ समय/कार्यारम्भ समय वेतन, चिकित्सा सुविधाएं, यात्रा-रियायत, पेंशन और आनुतोषिक नियंत्रण तथा अनुशासन और आचरण आदि, वही होंगी जो समान हैसियत के अन्य केन्द्रीय कर्मचारियों के लिए लागू हों ।

(च) सहायक इंजीनियर (सिविल तथा विद्युत) के पद से सम्बद्ध कर्त्तव्यों तथा दायित्वों का स्वरूप :—

अभिकल्पना और आरेखन में कार्य के लिए निर्धारित किए गए मानदंड और स्तर के अनुसार कार्यों का निष्पादन करना

15. तकनीकी अधिकारी (ग्रुप क) और संचार अधिकारी (ग्रुप क), सिविल विमानन विभाग, पर्यटन और सिविल विमानन मंत्रालय।

(क) नियुक्ति के लिए चुने गए उम्मीदवारों को आगामी आदेशों तक संचार अधिकारी/तकनीकी अधिकारी के पद पर अस्थायी आधार पर नियुक्त किया जाएगा। वे दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रहेंगे, जिसे आवश्यकता पड़ने पर बढ़ाया जा सकता है। उनकी नियुक्ति परिवीक्षा अवधि के अन्तर्गत बिना कोई नोटिस दिए समाप्त की जा सकती है। नियुक्ति के बाद जब संभव हो उम्मीदवार को 16 सप्ताह की अवधि के लिए सिविल विमानन प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण कोर्स के लिए जाना होगा। संचार अधिकारी, तकनीकी अधिकारी के ग्रेड में उनके स्थायीकरण के लिए स्थायी पदों के उपलब्ध होने पर उनके स्थायीकरण पर विचार किया जाएगा।

(ख) यदि परिवीक्षाधीन अधिकारी का कार्य या आचरण, सरकार की राय में असंतोषजनक है, या यह दर्शाता है कि उसके कार्य में दक्षता प्राप्त करने की संभावना नहीं है, तो सरकार उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त कर सकती है।

(ग) परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर स्थायी रिक्तियों के उपलब्ध होने पर सरकार की राय में अधिकारी का कार्य या आचरण संतोषजनक पाए जाने पर सरकार अधिकारी को उसकी नियुक्ति पर स्थायी कर सकती है अथवा कार्य या आचरण असंतोषजनक पाए जाने पर सरकार या तो उसे सेवामुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि बढ़ा सकती है, जैसा सरकार उचित समझे।

(घ) यदि सेवा में नियुक्ति करने के लिए सरकार किसी अधिकारी को शक्तियां प्रत्यायोजित कर देती है तो वह अधिकारी इस नियम के अधीन सरकार की शक्तियों में से किसी का प्रयोग कर सकता है।

(ङ) इन नियमों के अधीन भर्ती किए गए अधिकारी उस समय प्रवर्तमान और केन्द्रीय सरकार के अधिकारियों के लिए लागू नियमों के अनुसार अवकाश, वेतन-वृद्धि और पेंशन के पात्र होंगे। वे केन्द्रीय भविष्य निधि को विनियमित करने वाले नियमों के अनुसार केन्द्रीय भविष्य निधि में अंशदान करने के भी पात्र होंगे।

(च) आपात स्थिति के अन्तर्गत अधिकारियों का भारत में या भारत से बाहर किसी फील्ड सर्विस के लिए भारत में कहीं भी स्थानान्तरण किया जा सकेगा। उड़ते हुए वायुयान में भी उन्हें कार्य करने के लिए कहा जा सकता है।

(छ) इंजीनियरी सेवा परीक्षा के माध्यम से नियुक्त किए गए अधिकारियों को वरीयता सामान्यतः उनके परीक्षा में योग्यता क्रम के अनुसार निश्चित की जाएगी। किन्तु भारत सरकार को अपनी विवेक पर अलग-अलग मामलों में वरीयता निश्चित करने का अधिकार है।

विभागीय उम्मीदवारों के मुकाबले में सीधी भर्ती द्वारा लिए गए उम्मीदवारों की वरीयता भर्ती नियमों में निर्धारित कोटे पर आधारित और इस विषय में समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी किए जाने वाले आदेशों के अनुसार होगी।

(ज) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति के अवसर:—वरिष्ठ संचार अधिकारी/वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी के ग्रेड के लिए पदोन्नति :—

सम्बद्ध ग्रेड में कम से कम तीन वर्ष की नियमित सेवा रखने वाले संचार अधिकारी/तकनीकी अधिकारी रु. 1100-50-1600 के वेतनमानों में रिक्तियां होने पर अपनी वरीयता तथा योग्यता के आधार पर सिविल विमानन विभाग में वरिष्ठ संचार अधिकारी/वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी के ग्रेड में पदोन्नति के पात्र हैं। उप निदेशक संचार नियंत्रक के ग्रेड के लिए पदोन्नति :—

उक्त संवर्ग में कम से कम तीन वर्ष की नियमित सेवा रखने वाले वरिष्ठ संचार अधिकारी/वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं पर चयन के आधार पर रु. 1500-60-1800 के वेतनमान में संचार संगठन में उपनिदेशक/संचार नियंत्रक के ग्रेड में पदोन्नति के पात्र हैं।

विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा चयन करने पर सिविल विमानन विभाग में पदोन्नति की श्रृंखला में आगामी उच्चतर पद, रु. 1800-100-2000 के वेतनमान में संचार निदेशक, निदेशक, रेडियो निर्माण और विकास एकक, निदेशक, प्रशिक्षण, तथा लाइसेंसिंग और क्षेत्रीय निदेशक, रु. 2000-125/2-2500 के वेतनमान में उप महानिदेशक और रु. 3000 (नियत) के वेतनमान में महानिदेशक के पद हैं।

अगले उंचे ग्रेड में पदोन्नति हेतु यथापूर्वोक्त अपेक्षाएं न्यूनतम पात्रता की है और सम्बद्ध ग्रेड में पदोन्नति केवल रिक्तियों की उपलब्धता पर होगी।

(1) सेवा की अपेक्षाओं के अनुसार इन सेवा-शर्तों में परिशोधन किया जा सकता है। यदि बाद में लागू की जाने वाली सेवा शर्तों में परिवर्तन करने से किसी पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है तो उम्मीदवार किसी क्षतिपूर्ति के हकदार नहीं होंगे।

(झ) सिविल विमानन विभाग में संचार अधिकारी/तकनीकी अधिकारी के पदों के वेतनमान नीचे दिए गए हैं :—

(1) संचार अधिकारी (ग्रुप क) :—रु. 700-40-900-द. रो.-40-1100-50-1300।

(2) तकनीकी अधिकारी (ग्रुप क) :—रु. 700-40-900-द. रो.-40-1100-50-1300।

(ञ) यदि आवश्यकता हुई तो संचार अधिकारी/तकनीकी अधिकारी के पद पर नियुक्त किए गए व्यक्ति को भारत की रक्षा से संबद्ध किसी प्रशिक्षण पर बिताई गई अवधि (यदि कोई हो) सहित कम से कम 4 वर्ष की अवधि के लिए किसी रक्षा सेवा या भारत की रक्षा से संबद्ध पद पर कार्य करना होगा, किन्तु उस व्यक्ति को:—

(क) नियुक्ति की तारीख से दस वर्ष की समाप्ति पर पूर्वोक्त रूप से कार्य नहीं करना होगा,
और

(ख) सामान्यः 40 वर्ष की आयु हो जाने के बाद पूर्वोक्त रूप में कार्य नहीं करना होगा।

(1) तकनीकी अधिकारी ग्रुप क और संचार अधिकारी ग्रुप क के पद (पदों) से संबद्ध कर्त्तव्यों और दायित्वों का स्वरूप।

तकनीकी अधिकारी और संचार अधिकारी

उपर्युक्त वर्गों के अधिकारियों को कभी कभी वैमानिक संचार केन्द्रों पर भी तैनात किया जाता है जहां रेडियो संचार और संचालनीय उपस्करों का अनुरक्षण होता है और विभिन्न उपस्करों और प्रचालन स्थितियों का प्रबन्ध करने के लिए बहुत सी तकनीकी परिचालन स्टाफ नियोजित किया जाना है।

किन्तु बहुत ए. सी. स्टेशनों में "संचार और तकनीकी अधिकारी" वरिष्ठ वेतनमान वाले अधिकारी के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन कार्य करते हैं। इन परिस्थितियों में उनके द्वारा कर्त्तव्यों का निर्वहन पूर्णतः उनके स्टेशन के दिन प्रतिदिन प्रशासन का होगा। वे अधीनस्थ क्षेत्रीय मुख्यालयों और अन्य कार्यालयों से भी संबद्ध हैं।

रेडियो निर्माण तथा विकास एकक या केन्द्रीय रेडियो भंडार डिपो में जहां कार्य मुख्य रूप से उपस्करों और समवर्गी विषयों के परीक्षण तथा संस्थापन से संबद्ध होगा; केवल तकनीकी अधिकारियों को ही नियुक्त किया जाता है।

प्रभारी अधिकारी के रूप में कार्य करने वाले तकनीकी/संचार अधिकारियों के कर्त्तव्य

वैमानिक संचार स्टेशन :

ए. सी. स्टेशन का सामान्य प्रशासन और अनुशासनिक नियंत्रण जिसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं :—

(1) विविध रेडियो/संचालनीय एककों का कुशल अनुरक्षण;

(2) पूरे स्टाफ को वेतन तथा भत्तों का संवितरण;

(3) भंडार से संबद्ध सी. पी. डब्ल्यू. ए. लेखों से संबद्ध हिसाब का रख-रखाव उचित प्राधिकारियों का आवधिक विवरणियां प्रस्तुत करना;

(4) विविध उपस्करों के लिए पर्याप्त अतिरिक्त सामग्री की व्यवस्था;

(5) अपने अधीन एककों में विभिन्न वर्गों के स्टाफ को भेजना;

(6) हवाई अड्डे मौसमविज्ञान एयर लाइन्स आदि के अधिकारियों के साथ पर्याप्त सम्पर्क।

(7) सामान्यतः वैमानिक संचार स्टेशनों से अधिकतम दक्षता से कार्य करना।

प्रमुख स्टेशन/रेडियो निर्माण और विकास एकक रेडियो भण्डार डिपो में नियुक्ति तकनीकी अधिकारी के कर्तव्य

सी. ए. डी. में प्रयुक्त विविध श्रेणियों के रेडियो तथा रेडार/संचालनीय उपस्करों के स्वीकारी परीक्षण, संस्थापन और प्रतिदिन का अनुरक्षण।

अन्तर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार विभाग के संचालीय सहायक उपकरणों का उड़ान परीक्षण।

संचालनीय सहायक उपकरणों आदि के संस्थापन हेतु स्थलों को चुनने और संस्थापन के प्रयोजन के लिए एककों के आयात प्रतिस्थापन तथा निर्माण से सम्बद्ध कार्य का विकास।

विभाग में प्रयोग में आने वाले उपकरणों के लिए स्थानीय तथा विदेशी अभिकरणों से विभिन्न श्रेणियों के अतिरिक्त पार्ट्स उपलब्ध कराना।

प्रमुख स्टेशनों में नियुक्त "संचार अधिकारियों" के कर्त्तव्य

स्टेशन में विविध संक्रियात्मक सुविधाओं जिनमें भू-लाइन और रेडियो टेलीटाइप चैनल, मोर्स परिपथ, इंटरकाम तथा अन्य स्थानीवाक परिपथ सम्मिलित हैं के कुशल संचालन के लिए जिम्मेदार।

पूरी पारी का पूरा चार्ज लेने पर उन्हें यह सुनिश्चित करना है कि सभी तकनीकी एकक/टेलीग्राफ परिपथों का ठीक प्रकार से कार्य संचालन हो।

वैमानिक सूचना सेवा से सबद्ध मामले—वायु सैनिकों को सूचनाओं का प्रसार करना। विमान कर्मचारियों को संक्षेप में बताना तथा समवर्गी मामले।

16. भारतीय नौसेना आयुध सेवा।

(क) पद पर नियुक्ति के लिए चुने गए उम्मीदवारों को दो वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन नियुक्त किया जाएगा और यह अवधि समक्ष प्राधिकारी की सिफारिश पर बढ़ाई जा सकती है। सक्षम प्राधिकारी की राय में परिवीक्षा अवधि संतोषजनक रूप से पूरी न करने पर उन्हें सेवा मुक्त किया जा सकेगा। परिवीक्षा अवधि के अन्तर्गत उन्हें 9-12 महीने की अवधि के लिए एक तकनीकी प्रशिक्षण पर जाना होगा और ज्यादा से ज्यादा तीन प्रयास में विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी। यदि वे विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाते हैं तो सरकार की विवक्षा पर उनकी सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी। उन्हें प्रशिक्षण पर जाने से पहले रु. 15000/- (समय-समय पर धनराशि में परिवर्तन किया जा सकता है) के लिए एक बंध-पत्र पर भी हस्ताक्षर करने होंगे जिसके अनुसार उन्हें प्रशिक्षण की समाप्ति के बाद तीन वर्ष की अवधि के लिए भारतीय नौसेना में अनिवार्य सेवा करनी होगी।

(ख) सक्षम प्राधिकारी द्वारा नोटिस की अपेक्षित अवधि (अस्थायी नियुक्ति के मामले में एक महीना और स्थायी नियुक्ति के मामले में तीन महीने) देकर किसी समय भी नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। किन्तु सरकार को नियुक्त उम्मीदवारों की सेवाएं नोटिस की अवधि या इसके न समाप्त हुए भाग के लिए वेतन तथा भत्तों के बराबर की राशि का भुगतान करके तत्काल या नोटिस की निर्धारित अवधि के समाप्त होने से पहले समाप्त करने का अधिकार होगा।

(ग) वे समय-समय पर भारत सरकार द्वारा जारी किए गए आदेशों, के अनुसार रक्षा सेवा प्राक्कलन से प्रदत्त सिविलियन सरकारी कर्मचारियों के लिए लागू सेवा-शर्तों के अधीन होंगे वे समय-समय पर संशोधित फील्ड सर्विस दायित्व नियमावली 1957 के अधीन होंगे।

(घ) उनका भारत या विदेश में कहीं भी स्थानान्तरण किया जा सकेगा।

(ङ) वेतनभाग तथा वर्गीकरण—ग्रुप क-राजपत्रित वेतनमान रु. 700-1300।

(i) उप-आयुध आपूर्ति अधिकारी ग्रेड (II) रु० 700-40-900-ई०बी०-40-1100-50-1300

(ii) उप-आयुध आपूर्ति अधिकारी ग्रेड-I रु० 1100-50-1600

(iii) नौसेना आयुध आपूर्ति अधिकारी (साधारण ग्रेड) रु० 1500-60-1800

(iv) नौसेना आयुध आपूर्ति अधिकारी (चयन ग्रेड) रु० 1500-60-1800-100-2000

(v) निदेशक आयुध आपूर्ति रु० 2000-125/2-2250।

(च) उच्चतर ग्रेडों में पदोन्नति के अवसर—

(1) उप आयुध पूर्ति अधिकारी ग्रेड

पांच वर्ष की सेवा रखने वाले उप आयुध पूर्ति अधिकारी ग्रेड 2 विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसाओं चयन के आधार पर रु. 1100-1600 के वेतनमान में उप आयुध पूर्ति अधिकारी ग्रेड 1 के ग्रेड में पदोन्नति के पात्र हैं परन्तु केवल उन्हीं अधिकारियों की पदोन्नति के लिए विचार किया जाएगा जिन्होंने ऐसी विभागीय परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो जो आई., आई. टी. किरकी में तकनीकी प्रशिक्षण कोर्स नौसेना तकनीकी स्टाफ अधिकारी कोर्स के बाद ली गई हो।

विभागीय परीक्षा की पाठ्यचर्या नीचे दी गई है :—

1. नौसेना आयुध डिपो विशाखापटनम
   (क) शाला-कार्य (तीन मास)
   (ख) गन व्हार्फ तकनीकी कोर्स
   (ग) गोला बारूद तकनीकी कोर्स 1-37 सप्ताह
   (घ) प्रशासनिक तथा लेखा कोर्स
   (ङ) बालसौर कोसोपोर, ईशापोर और जबलपुर देखने जाना ।
2. गनरी स्कूल तथा टी. ए. एस. स्कूल
3. भारी वाहन कारखाना अवाड़ी और कार्डाइट कारखाना अरुबंगाडु देखने जाना ।
4. नौसेना आयुध बम्बई 2½ सप्ताह
   (क) गनव्हार्फ तकनीकी कोर्स 2
   (ख) गोला बारूद तकनीकी कोर्स 2
   (ग) आयुध कारखाना, अम्बरनाथ देखने जाना ।
   5 सप्ताह
5. आयुध प्रौद्योगिकी संस्थान किरकी
6. एच. ई. कारखाना, शास्त्रागार, ए. आर. डी. ई. और ई. आर. डी. एल. किरकी देखने जाना।
   1/4 सप्ताह
7. नौसेना मुख्यालय नई दिल्ली जाते हुए आयुध कारखाना तथा शेल आमर्स फैक्टरी कानपुर देखना।
   4 1/2 सप्ताह
8. नौसेना मुख्यालय, नई दिल्ली
   दिल्ली रक्षा विज्ञान प्रयोगशालाएं देखने जाना।

अंतिम परीक्षा 1 1/4 सप्ताह

(2) नौसेना आयुध पूर्ति अधिकारी (साधारण ग्रेड)

उप आयुध पूर्ति अधिकारी ग्रेड 1 के अधिकारी जिन्होंने इस रूप में पांच वर्ष की सेवा की हो उपर्युक्त विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा चयन आने के आधार पर रु. 1500-60-1800 के वेतनमान में नौसेना आयुध पूर्ति अधिकारी (साधारण ग्रेड) के ग्रेड में पदोन्नति के पात्र हैं।

(3) नौसेना आयुध पूर्ति अधिकारी (चयन ग्रेड)

नौसेना आयुध पूर्ति अधिकारी (साधारण ग्रेड) के अधिकारी जिन्होंने इस रूप में 3 वर्ष की सेवा की हो। उपयुक्त विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा चयन करने के आधार पर 1500-60-1800-100-2000 के वेतनमान में नौसेना आयुध पूर्ति अधिकारी (चयन ग्रेड) के ग्रेड में पदोन्नति के पात्र हैं।

(4) आयुध पूर्ति निदेशक

सम्बद्ध ग्रेड (ग्रेडों) में पांच वर्ष की सेवा रखने वाले नौसेना आयुध पूर्ति अधिकारी (चयन ग्रेड/साधारण ग्रेड) उपयुक्त विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा चयन करने के आधार पर रु. 2000-125/2-2250 के वेतनमान में आयुध पूर्ति निदेशक के रूप में पदोन्नति के पात्र हैं।

अगले उच्चे ग्रेड में पदोन्नति हेतु यथा पूर्वोक्त अपेक्षाएं न्यूनतम पात्रता की हैं और सम्बद्ध ग्रेड में पदोन्नति केवल रिक्तियों की उपलब्धता पर होगी।

नोट:—उन सरकारी कर्मचारियों का वेतन, जो परिवीक्षाधीन नियुक्ति के तत्काल पहले किसी आवधिक पद के अतिरिक्त मूल रूप से स्थायी पद धारण किए हुए थे, एफ. आर. 22 क (1) के प्रावधानों तथा भारतीय नौसेना परिवीक्षाधीन व्यक्तियों को लागू सी. एस. आर. के तदनुरूपी अनुच्छेद के अधीन विनियमित किया जा सकता है।

(ज) भारतीय नौसेना रक्षा मंत्रालय में उप आयुध पूर्ति अधिकारी ग्रेड 2 के पद से सम्बद्ध कर्त्तव्यों तथा दायित्वों का स्वरूप।

(1) विविध यांत्रिक इलैक्ट्रानिकी तथा वैद्युत साधनों तथा उत्पादन तथा उत्पादकता प्रणाली वाले आयुध सामग्री की मरम्मत, आशोधन तथा अनुरक्षण से संबद्ध कार्य का प्रस्तुतीकरण, आयोजन तथा निदेशन।

(2) मरम्मत, अनुरक्षण और ओवरहाल के लिए इलैक्ट्रानिक तथा वैद्युत् उपस्करों की मशीनरी का उपलब्ध कराना।

